
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# समृद्धि न्यूज़

समृद्ध समाज का आधार

वर्ष- 11 अंक-354
लखनऊ, मंगलवार 13 अगस्त 2024
पृष्ठ- 12 मूल्य- रु 3.00
लखनऊ से प्रकाशित

samradhinewslko@gmail.com, www.samriddhisamachar.com, info@samriddhinews.com


खाद्यान्न का मुफ्त वितरण 21 तक, चयनित जिलों में बाजरा भी बंटेगा 03

जम्मू-कश्मीर प्रशासन ने प्रदेश को आत्मनिर्भर बनाया : मनोज सिन्हा 12


## आईएएस के तबादले, नियुक्ति विभाग के प्रमुख सचिव बने एम देवराज

समृद्धि न्यूज



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश की योगी आदित्यनाथ सरकार ने सोमवार को शीर्ष आईएएस अधिकारियों की तैनाती में बड़ा फेरबदल किया है। जारी सूची के मुताबिक एम. देवराज को नियुक्ति एवं कार्मिक विभाग का प्रमुख सचिव बनाया गया है, हालांकि, उनके पास जीएसटी विभाग बना रहेगा।

वहीं मोनिका गर्ग को कृषि उत्पादन आयुक्त का पद दिया गया है। इसके अलावा बीना कुमारी को झटका लगा है उन्हें महिला कल्याण और बाल विकास पुष्टाहार विभाग से हटाकर आयुष विभाग का चार्ज दिया गया है। बीना के पास आबकारी और गन्ना बना रहेगा। लीना जौहरी को एसीएस महिला कल्याण एवं बाल विकास पुष्टाहार विभाग बनाया गया है। रविन्द्र को कृषि विभाग का प्रमुख सचिव बनाया गया है। रविन्द्र नायक को सचिवालय प्रशासन के साथ पशुधन का अतिरिक्त चार्ज दिया गया है।

## रंग-बिरंगी रोशनी व पारंपरिक अंदाज में पेरिस ओलंपिक 2024 का समापन

### समापन समारोह में भारतीय दल की अगुवाई मनु भाकर और पीआर श्रीजेश ने की, 2028 में लॉस एंजिल्स में होगा अगला ओलंपिक

**टॉम क्रूज के ओलंपिक झंडे के साथ जहाज से कूदने के स्टंट ने दर्शकों में भरा रोमांच**

एजेंसी



**पेरिस।** लॉस एंजिल्स 2028 में मिलने के वादे के साथ पेरिस ओलंपिक खेल 2024 के समापन समारोह की शुरुआत फ्रांस के तैराक लियोन मार्चेंड ने ओलंपिक फ्लेम बुझाकर की और आखिर में हॉलीवुड स्टार टॉम क्रूज ओलंपिक झंडे के साथ हवाई जहाज से कूदने स्टंट ने दर्शकों में रोमांच भर दिया।

रविवार देर रात करीब 80 हजार दर्शकों की मौजूदगी में स्टेड डी फ्रांस स्टेडियम में पारंपरिक अंदाज, रेड हॉट चिली पेपर्स के संगीत की धुन और रंग-बिरंगे रोशनी से जगमगाहट, आतिशबाजी, कला और नृत्य के साथ समापन समारोह संपन्न हुआ। समारोह में लॉस एंजिल्स 2028 ओलंपिक के अगले आयोजन की जिम्मेदारी सौंपी गई। पिछले दो हफ्तों से अपनी पूरी जिदगी की मेहनत लगाने वाले खिलाड़ियों ने अपने-अपने देशों की परेड में हिस्सा लिया। भारतीय दल की अगुवाई मनु भाकर और पीआर श्रीजेश ने की। भारत के 'वॉल ऑफ इंडिया' कहे जाने वाले श्रीजेश ने इन खेलों में भारत की कांस्य पदक जीत के साथ हॉकी से शानदार तरीके से संन्यास लिया। भारत ने कांस्य पदक के मैच में स्पेन के खिलाफ 2-1 से जीत हासिल की जिसमें श्रीजेश ने स्पेन के कई प्रयासों को विफल करके शानदार प्रदर्शन किया तथा ब्रिटेन के खिलाफ क्वार्टरफाइनल शूट-आउट में उनके शानदार बचाव ने मैदान पर 10 खिलाड़ियों के साथ खेल रही भारतीय टीम को मैच में बने रहने में मदद की। मनु भाकर ने खेलों के एक ही संस्करण में दो पदक जीतने वाले पहली भारतीय एथलीट बनकर इतिहास रच दिया। उन्होंने 10 मीटर एयर पिस्टल स्पर्धा में कांस्य पदक जीता और बाद में सरबजोत सिंह के साथ 10 मीटर एयर पिस्टल मिश्रित टीम स्पर्धा में एक और कांस्य पदक हासिल किया।

### मोदी ने पेरिस ओलंपिक के समापन पर भारतीय दल की सराहना की



**नयी दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने फ्रांस के पेरिस में आयोजित ओलंपिक के समापन पर भारतीय दल के प्रयासों की सराहना की। उन्होंने भारतीय एथलीटों को नायक बताते हुए उनके भविष्य के प्रयासों के लिए शुभकामनाएं दीं। प्रधानमंत्री ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर पोस्ट किया, पेरिस ओलंपिक के समापन पर, मैं खेलों के माध्यम से पूरे भारतीय दल के प्रयासों की सराहना करता हूं। सभी एथलीटों ने अपना सर्वश्रेष्ठ दिया है और हर भारतीय को उन पर गर्व है। हमारे खेल नायकों को उनके आगामी प्रयासों के लिए शुभकामनाएं।

## संक्षिप्त समाचार

### 11 अगस्त तक शुद्ध प्रत्यक्ष कर संग्रह 22.48 प्रतिशत बढ़ा

**नयी दिल्ली।** चालू वित्त वर्ष में 11 अगस्त तक शुद्ध प्रत्यक्ष कर संग्रह 692987 करोड़ रुपये रहा है जो पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि के 565815 करोड़ रुपये की तुलना में 22.48 प्रतिशत अधिक है। केन्द्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड (सीबडीटी) द्वारा आज जारी आंकड़ो के अनुसार इस अवधि में सकल प्रत्यक्ष कर संग्रह 813170 करोड़ रुपये रहा है जो पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि के 655843 करोड़ रुपये की तुलना में 23.99 प्रतिशत अधिक है। चालू वित्त वर्ष में अब तक 120183 करोड़ का रिफंड किया गया है जो पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि के 90028 करोड़ रुपये की तुलना में 33.49 प्रतिशत अधिक है।

### शंभू बॉर्डर पर दोनों साइड से खुलेगी एक-एक लेन : कोर्ट

**चंडीगढ़।** शंभू बॉर्डर खोलने के मामले में सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई हुई है। कोर्ट ने शंभू सीमा पर सड़कों को आंशिक रूप से फिर से खोलने के लिए पंजाब, हरियाणा के डीजीपी को आसपास के जिलों के एसपी के साथ एक सप्ताह में बैठक करने का निर्देश दिया है। शंभू बॉर्डर को खोलने संबंधी मामले में हरियाणा सरकार ने पंजाब एवं हरियाणा हाई कोर्ट को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी हुई है। सोमवार को कोर्ट में इस मामले पर सुनवाई हुई। पंजाब और हरियाणा सरकार ने मामले में अलग कमेटी बनाने के लिए अदालत में नाम दिए हैं। सुप्रीम कोर्ट ने शंभू बॉर्डर को आंशिक रूप से खोलने को कहा है। एंबुलेंस, सीनियर सिटीजन्स, महिलाओं, छात्रों आदि के लिए हाइवे खोलने के आदेश दिया। अदालत ने कहा कि दोनों साइड से एक–एक लेन खुलेगी। अगली सुनवाई सुप्रीम कोर्ट 22 अगस्त को करेगा।

### जल निगम ग्रामीण के भवन के भूतल का उद्घाटन

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश जल निगम (ग्रामीण) के प्रधान कार्यालय के प्रशासनिक भवन के नवीनीकृत भू–तल का जलशक्ति मंत्री स्वतंत्रदेव सिंह ने उद्घाटन किया। जलशक्ति मंत्री ने भू–तल पर बने बैठक कक्ष में लगे सक्रीन पर अभी तक के कार्यो को देखकर सराहना की। उत्तर प्रदेश जल निगम (ग्रामीण) के संयुक्त प्रबंध निदेशक प्रशासन डॉ.राजेश कुमार प्रजापति ने जलशक्ति मंत्री का स्वागत किया। इस अवसर पर जलशक्ति मंत्री स्वतंत्रदेव सिंह ने जल जीवन मिशन के फेज वन व फोर के जनपदों के कार्यों की समीक्षा की। जल जीवन मिशन के कार्यों की धीमी गति पर जलशक्ति मंत्री ने असंतोष जाहिर किया। उद्घाटन कार्यक्रम में मुख्य रूप से प्रमुख सचिव एवं अध्यक्ष उप्र जल निगम ग्रामीण अनुराग श्रीवास्तव, नमामि गंगे के सचिव डॉ.र ाजशेखर समेत विभागीय निदेशक गण और तमाम अधिकारी उपस्थित रहे।

### एक्टर राजपाल यादव की करोड़ों की प्रापॅर्टी सीज

**मुंबई।** बॉलीवुड एक्टर राजपाल यादव की करोड़ों की संपत्ति को बैंक ने सीज कर दिया है। यह मामला साल 2012 में रिलीज हुई एक्टर की फिल्म 'अता पता लापता' से जुड़ा हुआ है। इस फिल्म को राजपाल ने डायरेक्ट किया था वहीं उनकी पत्नी राधा यादव इसकी प्रोड्यूसर थीं। फिल्म के लिए राजपाल ने सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया मुंबई की बांद्रा ब्रांच से 5 करोड़ का लोन लिया गया था। अब लोन न चुका पाने के कारण उनकी शाहजहांपुर में सेठ एनक्लेव स्थित करोड़ो की संपत्ति को बैंक ने सीज कर दिया है। मुंबई से सेंट्रल बैंक आफ इंडिया के अधिकारी 2 दिन पहले ही शाहजहांपुर पहुंचे थे।

# खेतों में जमी सिल्ट को हटाने के लिए किसानों को मिली सहायता धनराशि

**सीएम योगी ने बाढ़ प्रभावित इलाकों के किसानों को दी राहत**

समृद्धि न्यूज



**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बाढ़ प्रभावित इलाकों के किसानों को बड़ी राहत दी है। उन्होंने पहली बार बाढ़ की वजह से खेतों में जमी सिल्ट को हटाने के लिए किसानों को सहायता धनराशि देकर नया कीर्तिमान स्थापित किया है। यह यूपी के इतिहास में पहली बार है जब किसी मुख्यमंत्री ने खेतों से सिल्ट हटाने के लिए किसानों को मुआवजा दिया है।

सीएम योगी की इस पहल का किसानों ने स्वागत करते हुए खुशी जाहिर की। बाढ़ प्रभावित लखीमपुर खीरी के 311 किसानों को सिल्ट हटाने के लिए 32 लाख से अधिक का मुजावआ भी दिया जा चुका है। इस पर लाभार्थियों ने सीएम योगी का आभार जताते हुए उन्हें अपना मसीहा बताया और राहत कार्यों की जमकर तारीफ की है। राहत आयुक्त जीएस नवीन ने बताया कि उत्तर प्रदेश आपदा की दृष्टि से काफी संवेदनशील है। यही वजह है कि मुख्यमंत्री ने पिछले साढ़े सात वर्षों में आपदा के न्यूनीकरण की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाये हैं। साथ ही, वह आपदा प्रभावितों की हर संभव मदद के लिए अलर्ट भी रहते हैं। उन्होंने पिछले साढ़े सात वर्षों में आपदा प्रभावितों की मदद के लिए कई प्राकृतिक घटनाओं को आपदा में शामिल किया। इसी के तहत उत्तर प्रदेश में पहली बार बाढ़ से खेतों में जमी सिल्ट को हटाने के लिए किसानों को मुआवजा दिया गया। आपदा गाइडलाइन के अनुसार बाढ़ से जिन किसानों के खेतों में रेत या गाद निक्षेप की मोटाई तीन सेंटीमीटर से अधिक होती है, उन्हें सिल्ट होने के लिए मुआवजा दिया जाता है। उक्त किसानों को 18 हजार रुपये प्रति हेक्टेयर तथा न्यूनतम 2,200 रुपये प्रति किसान की दर से मुआवजा दिया जाता है। ऐसे में, सीएम योगी की मंशा के अनुरूप प्रदेश में पहली बार इस वित्तीय वर्ष में लखीमपुर खीरी के किसानों को खेतों से सिल्ट हटाने के लिए मुआवजा दिया गया है। लखीमपुर की जिलाधिकारी दुर्गा शक्ति नागपाल ने बताया कि शासन की गाइडलाइन के अनुसार जिले के 311 किसानों को खेतों से सिल्ट हटाने के लिए 32, 55, 872 रुपये की धनराशि वितरित की गई है। इसमें, लखीमपुर के 105 किसानों को 36.7841 हेक्टेयर क्षेत्रफल से सिल्ट हटाने के लिए 6,75,941 रुपये की धनराशि वितरित की गई। निघासन तहसील के 42 किसानों को 25.8283 हेक्टेयर क्षेत्रफल से सिल्ट हटाने के लिए 4,72,407 रुपये तथा धौरहरा तहसील के 39 किसानों को 34.1252 हेक्टेयर क्षेत्रफल से सिल्ट हटाने के लिए 6,11,060 रुपये जारी किये गये हैं। गोला तहसील के 81 किसानों को 49.3897 हेक्टेयर क्षेत्रफल से सिल्ट हटाने के लिए 9,06,691 रुपये तथा पलिया तहसील के 44 किसानों को 32.7652 हेक्टेयर क्षेत्रफल से सिल्ट हटाने के लिए 5,89,773 रुपये सहायता धनराशि के रूप में दिये गये।

### हर गांव में शुद्ध पेयजल की व्यवस्था जल्द से जल्द लागू हो : मुख्यमंत्री

**सभी गांवों में शुद्ध पेयजल की व्यवस्था को पूरा करने के निर्देश**

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को जल जीवन मिशन से संबंधित महत्वपूर्ण बैठक की। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश देते हुए कहा कि जल्द से जल्द प्रदेश के सभी गांवों में शुद्ध पेयजल देने की व्यवस्था को पूरा किया जाए। उन्होंने कहा कि पाइप लाइन बिछाने के साथ ही उसके संचालन और मेंटेनेंस को लेकर भी समुचित व्यवस्था होनी चाहिए। जल जीवन मिशन में हर घर शुद्ध पेयजल पहुंचाने के कार्य में प्लबंर की भूमिका को सबसे महत्वपूर्ण बताते हुए मुख्यमंत्री ने इनकी समुचित ट्रेनिंग के लिए अधिकारियों को निर्देशित किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि जल जीवन मिशन में उपयोग की जा रही सामग्री उच्च क्वालिटी के हो, इस बात को सुनिश्चित किया जाए। पाइप, नल आदि की क्वालिटी अच्छी से अच्छी हो। साथ ही टोंटी चोरी होने और खराब होने पर तत्काल नई टोंटी की व्यवस्था कराई जाए। अधिकारियों ने इस दौरान मुख्यमंत्री को बताया कि प्रदेश में 02 करोड़ 63 लाख से अधिक हाउसहोल्ड के लिए शुद्ध पेयजल की व्यवस्था की जा रही है, जिसमें 01 लाख 60 हजार करोड़ रुपये लागत आ रही है।

## सिद्धेश्वरनाथ मंदिर भगदड़ में आठ कांवड़ियों की मौत, 30 लोग गंभीर

एजेंसी

**जलाभिषेक के लिए उमड़ी थी श्रद्धालुओं की भारी भीड़**

**जहानाबाद।** बिहार के जहानाबाद जिले के मखदुमपुर थाना क्षेत्र में सावन के चौथे सोमवार को श्रावणी मेले के दौरान बाबा सिद्धेश्वरनाथ मंदिर में हुयी भगदड़ में छह महिला समेत आठ लोगों की दबकर मौत हो गयी तथा 30 अन्य घायल हो गये। पुलिस सूत्रों ने सोमवार को यहां बताया कि चौथी सोमवारी पर बराबर पहाड़ पर बाबा सिद्धेश्वरनाथ मंदिर में जलाभिषेक के लिए रविवार देर रात श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी थी। इस दौरान हुयी भगदड़ में छह महिला समेत आठ लोगों की दबकर मौत हो गयी तथा 30 अन्य गंभीर रुप से घायल हो गये।

सूत्रों ने बताया कि मृतकों की पहचान पटना जिले के मसौढ़ी थाना क्षेत्र के गेल्ह विगहा निवासी राजू कुमार की पत्नी सुशीला देवी (42), शिवशंकर नगर निवासी राकेश कुमार की पत्नी किरण कुमारी (24), गया जिले के टेकारी थाना क्षेत्र के मउ बाजार निवासी निवासी पूनम देवी (35), जहानाबाद जिले के मखदुमपुर थाना क्षेत्र के लडौआ गांव निवासी निशा कुमारी (20), परसबिगहा थाना क्षेत्र के खगडीया विगहा निवासी निशा देवी (32), पाली थाना क्षेत्र के महादेवपुर गांव निवासी बबीता कुमारी (42) और नालंदा जिले के इस्लामपुर थाना क्षेत्र के मुबारकपुर गांव निवासी प्यारे पासवान (35) के रूप में की गयी है। घायलों को मखदुमपुर रेफरल अस्पताल और जहानाबाद सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है। गंभीर रूप से घायल दो लोगों को पटना मेडिकल कॉलेज अस्पताल (पीएमसीएच) में भर्ती कराया गया है। घटना की जानकारी के बाद पुलिस और प्रशासन की टीम मौके पर पहुंचकर राहत और बचाव में जुट गई है। शवों को पोस्टमॉर्टम के लिये भेज दिया गया है। उल्लेखनीय है कि 05 अगस्त को सावन की तीसरी सोमवारी को बिहार में वैशाली जिले के औद्योगिक थाना क्षेत्र में बिजली का करंट लगने से नौ कांवरिया की मौत हो गयी थी तथा तीन अन्य झुलस गये थे।

## भारत-बांग्लादेश समुद्री सीमा पर कोस्ट गार्ड ने बढ़ाई निगरानी, चेकिंग तेज

एजेंसी

**बांग्लादेशियों के समुद्र मार्ग से ओडिशा में दाखिल होने की संभावना**

**नयी दिल्ली।** बांग्लादेश में मौजूदा संकट के मद्देनजर भारतीय तटरक्षक बल ने भी बड़े कदम उठाए हैं। भारत-बांग्लादेश समुद्री सीमा पर कोस्ट गार्ड ने निगरानी बढ़ाकर हर नाव की चेकिंग के आदेश दिए हैं। सुंदरबन क्रीक क्षेत्रों में आईसीजी के जहाजों और इंटरसेप्टर नौकाओं से गश्त की जा रही है। किसी भी अवैध गतिविधि के लिए भारत के करीबी तटों पर राडार स्टेशन 24 घंटे निगरानी कर रहे हैं।

भारतीय तटरक्षक बल के उप महानिदेशक (संचालन और तटीय सुरक्षा) अनुपम राय ने बताया कि बांग्लादेश में राजनीतिक अशांति के बाद भारतीय तटरक्षक बल ने अंतरराष्ट्रीय समुद्री सीमा रेखा पर अपनी गश्त और निगरानी बढ़ा दी है। किसी भी शत्रुतापूर्ण कार्रवाई और अवैध घुसपैठ रोकने के लिए सुरक्षा बढ़ाकर दो से तीन जहाज तैनात किए हैं। सुंदरबन क्रीक क्षेत्रों में जहाजों और इंटरसेप्टर नौकाओं से गश्त की जा रही है। हमारे पास हल्दिया, पारादीप और गोपालपुर में तटीय निगरानी राडार स्टेशन हैं, जिनसे किसी भी अवैध गतिविधि के लिए भारत के करीबी तटों पर 24 घंटे निगरानी कर रहे हैं। हालांकि, अब तक कोई अवैध गतिविधि नहीं देखी गई है।

## देशभर के रेजिडेंट डॉक्टर अनिश्चितकालीन हड़ताल पर

### कोलकाता के एक अस्पताल में महिला रेजिडेंट डॉक्टर के साथ दुष्कर्म और उसकी हत्या के विरोध में आक्रोश




एजेंसी

**नयी दिल्ली।** पश्चिम बंगाल की राजधानी कोलकाता के एक अस्पताल में एक महिला रेजिडेंट डाक्टर के साथ दुष्कर्म और उसकी हत्या के विरोध में सोमवार से देशभर के सरकारी अस्पतालों के रेजिडेंट डाक्टर अनिश्चितकालीन हड़ताल पर हैं।

हड़ताल का आयोजन फेडरेशन आफ आल इंडिया रेजिडेंट डाक्टर एसोसिएशन ने किया है। रेजिडेंट या जूनियर डाक्टरों की अनिश्चितकालीन हड़ताल को देखते हुए देश के सभी सरकारी अस्पतालों ने व्यापक प्रबंध किये हैं जिससे आपातकालीन सेवायें बाधित नहीं हो। सभी वरिष्ठ डाक्टरों के अवकाश और दौरे रद्द कर दिये गये हैं और उन्हें संबंधित अस्पतालों के विभागों में पहुंचने को कहा गया है। राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली के राम मनोहर लोहिया अस्पताल से मिली जानकारी के अनुसार ओपीडी, आपरेशन और अन्य सेवाओं को बहाल रखने के लिए उचित उपाय किये हैं। लोक नायक अस्पताल और सफदरजंग अस्पताल में ओपीडी, वैकल्पिक सर्जरी और वार्ड सेवा पूरी तरह से बंद नहीं होंगी। सफदरजंग अस्पताल में मेडिकल ऑफिसर, जनरल ड्यूटी मेडिकल ऑफिसर, विशेषज्ञ काम करेंगे। शिक्षकों को भी काम करने के लिए कहा गया है।

### जांच पूरी नहीं हुई तो सीबीआई को सौंपेंगे मामला : ममता



**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने आरजी कर मेडिकल कॉलेज और अस्पताल में एक महिला डॉक्टर के साथ हुई बलात्कार और हत्या के मामले में पुलिस को जांच जल्द से जल्द पूरा करने का निर्देश दिया है। उन्होंने रविवार तक जांच पूरी नहीं होने पर मामले को सीबीआई को सौंपने की चेतावनी दी है। आरजी कर अस्पताल की चौथी मंजिल के सेमिनार हॉल में शुक्रवार को एक महिला डॉक्टर के साथ बलात्कार कर हत्या करने की घटना सामने आई। हालांकि, इस घटना के बाद पुलिस ने आरोपित को गिरफ्तार कर लिया है और जांच जारी है।

## अलीगढ़ जंक्शन स्टेशन पर 16 से रुकेगी अयोध्या कैंट वंदे भारत ट्रेन

**लखनऊ।** सर्व संबंधित को सूचित किया जाता है कि रेलयात्रियों की सुविधा के लिए रेलवे ने रेलगाड़ी संख्या 22425/22426 अयोध्या कैंट-आनन्द विहार टर्मिनल- अयोध्या कैंट वंदे भारत एक्सप्रेस को 16 अगस्त से अलीगढ़ जंक्शन स्टेशन पर प्रयोगिक आधार पर निम्नानुसार ठहराव प्रदान करने का निर्णय किया है। 22426 आनन्द विहार टर्मिनल- अयोध्या कैंट वंदे भारत एक्सप्रेस सुबह 07.30 बजे जबकि 22425 अयोध्या कैंट- आनन्द विहार टर्मिनल वंदे भारत एक्सप्रेस रात्रि 09.33 बजे अलीगढ़ जंक्शन पर रुकेगी 7 दोनों दिशाओं मे यह ठहराव दो-दो मिनट के लिए होगा।

**रैंकिंग**

**केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने इंडिया रैंकिंग 2024 जारी की**

## भारतीय विज्ञान संस्थान बेंगलुरु नौवें वर्ष विश्वविद्यालय श्रेणी में शीर्ष पर

एजेंसी



**नई दिल्ली।** केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने सोमवार को इंडिया रैंकिंग 2024 जारी की। 2015 में शिक्षा मंत्रालय राष्ट्रीय संस्थागत रैंकिंग फ्रेमवर्क (एनआईआरएफ) को लागू करने के लिए रैंकिंग की शुरुआत की गई थी।

केन्द्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान ने कहा कि रैंकिंग, रेटिंग और मान्यता राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) 2020 की एक महत्वपूर्ण सिफारिश है। यह खुशी की बात है कि एनआईआरएफ रैंकिंग एनईपी की भावना को गहराई से दर्शाती है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि किसी शैक्षणिक संस्थान की गुणवत्ता, प्रदर्शन और ताकत जानना छात्रों और अभिभावकों का अधिकार है। इसलिए देश के सभी 58 हजार उच्च शिक्षा संस्थानों को रैंकिंग और रेटिंग ढांचे के तहत आना चाहिए। प्रधान ने कहा कि रोजगार योग्यता और कौशल प्राथमिकता है। उन्होंने यह भी कहा कि हमारे रैंकिंग तंत्र में एक पैरामीटर के रूप में कौशल को भी शामिल किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि हमें शिक्षा के अमूर्त पहलुओं को रैंकिंग ढांचे में लाने के लिए तंत्र तैयार करना चाहिए।

वहीं 2024 में पहली बार शुरू की गई राज्य सार्वजनिक विश्वविद्यालयों की श्रेणी में अन्ना विश्वविद्यालय, चेन्नई शीर्ष पर है। इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय (इग्नू), नई दिल्ली 2024 में पहली बार शुरू की गई मुक्त विश्वविद्यालय श्रेणी में शीर्ष पर है। भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान, कानपुर इनोवेशन श्रेणी में शीर्ष पर है। सिम्बायोसिस स्किल एंड प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी (एसएसपीयू), पुणे इस साल पहली बार स्किल यूनिवर्सिटी श्रेणी में शीर्ष पर है।

### भारत रैंकिंग 2024- कौन रहा किस स्थान पर

भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान मद्रास ने लगातार छठे वर्ष समग्र श्रेणी में अपना पहला स्थान बरकरार रखा है। समग्र श्रेणी में शीर्ष 100 में 23 राज्य सार्वजनिक विश्वविद्यालय, 22 निजी डीम्ड विश्वविद्यालय, 16 आईआईटी, 9 एनआईटी, 7 प्रत्येक केंद्रीय विश्वविद्यालय, 7 निजी विश्वविद्यालय, 4 प्रत्येक एम्स, आईआईएसईआर और सरकारी डीम्ड विश्वविद्यालय, 3 अन्य सीएफटीआई और 1 कॉलेज हैं। भारतीय विज्ञान संस्थान, बेंगलुरु लगातार नौवें वर्ष विश्वविद्यालय श्रेणी में शीर्ष पर है। प्रबंधन विषय में आईएम अहमदाबाद ने लगातार पांचवें साल अपना पहला स्थान बरकरार रखते हुए शीर्ष स्थान हासिल किया है अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स), नई दिल्ली लगातार सातवें वर्ष मेडिकल में शीर्ष स्थान पर है जामिया हमदर्द, नई दिल्ली इस साल फार्मेसी में रैंकिंग में शीर्ष पर है। हिंदू कॉलेज ने पहली बार कॉलेजों में पहला स्थान हासिल किया और मिरांडा हाउस को पीछे छोड़ दिया, जिसने लगातार सात साल तक अपना पहला स्थान बरकरार रखा। आईआईटी रूड़की ने आर्किटेक्चर और प्लानिंग में लगातार चौथी बार अपना पहला स्थान बरकरार रखा है इनके अलावा नेशनल लॉ स्कूल ऑफ इंडिया यूनिवर्सिटी, बेंगलुरु ने लगातार सातवें साल लॉ में अपना पहला स्थान बरकरार रखा है। कॉलेजों की रैंकिंग में दिल्ली के कॉलेजों ने अपना दबदबा बरकरार रखा है और पहले 10 कॉलेजों में से छह कॉलेज दिल्ली के ही हैं। सविता इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल एंड टेक्निकल साइंसेज, चेन्नई लगातार तीसरे वर्ष डेंटल विषय में शीर्ष स्थान पर है। भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान, नई दिल्ली लगातार दूसरे वर्ष कृषि और संबद्ध क्षेत्रों में शीर्ष स्थान पर है।

## सीएम केजरीवाल की याचिका पर सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई होगी जल्द

एजेंसी



**नयी दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने दिल्ली आबकारी नीति कथित घोटाला मामले में मुख्यमंत्री केजरीवाल की केंद्रीय जांच ब्यूरो की ओर से गिरफ्तारी की वैधता को चुनौती देने वाली उनकी (मुख्यमंत्री) याचिका पर शीघ्र सुनवाई का सोमवार को संकेत दिया।

मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति जे बी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने विचार करने का संकेत देते हुये वरिष्ठ अधिवक्ता ए एम सिंघवी और चंद्र उदय सिंह से मामले से संबंधित एक अनुरोध ईमेल के जरिये भेजने को कहा। दोनों अधिवक्ताओं ने विशेष उल्लेख के दौरान श्री केजरीवाल का पक्ष रखते हुये उनकी याचिका को तत्काल सूचीबद्ध का अनुरोध किया था। दिल्ली उच्च न्यायालय ने श्री केजरीवाल के खिलाफ केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) की ओर से दर्ज मुकदमा रद्द करने और जमानत के लिये दायर उनकी याचिकायें पांच अगस्त को खारिज कर दी थी। न्यायमूर्ति नीना बंसल कृष्णा की एकल पीठ ने अपना आदेश सुनाते हुये कहा था कि सीबीआई के पास श्री केजरीवाल को गिरफ्तार करने का पर्यास कानूनी आधार था। न्यायमूर्ति कृष्णा ने कहा था, यह नहीं कहा जा सकता कि गिरफ्तारी बिना किसी न्यायोचित कारण के की गयी।

# किसानों को खेतों से सिल्ट हटाने के दिये गये 32,55,872 रुपये

▶ लखीमपुर खीरी के 311 किसानों को दी गई सहायता धनराशि, लाभार्थियों ने जताया सीएम का आभार

**लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज।**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बाढ़ प्रभावित इलाकों के किसानों को बड़ी राहत दी है। उन्होंने बाढ़ की वजह से खेतों में जमी सिल्ट को हटाने के लिए पहली बार किसानों को सहायता धनराशि देकर नया कीर्तिमान स्थापित किया है। यह उत्तर प्रदेश के इतिहास में पहली बार है जब किसी मुख्यमंत्री ने खेतों से सिल्ट हटाने के लिए किसानों को मुआवजा दिया है। सीएम योगी की इस पहल का किसानों ने स्वागत करते हुए खुशी जाहिर की। इसी के तहत लखीमपुर खीरी के 311 किसानों को सिल्ट हटाने के लिए 32 लाख से अधिक का मुजावआ दिया गया है। इस पर लाभार्थियों ने सीएम योगी का आभार जताते हुए उन्हें अपना मसीहा बताया। वहीं, प्रदेश के बाढ़ प्रभावितों ने योगी सरकार के राहत कार्यों की जमकर तारीफ की।



### खेत में जमी सिल्ट की मोटाई 3 सेमी होने पर दिया जा रहा मुआवजा

डीएम दुर्गाशक्ति नागपाल ने बताया कि उत्तर प्रदेश आपदा की दृष्टि से काफी संवेदनशील है। यह बात मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भली-भांति जानते हैं और इसको लेकर काफी गंभीर भी हैं। यही वजह है कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पिछले साढ़े सात वर्षों में आपदा के न्यूनीकरण की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाये हैं। साथ ही, वह आपदा प्रभावितों की हर संभव मदद के लिए अलर्ट भी रहते हैं। उन्होंने पिछले साढ़े सात वर्षों में आपदा प्रभावितों की मदद के लिए कई प्राकृतिक घटनाओं को आपदा में शामिल किया। इसी के तहत उत्तर प्रदेश में पहली बार बाढ़ से खेतों में जमी सिल्ट को हटाने के लिए किसानों को मुआवजा दिया गया। आपदा गाइडलाइन के अनुसार बाढ़ से जिन किसानों के खेतों में रेत या गाद निक्षेप की मोटाई तीन सेंटीमीटर से अधिक होती है, उन्हें सिल्ट होने के लिए मुआवजा दिया जाता है। उक्त किसानों को 18 हजार रुपये प्रति हेक्टेयर तथा न्यूनतम 2,200 रुपये प्रति किसान की दर से मुआजवा दिया जाता है।

ऐसे में, सीएम योगी की मंशा के अनुरुप प्रदेश में पहली बार इस वित्तीय वर्ष में लखीमपुर खीरी के किसानों को खेतों से सिल्ट हटाने के लिए मुआवजा दिया गया है। बता दें कि लखीमपुर खीरी की डीएम दुर्गाशक्ति नागपाल ने पहली बार किसानों को सिल्ट हटाने का मुआवजा देने की पहल कर प्रदेश के अन्य जिलाधिकारियों के लिए मिसाल पेश की है।

### लखीमपुर, निघासन, धौरहरा, गोला और पलिया तहसील के किसानों को दिया मुआवजा

लखीमपुर खीरी की जिलाधिकारी दुर्गा शक्ति नागपाल ने बताया कि शासन की गाइडलाइन के अनुसार जिले के 311 किसानों को खेतों से सिल्ट हटाने के लिए 32, 55, 872 रुपये की धनराशि वितरित की गई है।

इसमें, लखीमपुर तहसील के 105 किसानों को 36.7841 हेक्टेयर क्षेत्रफल से सिल्ट हटाने के लिए 6,75,941 रुपये की धनराशि वितरित की गई। इसी तरह, निघासन तहसील के 42 किसानों को 25.8283 हेक्टेयर क्षेत्रफल से सिल्ट हटाने के लिए 4,72,407 रुपये तथा धौरहरा तहसील के 39 किसानों को 34.1252 हेक्टेयर क्षेत्रफल से सिल्ट हटाने के लिए 6,11,060 रुपये जारी किये गये हैं। वहीं, गोला तहसील के 81 किसानों को 49.3897 हेक्टेयर क्षेत्रफल से सिल्ट हटाने के लिए 9,06,691 रुपये तथा पलिया तहसील के 44 किसानों को 32.7652 हेक्टेयर क्षेत्रफल से सिल्ट हटाने के लिए 5,89,773 रुपये सहायता धनराशि के रूप में दिये गये।

# बाबा टेंढेनाथ धाम पर दूर-दराज से आये शिव भक्तों की उमड़ी भीड़

**अमीरनगर खीरी, समृद्धि न्यूज।**

▶ भक्तों ने भांग धतूरा से की शिव की अराधना

सावन के चतुर्थ सोमवार को बाबा टेंढेनाथ धाम पर कांवडियो तथा दूर-दराज से आये शिव भक्तो की भीड़ उमड़ी मंदिर का पूरा वातावरण हर-हर महादेव के जयघोष से गूंज उठा। सूर्योदय से पूर्व ही बाबा टेंढे नाथ धाम पर कांवड़ियो तथा शिव भक्तो का पहुंचना शुरू हो गया था। भक्तो ने बेलपत्र,फूल,भांग,धतूरा,चंदन,दूध, और अक्षत से भगवान भोलेनाथ की पूजा अर्चना की। धाम पर पूरे दिन मंदिर मे शिव भक्तो की भीड़ रही। बाबा टेढेनाथ मंदिर मे सुबह से ही कांवडियों की लम्बी-लम्बी कतारे लग गयी थीं।जिनको नियंत्रित करना पुलिस तथा सेवादारों के लिए चुनौती बन गई थी।शिव भक्तो ने जलाभिषेक कर भगवान भोले नाथ की पूजा अर्चना कर मनोकामनायें मांगी।यहां दिन भर दूर- दराज से आये शिव भक्तो के आने जाने का शिलशिला जारी रहा । बाबा टेंढे नाथ धाम के अलावा ग्रामीण क्षेत्र के शिवालय भी हर-हर महादेव के जयकारो से गूंजे। चतुर्थ सोमवार को धाम पर जलाभिषेक के लिये दूर-दूर से आने वाले कांवड़ियो का शिलशिला भी जारी रहा जो पूरे सावन माह चलेगा। चतुर्थ सोमवार को बड़ी संख्या मे धाम पर कांवडियों के जत्थे जलाभिषेक करने के लिए पहुंचें है।

# छात्राओं को नशा मुक्ति की दिलाई शपथ

**लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज।**



भगवानदीन आर्य कन्या महाविद्यालय में शासन के निर्देशानुसार प्राचार्य प्रोफेसर गीता शुक्ला ने छात्राओं को नशा मुक्ति की शपथ दिलाई। एन सी सी कैडेट साक्षी श्रीवास्तव ने नशा से बचने के उपाय का उल्लेख किया। एन एस एस छात्रा दीपमाला ने गीत के माध्यम से समाज को नशा मुक्ति का संदेश दिया।

उद्बोधन में प्राचार्य ने कहा कि युवा शक्ति को नशा मुक्ति करना एवं अपने कल्याण के लिए प्रेरित करना ही हम सभी शिक्षकों का उत्तरदायित्व है। समाज में जन जागरूकता ला करके एवं शिक्षा को बढ़ावा देकर के नशा मुक्ति की दिशा में आगे बढ़ सकते हैं।कार्यक्रम में सभी शिक्षकों ने नशा मुक्ति संवाद में परिचर्चा की। एन सी सी, एन एस एस एवं महाविद्यालय कि 140 छात्राओं ने प्रतिभाग किया। कार्यक्रम का संचालन सविता शुक्ला एवं आभार श्रीमती विमलेश ने किया।हिंदी विभागध्यक्ष प्रो सुशीला देवी के संयोजन में गोस्वामी तुलसी जयंती समारोह का आयोजन किया गया। गोस्वामी तुलसीदास विश्व कवि हैं। प्राचार्य प्रो गीता शुक्ला ने अध्यक्षीय उद्बोधन में कहा की गोस्वामी तुलसीदास विश्व कवि हैं, उनका समस्त साहित्य शिक्षाप्रद एवं अनुकरणीय है। प्रोफेसर सुशीला देवी मानवता के पोषक समन्वय वादी कवि गोस्वामी तुलसीदास पर अपने विचार व्यक्त किये। निधि वर्मा ने काव्य पाठ, गौसिया फातिमा ने तुलसी कि नारी भावना पर वक्तव्य, काव्या सोनी ने राम स्तुति, छवि शुक्ला ने तुलसी के दोहे का पाठ किया।

▶ गीत के माध्यम से समाज को नशा मुक्ति का दिया संदेश

# चारागाह में लहलहा रही फसल, सूखा भूसा खा रही गौ

**धौरहरा खीरी, समृद्धि न्यूज।**

ईसानगर ब्लॉक के गैसापुर में एक वर्ष पहले बनी गौशाला में मौजूद गायें सूखा भूसा खाकर जीवन यापन कर रही है। वही पड़ोस में ही स्थित चारागाह के लिए पड़ी करीब चार बीघा जमीन पर ग्राम पंचायत अधिकारी समेत अन्य जिम्मेदारों ने चारे की पैदावार न करवाकर ब्रांडेड धान की फसल रोपित करवा कर चुप्पी साध ली।

जिसको लेकर ग्रामीणों ने ब्लॉक के अधिकारियों को अवगत कराया तो वह भी इसका ध्यान देना मुनासिब नहीं समझे। वही गौशाला में मौजूद गायों की दुर्दशा देख ग्रामीणों ने अब डीएम से शिकायत करने की तैयारी शुरू कर दी है। ईसानगर ब्लॉक के गैसापुर गांव में एक वर्ष पूर्व बनाई गई गौशाला में अजीबोग़रीब मामला



सामने आया है,जहां मौजूद गायें सूखा भूसा खाकर अपना जीवन यापन करने को विवश है।वही ग्राम पंचायत अधिकारी सुरेंद्र कुमार शाहू समेत अन्य जिम्मेदारों ने चारागाह के लिए पड़ी जमीन पर हरे चारे की बुवाई न करवाकर ब्रांडेड धान की फसल अपने ही नजदीकी मूलचंद से रोपित करवा दी। जिसकी जानकारी गांव में रहने वाले वकील सुरेंद्र कुमार आजाद,राकेश आदि ने ब्लॉक के अधिकारियों को दी पर वहाँ से भी इस ओर ध्यान नहीं दिया गया। जिसको लेकर पेशे से वकालत कर रहे सुरेंद्र कुमार आजाद,राकेश व शिवराज आदि ने मामले की शिकायत मंगलवार को जिला अधिकारी से करने तैयारी शुरू कर दी है।

वही इस बाबत एडवोकेट सुरेंद्र कुमार आजाद ने बताया कि चारागाह पर जैसे ही गांव के मूलचंद के द्वारा धान की फसल रोपित की गई थी,उसी समय उन्होंने ग्राम पंचायत अधिकारी समेत ब्लॉक के अधिकारियों को इसके संबंध में अवगत कराया था,पर किसी ने ध्यान नहीं दिया तो अब इसकी शिकायत मंगलवार को डीएम से करने जायेगे।

# विद्यालयों में जलभराव, ग्राम प्रधान नहीं दे रहे है ध्यान

**पसगवां खीरी, समृद्धि न्यूज।**

▶ पानी भरने के कारण बच्चों की पढ़ाई भी हो रही है बाधित

स्कूलों की दशा सुधरने के बजाय बिगड़ती जा रही है। बरसात के मौसम पसगवॉ विकास खण्ड के दर्जनों गांव में बारिश का पानी परिषदीय विद्यालय में घुसने के कारण बच्चों को काफी मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है।स्कूल में पानी भरने के कारण बच्चों की पढ़ाई भी बाधित हो रही है। ग्रामीणों का कहना है कि स्कूलो में पानी भर गया है अब बच्चों की पढ़ाई पूरी तरीके से बाधित हो रही है। स्कूलों में पानी भरने की सूचना ग्राम प्रधान को भी दी गई थी लेकिन अभी तक कोई भी समाधान नहीं हुआ है। इसके अलावा संविलियन विद्यालय रामपुर ग्रांट के अध्यापक ने बताया है कि विद्यालय में जल भराव की समस्या को कई बार ग्राम प्रधान को भी बताया लेकिन उनके द्वारा अभी तक की समस्या का कोई भी समाधान नहीं किया गया है विद्यालय परिसर में जल भराव होने के कारण बच्चे कीचड़ में गिरकर चोटिल भी होते रहते हैं। लगभग यही हालत अन्य विद्यालयों की भी है।

बरसात के पानी से संविलियन विद्यालय रामपुर ग्रंट प्राथमिक विद्यालय,सहिजना, फरीदापुर, उच्च प्राथमिक विद्यालय मोहम्मदपुर नाजिर, प्राथमिक विद्यालय नेवादा आदि दर्जनों विद्यालय बरसात के पानी से हो रहे जल भराव से ग्रसित है।

# भ्रष्टाचार के चलते छह माह पहले बनी रोड हुई जर्जर

**निघासन खीरी, समृद्धि न्यूज।**

▶ रकेहटी से सिंगाही जाने के लिए वायां निघासन 15 किलोमीटर पड़ता है

निघासन इलाके में रकेहटी से ढखेरवा खालसा को जाने वाले संपर्क मार्ग को करीब छह माह पहले लोक निर्माण विभाग द्वारा कार्यदाई संस्था के माध्यम से सड़क का निर्माण कराया गया था, जो भारी भ्रष्टाचार के चलते भेंट चढ़ गई। जिससे पीडब्ल्यूडी लखीमपुर द्वारा कार्यदाई संस्था के माध्यम से रकेहटी चौराहे से ढखेरवा खालसा के लिए करीब तीन किलोमीटर लंबी सड़क पर डामरी करण का कार्य लगभग 6 माह पहले किया गया था, जो कुछ दिन भी नही चल पाई, जिसमे भारी भ्रष्टाचार के चलते पूरी सड़क टूट कर ध्वस्त हो गई है, जिससे ग्रामीणों में काफी रोष है। ढखेरवा खालसा के पूर्व प्रधान मनोज पांडे का कहना है कि बहुत मांग करने के बाद रकेहटी ढखेरवा खालसा के संपर्क मार्ग का जीर्णोद्धार किया गया था, जो विभाग की लापरवाही के चलते कार्यदायी संस्था द्वारा भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ा दिया गया है।

रकेहटी निवासी पूर्व प्रधान अजय कुमार गुप्ता बताते हैं कि रकेहटी से सिंगाही जाने के लिए वायां निघासन 15 किलोमीटर पड़ता है, जबकि रकेहटी से ढखेरवा खालसा होते हुए मात्र 10 किलोमीटर ही पड़ता है।

### आप देश के भविष्य हो, स्वच्छता मिशन की क्या आवश्यकता आप अच्छे से जानते हैं: नोडल अधिकारी

# अंतरर्राष्ट्रीय युवा दिवस पर हुआ पुरस्कार वितरण कार्यक्रम




**सिंगाही खीरी, समृद्धि न्यूज।**

स्वच्छता सर्वेक्षण के सर्वे में नगर पंचायत अव्वल लाने और कस्बे को साफ सुन्दर बनाने के लिए नगर पंचायत कई तरह की गतिविधियां आयोजित कर रही हैं।

इसी के तहत स्कूली छात्र छात्राओं के लिए स्वच्छ सारथी क्लब की और से प्रतियोगिता आयोजित की गई थी। जिसमे राजा प्रताप विक्रम शाह इंटर कालेज में शिवानी सोनी ने प्रथम प्रशांत वर्मा द्वितीय कामिनी कार्गो ने तृतीय स्थान प्राप्त किया था। अंजुमन इस्लामियां स्कूल में जेबा ने पहला आफरीन बानो ने दूसरा व नाजरीन बानो ने तीसरा स्थान हासिल किया था। भोजराज पन्त कन्या विद्यालय में आरुषि ने प्रथम स्थान गुड्डी कश्यप ने दूसरा स्थान और नेहा ने तीसरा स्थान प्राप्त किया था।

सोमवार को तीनों स्कूलों में अंतरराष्ट्रीय युवा दिवस पर प्रतियोगिता के पुरुस्कार वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें चेयरमैन मोहम्मद क़य्यूम ने विजेता छात्र-छात्राओं को कप, प्रमाण पत्र व पुरुस्कार वितरण किए गए। इस दौरान नगर पंचायत चेयरमैन ने कहा कि क़स्बे को स्वच्छ साफ रखने की जिम्मेदारी नगर पंचायत की ही नहीं बल्कि आमजन की भी हैं। जनता को भी स्वच्छता का ध्यान रख अपने आसपास स्वच्छता बनाएं रखना जरूरी हैं।

इस दौरान स्वच्छ सारथी क्लब के नोडल अधिकारी ने विद्यार्थियों से कहा कि आप देश के भविष्य हो, स्वच्छता मिशन की क्या आवश्यकता आप अच्छे से जानते हैं।

जिस तरह हम घर की साफ-सफाई का ध्यान रखते हैं, उसी तरह कस्बे की स्वच्छता का भी ध्यान रखना होगा। इस दौरान डॉ एन यू खान, मदन गोपाल वर्मा, दीप शाह, सहित स्कूल टीचर्स मौजूद रहे।

# सड़क दुर्घटना में बाइक सवार युवक की मौके पर मौत

**लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज।**



ओवरलोड मौरंग भरी ट्रक से हुआ हादसा

शारदानगर थाना क्षेत्र के कोठिया गांव के पास एक युवक बाइक पर सवार होकर अपने खेत को जा रहा था, तभी एक तेज रफ्तार मौरंग भरी ट्रक ने बाइक सवार युवक को जोरदार टक्कर मार दी, जिससे बाइक सवार युवक की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई, घटना की सूचना मिलते ही घटना स्थल पर भीड़ जमा हो गई, सूचना मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया, परिजन रोते बिलखते घटना स्थल पर पहुंच गए, मौके पर मौजूद ग्रामीणों की सूचना पर शरदानगर थाने की पुलिस मौके पर पहुंच गई, और ट्रक को कब्जे में लेकर आगे की जांच पड़ताल में जुट गई। शारदानगर थाना क्षेत्र के कोठिया गांव निवासी रामनरेश वर्मा अपनी मोटर साइकिल पर सवार होकर खेतों की तरफ जा रहे थे, तभी लखीमपुर से शारदानगर की तरफ जा रही तेज रफ़्तार ट्रक ने रामनरेश की बाइक में जोरदार टक्कर मार दी, टक्कर इतनी जबरदस्त थी बाइक पर सवार रामनरेश की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई, रामनरेश की मौत की खबर सुनकर परिजनों सहित कोठिया गांव में कोहराम मच गया।

परिजन रोते बिलखते घटना स्थल पर पहुंच गए, सूचना मिलते ही शारदानगर थानाध्यक्ष ब्रजेश कुमार दल बल के साथ घटना स्थल पर पहुंच गए, और दुर्घटना में शामिल ट्रक को कब्जे में लेकर जांच पड़ताल शुरू कर दी, और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया।

# डीएम ने बच्चों से हल करवाए सवाल, पढ़वाई किताब



▶ अनुपस्थित दो शिक्षक, एक शिक्षामित्र का रोका वेतन

**बिजुआ खीरी, समृद्धि न्यूज।**

सोमवार सुबह डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने अफसरों की टीम संग ब्लॉक बिजुआ अंतर्गत बाढ़ क्षेत्र के संविलियन विद्यालय पूजागांव, संविलियन विद्यालय जौहरा, पीएस दाउदपुर सहित आंगनबाड़ी केंद्रों का औचक निरीक्षण कर पठन-पाठन की गुणवत्ता, साफ-सफाई, छात्र-छात्राओं, शिक्षकों की उपस्थिति व अन्य व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान मुख्य रूप से डीपीआरओ विशाल सिंह, डीपीओ (आईसीडीएस) भारत प्रसाद, बीडीओ महावीर सिंह, बीईओ नागेंद्र चौधरी मौजूद रहे। सर्वप्रथम डीएम 08.50 बजे पूजागांव पहुंची, जहां संविलियन विद्यालय पूजागांव परिसर में संचालित आंगनबाड़ी केंद्र का ताला बंद मिला। कड़ी नाराजगी जताकर आंगनबाड़ी कार्यकत्री का मानदेय रोकने के निर्देश दिए।

### क्लास में पीछे बैठे मिले कमजोर बच्चे, डीएम खफा

इसके बाद डीएम करीब 09:20 बजे संविलियन विद्यालय जौहरा पहुंची, बीडीओ को निर्देश दिए कि स्कूल परिसर में राबिश डलवाए। थर्ड की छात्रा जानकी ने जोड़ का सवाल हल किया। इस पर सराहना कर ताली बजवाई। सर्व शिक्षा अभियान के तहत निर्मित यह विद्यालय भवन टपक रहा था। डीएम के पूछने पर बीईओ ने कहा कि मरम्मत के लिए डिमांड भेजूगा। इस पर कड़ी नाराजगी जाहिर कर फटकार लगाई। डीएम ने कड़ी नाराजगी जाहिर कर शिक्षकों का स्पष्टीकरण लेने के निर्देश दिए। इस दौरान ग्रामीणों से संवाद किया।

### डीएम ने किया बच्चों का वजन, परखी व्यवस्थाएं

डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने विद्यालय परिसर में संचालित मिनी आंगनवाड़ी केंद्र व आंगनबाड़ी केंद्र का निरीक्षण किया। मिनी केंद्र में आंगनबाड़ी कार्यकत्री दीपा पढ़ाती मिली। उपस्थित बच्चो से रंगो की पहचान जानी। यहां नन्हें-मुन्ने विद्यार्थियों से मिलकर उन्हें खूब पढ़ने और आगे बढ़ने का आर्शीवाद दिया। आंगनबाड़ी केंद्र में आंगनबाड़ी कार्यकत्री मनोरमा ने नामांकित 05 वर्षीय शिशु देवांश का बिइंग मशीन पर वजन किया, वजन 16 किलो निकला। केंद्र की पंजिकाओ का अवलोकन किया। संबंधित को जरूरी निर्देश दिए।




## जलाभिषेक के लिए आ रहे कांवरियों पर हुई पुष्प वर्षा

**गोला गोकर्णनाथ खीरी।** देवाधिदेव महादेव की उपासना के पवित्र सावन माह के चतुर्थ सोमवार को मेला भूतनाथ के अवसर पर पुलिस अधीक्षक गणेश प्रसाद शाहा, नगर पालिका अध्यक्ष विजय शुक्ला रिंकू, विद्यालय प्रबंधक एवं प्रधानाचार्य कल्याण समिति के शैलेन्द्र सक्सेना तथा लायंस क्लब के डॉक्टर आशुतोष गुप्ता के नेतृत्व में नगर के सदर चौराहे पर जलाभिषेक के लिए आए कांवरियों पर पुष्प वर्षा की। इस मौके पर पुलिस अधीक्षक गणेश प्रसाद शाहा ने कहा, मै शिव भक्तों की सेवा एवं स्वागत करके अभिभूत हो गया। लायंस क्लब के डाक्टर आशुतोष गुप्ता ने कहा,÷ लायंस क्लब को इस पुनीत कार्य के लिए आमंत्रित करने के लिए नगर पालिका अध्यक्ष विजय शुक्ला रिंकू का आभार व्यक्त करता हूँ। नगर पालिका अध्यक्ष ने, सभी से नगर को स्वच्छ बनाए रखने तथा पालीथीन का प्रयोग कमसे कम करने की अपील की।

## तराई के जंगलों की अनमोल सब्जी है कटरुआ और धरती के फूल



**लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज।** मॉनसून की पहली बारिश के साथ ही उत्तर प्रदेश के लखीमपुर के तराई के जंगलों में एक विशेष सब्जी, कटरुआ और धरती के फूल की पैदावार शुरू हो जाती है। इस अनोखी और दुर्लभ प्रजाति की सब्जियों के बाजार में सुरुवाती भाव 1500 से सुरु होकर 500 से 600 रुपए प्रति किलो तक बिकती है। कटरुआ और धरती के फूल का महत्व और लोकप्रियता दोनों सब्जियों के शौकीन पूरे साल बरसाती सीजन का इंतजार करते हैं। इसकी कीमत हर साल घटती बढ़ती रहती है, फिर भी लोग इसे शौक से खरीदकर बड़े चाव से खाते हैं।

# लाखों की संख्या में लोगों ने सोमवार को किया अपने आराध्य का अभिषेक

**गोला गोकर्णनाथ,लखीमपुर समृद्धि न्यूज।**

सावन के चौथे सोमवार को बडी संख्या में भक्तों कावडियों का हुजुम शहर की सडकों पर उमड पडा। भक्तों की भीड व शिव जयघोष से समूचा शहर शिवमय हो उठा। मंदिर के प्रवेश द्वार पर भगवान गणेश को दूध, गंगाजल, मिष्ठान का प्रसाद चढाकर मंदिर की सीढियां उतरकर गर्भगृह पहुंचकर शांत मन से भूतभावन भगवान आशुतोष को दूध, फल, फूल, मिष्ठान, बेलपत्र, भांग, धतूरा अर्पण करने के साथ गंगाजल से अभिषेक का सिलसिला जारी रहा। 14 फिट की चौडाई का घेरा बनाए रेगती हुई भीड में शामिल होकर भक्त किसी तरह भूतनाथ मंदिर पहुंचे। जहां मंदिर के कुंए पर हूहू की आवाजे निकालकर अपनी मन्नते व मनौतियों की मांग करते हुए मत्था टेका। इसके बाद पास स्थित शिवालय पर पूजन अर्चन किया।



### यहां से तिन्नी पसाई चावल खरीदने की मान्यता



### भूतनाथ पर रहा मेले जैसा माहौल

बाबा भूतनाथ के स्थान पर प्रथम पूज्य भगवान गणेश का वास है। अतः यहां से बहने, माताएं अपने भाईयों के लिए राखियां खरीदकर उनकी लंबी उम्र की कामनाएं करती है। बाबा भूतनाथ मेले में राखियों, तिन्नी पसाई चावल, लकडी के सामान सहित खेल खिलौनों, बच्चों के खिलोने, कुर्सी, स्टूल की दुकानों से लोगों ने तमाम घरेलू सामान की खरीद की।

### भारी मात्रा में होती है लकड़ी के सामानों की खरीद फरोख्त

बाबा भूतनाथ के पौराणिक स्थल पर बडी मात्रा में लकडी के सामान, मेजें, कुर्सियां, चारपाई, बेलन, लाठी, डंडे, लकडी के घडघडे (बच्चों को चलना सिखाने वाला खिलौना) सहित लकडी की वस्तुओं की खरीदारी की।

बाबा भूतनाथ स्थान पर बडी मात्रा में बिकने वाले तिन्नी पसाई चावलों की भी पौराणिक मान्यता की परंपरा यह है। कि भादों मास में महिलाएं अपने पुत्रों की दीर्घायु की कामना के लिए हरछठ व्रत का धारण करती है। जिसमें सूर्यास्त के समय व्रत के पारण में तिन्नी पसाई चावल से करती है। जिससे उनके पुत्र स्वस्थ व दीर्घायु बने रहे। साथ ही इस तीर्थ से लिए गए चावलों से मनोकामना की महत्ता और अधिक बढ़ जाती है।

### जमकर बिके लकड़ी का सामान व खिलौने, राखी



बाबा भूतनाथ मेले में सोमवार को रंग बिरंगी चमकीली राखियों का थोक भाव के गुच्छे 10 से 300 रुपए तक, पूजन व व्रत मे प्रयोग होने वाला तिन्नी पसाई चावल 100 रुपए से 170 रुपए तक, मेज 150 रुपए से 300 रुपए तक, कुर्सी 200 रुपए से 400 रुपए तक, बेलन 10 रुपए से 50 रुपए तक, लाठी डंडे 50 रुपए से 250 रुपए तक, चारपाई के मचवा पाटी सेट 400 से 600 रुपए तक, तख्त 600 रुपए में खूब बिके। बच्चो के खिलौने 10 रुपए से 200 रुपए तक खूब बिक्री हुए।

### पुलिस अधीक्षक ने कांवड़ियों पर की पुष्पवर्षा

सूबे के मुखिया के निर्देश पर सावन के चौथे सोमवार को पुलिस अधीक्षक गणेश प्रसाद शाहा ने सदर चौराहे पर कांवडियों पर पुष्पवर्षा की। इस मौके पर पुलिस क्षेत्राधिकारी अजेन्द्र यादव, भाजपा नेता पालिकाध्यक्ष विजय शुक्ला रिंकू सहित तमाम भाजपा नेता मौजूद रहे।

## पुलिया का नहीं कराया निर्माण खेतों में हो रहा जलभराव

**जालौन, उरई।** हथना खुर्द के गैर आबाद गांव हालेपुर में अधिकांश कृषकों की खेती है। पिछले वर्ष चकमार्ग के निर्माण के बाद पुलिया का निर्माण नहीं कराने से खेतों में जलभराव हो जाता है। जिससे फसलें नष्ट हो जाती हैं। पीड़ित किसानों ने एसडीएम को शिकायती पत्र देकर चकमार्ग पर पुलिया का निर्माण कराने की मांग की है। तहसील क्षेत्र के ग्राम हथना खुर्द निवासी किसान लोकेंद्र सिंह, भगवान सिंह आदि ने एसडीएम को शिकायती पत्र देकर बताया कि हथना खुर्द गांव के अधिकांश किसानों की खेती हालेपुर गांव में है। यह गांव गैर आबाद है। पिछले वर्ष प्रधान ने यहां चकरोड का निर्माण कराया था। चकरोड के निर्माण के दौरान ही वहां पुलिया का आवश्यकता थी।

# यूपी के 'स्मार्ट गन्ना किसान' पोर्टल व 'ई-गन्ना एप' की पारदर्शी व्यवस्था से अन्य राज्य प्रेरित

**केन्द्र व तीन गन्ना उत्पादक राज्यों के गन्ना आयुक्तों की 17 सदस्यीय टीम आज से लखनऊ भ्रमण पर**

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के चीनी उद्योग एवं गन्ना विकास विभाग द्वारा विकसित 'स्मार्ट गन्ना किसान' पोर्टल एवं 'ई-गन्ना एप' की एकीकृत वेब बेस्ड पारदर्शी व्यवस्था के अध्ययन और पोर्टल के तकनीकी संचालन के संबंध में भारत सरकार के संयुक्त सचिव के नेतृत्व में महाराष्ट्र, कर्नाटक, तमिलनाडु राज्य के गन्ना आयुक्तों के साथ प्रतिनिधि मण्डल 13 व 14 अगस्त को वृहद स्तर पर विश्लेषणात्मक अध्ययन करेगा।गन्ना आयुक्त प्रभु एन. सिंह ने बताया कि वर्तमान में प्रदेश के 46 लाख गन्ना आपूर्तिकर्ता सदस्यों के गन्ने की सुगम एवं निर्बाध आपूर्ति कराने के उद्देश्य से 158 सहकारी गन्ना विकास समितियों, 28 चीनी मिल समितियों एवं 121 चीनी मिलों के मध्य समन्वय स्थापित कर 'स्मार्ट गन्ना विकास प्रोजेक्ट' की फ्लीभूति हुई। इस सफलता से प्रभावित होकर भारत सरकार ने देश के अन्य गन्ना उत्पादक राज्यों में भी इस मॉडल को अपनाने हेतु लाल बहादुर शास्त्री गन्ना किसान संस्थान लखनऊ के सभागार में बैठक एवं विस्तृत कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। श्री सिंह ने बताया कि कार्यक्रम में 'स्मार्ट गन्ना विकास प्रोजेक्ट' के माध्यम से ऑनलाइन गन्ना सर्वेक्षण, बेसिक कोटा, बेसिक सट्टा आगणन, गन्ना कैलेण्डरिंग, समानुपातिक पारदर्शी पर्ची निर्गमन, गन्ना आपूर्ति एवं पोर्टल के माध्यम से गन्ना मूल्य भुगतान की प्रक्रिया के क्रियान्वयन संबंधी समस्त पारदर्शी ब्यवस्था की जानकारी साझा की जायेगी।

# राज्य के विभिन्न एक्सप्रेस-वे का निर्माण पूरा करे केन्द्र सरकार : अखिलेश

समृद्धि न्यूज



**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी के प्रमुख और यूपी के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी को पत्र लिखा कर राज्य के विभिन्न एक्सप्रेस-वे का निर्माण पूरा करने की मांग की है।

उन्होंने भारत सरकार की ओर से पहले से स्वीकृत उत्तर प्रदेश के विकास को गति प्रदान करने और नए एक्सप्रेस-वे और सड़कों का निर्माण करने की बात कही है। सपा मुखिया अखिलेश यादव ने पत्र में लिखा-भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण द्वारा स्वीकृत संरेखण, इटावा (उत्तर प्रदेश) और कोटा (राजस्थान) को जोड़ने वाले 408.77 किलोमीटर लंबे चंबल एक्सप्रेस-वे का निर्माण कार्य पूरा किया जाए। मध्य प्रदेश के ग्वालियर से लिपुलेख तक प्रस्तावित 6 लेन सड़क का निर्माण कार्य जल्द पूरा किया जाए। बुंदेलखंड एक्सप्रेस-वे को सतना से जोड़ा जाए और इटावा में जहां से एक्सप्रेस-वे शुरू हो रहा है, उसे हरिद्वार तक ले जाए।

### विश्व बिरादरी के साथ मिलकर साहसपूर्ण सकारात्मक पहल करे सरकार : अखिलेश

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी (सपा) के अध्यक्ष अखिलेश यादव ने सोमवार को बांग्लादेश का नाम लिए बिना कहा कि देश और देशवासियों की रक्षा करना हर देश का कर्तव्य होता है।

उन्होंने यह भी कहा कि इतिहास सिखाता है कि जो सरकार किसी और देश के राजनीतिक हालात का इस्तेमाल अपने सियासी मंसूबों को पूरा करने के लिए करती है, वह देश को आंतरिक और बाह्य दोनों स्तर पर कमजोर करती है। अखिलेश ने एक्स पर पोस्ट किया, विश्व इतिहास गवाह है कि कई देशों में विभिन्न कारणों से, सही या गलत, उस समय के हालातों के अनुसार, हिंसक जन क्रांतियां, सैन्य तख्तापलट, सत्ता-विरोधी आंदोलन होते रहे हैं। उन्होंने कहा कि ऐसे उथल-पुथल भरे समय में केवल उसी देश का पुनरुत्थान हुआ है, जिसने किसी के खिलाफकिसी भी आधार पर कोई भेदभाव नहीं किया। सपा प्रमुख ने कहा, देश और देशवासियों की रक्षा करना हर देश का कर्तव्य होता है। सकारात्मक मानवीय सोच के आधार पर, एक व्यक्ति के रूप में हर निवासी-पड़ोसी की रक्षा करना भी हर सभ्य समाज का मानवीय-दायित्व होता है, फिर वह चाहे किसी काल-स्थान-परिस्थिति में कहीं पर भी हो। उन्होंने कहा कि कई बार किसी देश के आंतरिक मामलों से प्रभावित होने वाले किसी अन्य देश का एकल स्तर पर हस्तक्षेप करना वैश्विक राजनयिक मानकों के लिहाज से उचित नहीं माना जाता है, लेकिन ऐसे में उस प्रभावित देश को अपने लोगों की रक्षा के लिए अपनी मूक विदेश नीति को सक्रिय करते हुए, विश्व बिरादरी के साथ मिलकर साहसपूर्ण सकारात्मक मुखर पहल करनी चाहिए, जिससे सार्थक समाधान निकल सके।

## खबरें एक नजर में

### ई-रिक्शा ड्राइवर के मर्डर की आशंका, मिले चोट के निशान

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** जानकारी के मुताबिक, मृतक की पहचान राम कुमार शुक्ला (46) निवासी निगोहां के बह्मदासपुर गांव के तौर पर हुई है। मृतक राम कुमार शुक्ला के दो बेटे और एक बेटी है। बेटा अग्निवीर सिपाही है। पत्नी का नाम सरिता है। फिलहाल परिजनों की तहरीर पर पुलिस मामले की जांच कर रही है। परिजनों ने बताया कि घायल अवस्था में ई-रिक्शा चालक मोहनलालगंज कस्बे के एक क्लीनिक पहुंचा, जहां उसकी हालत बिगड़ने पर मौत हो गई। मृतक के ई-रिक्शा में एक अज्ञात बैग भी मिला है। इसमें किसी अनूप कुमार का एटीएम कार्ड, आईटीआर फॉर्म-16, राजकीय होम्योपैथिक चिकित्सालय का पर्चा और दूसरे जरूरी सामान भी मिले हैं। क्लिनिक संचालक की सूचना पर मृतक के परिजन पहुंचे और तुरंत पुलिस को सूचित किया। परिजन जब क्लिनिक पहुंचे तब राम कुमार शुक्ला तड़प रहे थे। परिजनों ने आशंका जताई है कि कुछ लोगों की पिटाई के कारण ही राम कुमार की मौत हुई है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू की है। घटनास्थल और मौके की जांच के बाद हत्या के एंगल से जांच की जा रही है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। सीनियर पुलिस अधिकारियों ने भी मौके का मुआयना किया है।

### लोहिया संस्थान में भगदड़, ऑक्सीजन सिलेंडर से निकली गैस

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** डॉ. राम मनोहर लोहिया आयुर्विज्ञान संस्थान में सोमवार को अचानक भगदड़ मच गई। मरीज और उनके साथ मौजूद परिजन दहशत में आ गए। बताया जा रहा है कि डॉ राम मनोहर लोहिया आयुर्विज्ञान संस्थान में मेडिसिन वार्ड में भर्ती एक मरीज को आईसीयू में शिफ्ट किया जा रहा था। इस दौरान ऑक्सीजन सिलेंडर से अचानक आग निकलने लगी जिसकी चपेट में एक तीमारदार आ गया। वहीं इस घटना की जानकारी होते ही पूरे वार्ड में अफ़रा तफ़री मच गई और लोग भागने लगे। लोहिया संस्थान प्रशासन की तरफसे बताया गया है कि ऑक्सीजन सिलेंडर निकालते समय तेजी के साथ गैस निकली। जो की एक तीमारदार के हाथ पर लग गई। इसके बाद भगदड़ मची और बाहर निकालने के लिए शीशा भी तोड़ना पड़ा।

### मंडलायुक्त बनीं प्रॉक्सी सीएम, परेड की सलामी ली

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** लखनऊ में सोमवार को विधानसभा के बाहर रियल टाइम रिहर्सल परेड की गई। इस दौरान मंडलायुक्त डॉ. रोशन जैकब ने प्रॉक्सी सीएम बनकर परेड की सलामी ली। हर वर्ष की तरह इस बार भी स्वतंत्रता दिवस की 77वीं वर्षगांठ पर भव्य कार्यक्रम का आयोजन होगा। इसकी तैयारी को देखते हुए सोमवार-मंगलवार को रियल टाइम रिहर्सल परेड की जा रही है। लखनऊ में 15 अगस्त के लिए रियल टाइम रिहर्सल परेड की शुरुआत सुबह 9 बजे हुई। करीब 40 मिनट तक कार्यक्रम का पूर्वाभ्यास किया गया। कमिश्नर डॉ. रोशन जैकब ने परेड की सलामी ली। इनके साथ वड डॉ. सूर्य पाल गंगवार, डीसीपी सेंट्रल रवीना त्यागी सहित शासन-प्रशासन के कई अधिकारी मौजूद रहे।

### सुरक्षित व सम्मान जनक वातावरण देना हमारा कर्तव्य : प्रो. मंजुला

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** अन्तर्राष्ट्रीय युवा दिवस पर नवयुग कन्या महाविद्यालय में महिला शिकायत निवारण सुझाव एवं रैगिंग निषेध प्रकोष्ठ द्वारा रैगिंग निषेध विषय पर स्लोगन एव पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में महाविद्यालय के सभी संकायों के छात्राओं ने प्रतिभाग किया। छात्राओं ने अपनी रचनात्मक तथा कलात्मक अभिव्यक्ति चार्ट पेपर के माध्यम से अभिव्यक्त की। आयोजन का मूल उद्देश्य छात्राओं को रैगिंग के दुष्परिणामों से अवगत कराना था। उच्च शिक्षा प्रणाली में रैगिंग एक चिंता जनक वास्तविकता है जो हजारों प्रतिभाशाली छात्राओं के कैरियर को बर्बाद कर रहा है। उच्च शिक्षण संस्थानों में रैगिंग के खतरे को रोकने के लिए यू.जी.सी के द्वारा जारी किए गए रैगिंग निषेध हेल्पलाइन नंबर एवं मेल आई डी को भी छात्राओं ने चार्ट पर प्रस्तुत कर महाविद्यालय की छात्राओं को जागरूक किया। प्रतियोगिता के निर्णायक मंडल के सदस्य के रूप में प्रोफेसर ऋचा शुक्ला विभागाध्यक्ष जन्तु विज्ञान विभाग, बी. एड विभाग की एसोसिएट प्रोफेसर डॉ सरिता कन्नौजिया एवं समाज शास्त्र विभागाध्यक्ष डॉ विनीता सिंह उपस्थित रहीं। पोस्टर प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर कृतिका बी.एस.सी प्रथम सेमेस्टर,द्वितीय स्थान पर आस्था गौतम बी .एस.सी तृतीय सेमेस्टर, जीनत बानो और प्रिया साहू बी.एस सी.तृतीय सेमेस्टर, संयुक्त रूप से तृतीय स्थान पर रही।

### कृषकों के प्रशिक्षण कार्यक्रम के लिए 136.47 लाख स्वीकृत

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** उत्तर प्रदेश सरकार ने दुग्ध विकास के अंतर्गत आच्छादित संस्थाओं के माध्यम से कृषकों को प्रशिक्षण दिए जाने हेतु 'कृषकों का प्रशिक्षण कार्यक्रम योजना' के तहत वर्तमान वित्तीय वर्ष में प्रथम किश्त के रूप में 136.47 लाख रुपये की धनराशि स्वीकृत की है। स्वीकृत धनराशि अनुसूचित जाति के लाभार्थियों के लिए एससीपी, टीएसपी मानक के अनुरूप व्यय की जायेगी। दुग्ध विकास विभाग द्वारा इस संबंध में शासनादेश जारी कर दिया गया है। इसके अनुसार योजना के सुव्यवस्थित क्रियान्वयन एवं स्वीकृत धनराशि के नियामानुसार व्यय के संबंध में जनपद मैनपुरी, आगरा, मेरठ, झांसी, जालौन उरई हमीरपुर, बांदा, महोबा, लखनऊ, लखीमपुरखीरी, बरेली, शाहजहांपुर, पीलीभीत, रामपुर, वाराणसी, मिर्जापुर, सोनभद्र, गोरखपुर, महाराजगंज, देवरिया, बस्ती, सिद्धार्थनगर, आजमगढ़, मऊ, प्रयागराज, प्रतापगढ़, कानपुर, अयोध्या, अम्बेडकर नगर, गोण्डा एवं बहराइच के दुग्धशाला विकास अधिकारी, उप दुग्धशाला विकास अधिकारी, आहरण वितरण अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए हैं।

### संस्थानों, गृहों के संचालन योजना में 1423.01 लाख मंजूर

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** प्रदेश सरकार ने चालू वित्तीय वर्ष 2024-25 में महिला कल्याण विभाग के अन्तर्गत राजस्व पक्ष में अधिष्ठान व्यय के लिए 13 संस्थानों,गृहों के संचालन योजना में प्राविधानित धनराशि के अन्तर्गत 1423.01 लाख रूपये मंजूर किये हैं। महिला कल्याण विभाग ने इस सम्बन्ध में आवश्यक आदेश जारी कर दिये हैं। जारी आदेश के अनुसार संस्थानों, गृहों का संचालन योजना मद में कुल प्राविधानित धनराशि 2846.02 लाख रूपये सापेक्ष यह धनराशि द्वितीय छमाही हेतु मंजूर करते हुए निदेशक, महिला कल्याण के निवर्तन पर रखी गयी है।

### यहियागंज-नादान महल रोड में बिजली कटौती से कारोबार प्रभावित

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** राजधानी लखनऊ के यहियागंज और नादान महल रोड पर करीब 1500 से ज्यादा दुकानों पर सोमवार सुबह 6 बजे से बिजली गुल है। ऐसे में यहां की गलियों में अंधेरा पसरा हुआ है। यहियागंज और नादान महल रोड को मिलाकर करीब 15 हजार की आबादी बिजली कटौती से परेशान है। यहियागंज व्यापार मंडल के अध्यक्ष अमरनाथ मिश्रा ने कहा कि सुबह लेसा टीम को फोन किया गया, लेकिन वहां से कोई सही जवाब नहीं मिला है। बताया जा रहा है कि फॉल्ट है और उसे ठीक करने के बाद ही बिजली आएगी। यहियागंज शहर का सबसे बड़ा होल सेल बाजार है। यहां से आस-पास के 10 जिलों के कारोबारी माल लेने आते हैं। अब बिजली नहीं आने से दुकानों अंधेरा पसरा हुआ है। स्थिति यह है कि अंधेरे कि वजह से कुछ दिखाई नहीं दे रहा है। कारोबारियों का कहना है कि सोमवार को सप्ताह का पहला दिन होता है। इस दिन बाहर से कई कारोबारी आते है। ऐसे में उनको माल बेचने में परेशानी हो रही है।

### बीसी सखियां तिरंगा लेकर पहुंचीं विधानसभा

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** राजधानी में सोमवार को बड़ी संख्या में राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के अन्तर्गत चुनी गईं बीसी सखियां तिरंगा झंडा लेकर विधानसभा का घेराव करने पहुंचीं। उत्तर प्रदेश के कई जनपदों से प्रदर्शन करने पहुंचीं महिलाओं ने अपनी समस्याओं और मांगों को लेकर जमकर नारेबाजी की। पुलिस ने सभी महिलाओं को हिरासत में लेकर इको गार्डन भेज दिया है। प्रदर्शन कर रही महिलाओं का कहना है कि 4 साल पहले बीसी सखी के पद पर नियुक्ति हुई थी। सरकार द्वारा 75 हजार रुपये का सपोर्ट फंड भी मिला था। अब उसका 4 प्रतिशत ब्याज मांगा जा रहा है। पिछले 4 साल से वेतन के नाम पर एक रुपए भी नहीं मिले हैं।

**उप मुख्यमंत्री ने कैम्प कार्यालय 7-कालिदास मार्ग पर जनता दर्शन के दौरान सपा पर बोला हमला**

# अपराधियों के शरण पाने का अड्डा है सपा

समृद्धि न्यूज



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि सपा का असली चेहरा अयोध्या के बाद कन्नौज में भी जनता के सामने आ चुका है। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि सपा सभी प्रकार के अपराधियों के शरण पाने का अड्डा है। सपा में अपराधियों की गिनती मुश्किल है। केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि कांग्रेस मोहरा अखिलेश यादव अब आप डीएनए की बात करेंगे अथवा पीडीए की। सपा को समाप्त वादी पार्टी बनाओ, यूपी बचाओ।

उप मुख्यमंत्री ने सोमवार को अपने कैम्प कार्यालय 7-कालिदास मार्ग पर आयोजित जनता दर्शन में आये फरियादियों को विश्वास दिलाते हुए कहा कि हर व्यक्ति को हर समस्या का हर सम्भव निदान किया जायेगा। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि प्रत्येक फरियादी की समस्या का त्वरित व संतुष्टिपरक समाधान किया जाय। निर्देश दिए कि समस्याओं का सम्पूर्ण समाधान किया जाय और समस्याओं के समाधान हेतु सम्बन्धित की जवाबदेही तय होनी चाहिये। निर्देश दिए कि जन समस्याओं का समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। किसी भी स्तर पर लापरवाही नहीं होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि उत्पीड़न, भूमि पर अवैध कब्जों के मामलों को बेहद गंभीरता व संवेदनशीलता के साथ हल किया जाय और जहां जरूरत हो, कठोर कार्यवाही की जाय।

केशव प्रसाद मौर्य ने जनसुनवाई के दौरान एक-एक व्यक्ति की समस्या को पूरी गम्भीरता से सुना तथा समस्याओं के निराकरण हेतु सम्बंधित अधिकारियों को निर्देश दिए। उन्होंने सम्बंधित अधिकारियों को यह भी निर्देश दिए हैं कि समस्याओं का निराकरण इस प्रकार किया जाय कि समस्याग्रस्त व्यक्ति पूरी तरह से संतुष्ट रहें और उन्हें दुबारा कहीं भटकना न पड़े और बार-बार चक्कर न लगाने पड़ें। उन्होंने महिलाओं, दिव्यांगजनों, बुजुर्गों आदि की समस्याओं व शिकायतों को सुना और उन्हें प्राथमिकता के आधार पर संबंधित अधिकारियों को त्वरित गति से निदान करने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। जनता दर्शन में भूमि विवाद, दुर्घटनाओं से संबंधित, अवैध कब्जे, शिक्षा, स्वास्थ्य, आवास आवंटन, भूमि पर कब्जा दिलाने, अतिक्रमण हटाने, सड़क बनवाने, विद्युत, अभियुक्तों की गिरफ्तारी कराने, उत्पीड़न आदि से संबंधित विभिन्न समस्याएं प्रदेश के विभिन्न जिलों से आए लोगों ने रखी। उप मुख्यमंत्री फरियादियों के पास खुद चलकर गये और एक-एक व्यक्ति की समस्या को उनसे सीधे संवाद करते हुए सुना।

# खाद्यान्न का मुफ्त वितरण 21 तक चयनित जिलों में बाजरा भी बंटेगा

समृद्धि न्यूज



**लखनऊ।** प्रदेश के अन्त्योदय एवं पात्र गृहस्थी कार्डधारकों को राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम-2013 के अन्तर्गत अगस्त के सापेक्ष आवंटित खाद्यान्न का निःशुल्क वितरण 21 अगस्त तक किया जायेगा।

प्रदेश के खाद्य आयुक्त सौरभ बाबू ने बताया कि अन्त्योदय लाभार्थियों को 48 जनपदों यथा-आगरा, अलीगढ़, अमरोहा, औरैया, बलिया, बांदा, बरेली, बदायूं, बुलंदशहर, चन्दौली, चित्रकूट, एटा, इटावा, फर्रूखाबाद, फ्तेहपुर, फिरोजाबाद, गौतमबुद्धनगर, गाजीपुर, हमीरपुर, हापुड़, हरदोई, हाथरस, जालौन, जौनपुर, झांसी, कन्नौज, कानपुर देहात, कानपुर नगर, कासगंज, कौशाम्बी, लखनऊ, महोबा, मैनपुरी, मथुरा, मेरठ, मिर्जापुर, मुरादाबाद, पीलीभीत, प्रतापगढ़, प्रयागराज, रायबरेली, रामपुर, सम्भल, संतरविदास नगर, शाहजहांपुर, सीतापुर, उन्नाव व वाराणसी में, जहां उचित दर दुकानों पर जनवरी से जुलाई के मध्य वितरण के पश्चात उपलब्धतानुसार अवशेष बाजरा का वितरण कराया जाएगा। खाद्य आयुक्त ने बताया कि इन 48 जनपदों में प्रत्येक अन्त्योदय कार्ड पर चावल के स्थान पर 02 किग्रा बाजरा प्रति कार्ड प्रथम आवक प्रथम पावक के सिद्धान्तानुसार वितरित किया जायेगा। इस तरह अन्त्योदय योजना के तहत चिन्हित 48 जनपदों में प्रति कार्ड 14 किग्रा गेहूं, 19 किग्रा चावल तथा 02 किग्रा बाजरा उपलब्धतानुसार कुल 35 किग्रा खाद्यान्न का वितरण किया जाएगा। बाजरा का स्टॉक समाप्त होने पर, पूर्व निर्धारित मात्रानुसार 14 किग्रा गेहूं एवं 21 किग्रा चावल का वितरण किया जाएगा। इसके अतिरिक्त प्रदेश के अन्य समस्त जनपदों में प्रति कार्डधारक 14 किग्रा गेहूं एवं 21 किग्रा चावल कुल 35 किग्रा खाद्यान्न का वितरण किया जाएगा। जनपदों के पात्र गृहस्थी लाभार्थियों को चावल के स्थान पर प्रति यूनिट 01 किलोग्राम बाजरा 'पहले आओ पहले आओ' के सिद्धांत के अनुसार उपलब्धता के अनुसार वितरित किया जाएगा।

# महंत ने कोतवालेश्वर महादेव को पालकी में बैठाया, निकाली गई भ्रमण यात्रा



समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** सोमवार को चौक में श्री कोतवालेश्वर मंदिर से श्री कोतवालेश्वर महादेव का स्वरूप चांदी की पालकी जो भव्य सुशोभित की गई। श्री कोतवालेश्वर महादेव मंदिर के महंत विशाल गौड़ ने कोतवालेश्वर बाबा जी को पालकी में बैठाया। उसके पश्चयत बाबा जी की आरती व गॉड ऑफ़ ऑनर दियागया और प्रशासनिक से आये होम गाड बैण्ड बजा कर बाबा को प्रस्थान किया।

श्री कोतवालेश्वर महादेव मंदिर से कोनेश्वर और चरक चौराहा होते हुए बैंड बाजे के साथ मंदिर में पुनः वापसी आने पर भव्य आतिशबाजी की। नगर भ्रमण यात्रा करते हुए नगर के हाल-चाल जाना इस नगर भ्रमण में काफी सांख्य में भक्तगण उपस्थित रहे।नगर भ्रमण यात्रा में महाराष्ट्र से आए रंगोली कलाकार ने रंगोली बनाई, प्रशासनिक घोड़े, लिल्ली घोड़ी, हाथी, ऊंट 10 रिक्शे है उसे पर मूर्ति वाली झांकी, डीजे, इलु मस्ताना झांकी, ब्रास बैंड, 6 बगियां, डमरू ग्रुप, बनारस की झांकी, झंकार बैंड, शंकर जी की 11 फिट मूर्ति, पीले वस्त्रों में महिलाओ ने झांझ बजाई, ऑक्सीजन गैस से फूलों की वर्षा आदि इस यात्रा में की गई। इस अवसर पर ब्रजेश पाठक उत्तराखंड की पूर्व राज्यपाल बेबी रानी मौर्या, अपर्णा यादव (समाज सेविका भाजपा), नीरज सिंह (नेता भाजपा), डॉ महेंद्र सिंह (राज्य सभा सदस्य), विनय कटीयार (पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष भाजपा) व श्री कोतवालेश्वर ट्रस्ट के अजय अग्रवाल, सोनू अग्रवाल, आनंद रस्तोगी, अजय खन्ना, संदीप अग्रवाल, अंकुर दीक्षित, पंकज अग्रवाल, अवध अग्रवाल, आशीष मिश्रा, डॉ राज कुमार वर्मा, अनुराग मिश्रा, निखिल अग्रवाल, आचार्य राजेश शुक्ला, नीरज अवस्थी आदि उपस्थित रहे।

### डीजीपी ने की एक पहल अभियान की शुरुआत

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के डीजीपी प्रशांत कुमार ने यूपी 112 के विशेष अभियान एक पहल की शुरुआत की है। इस अभियान की शुरुआत करके उन्होंने कहा कि सतर्कता, संवेदनशीलता, सहायता का अभियान है एक पहल। यह आम लोगों को सतर्क, संवेदनशील बनाने का अभियान है। उन्होंने कहा कि किसी को मुसीबत में देखकर वीडियो न बनाएं, एक पहल करें और यूपी 112 पर कॉल करें। डीजीपी प्रशांत कुमार ने कहा कि एक पहल आम लोगों को संवेदनशील और सतर्क बनाने का अभियान है। छेड़छाड़, छींटाकशी और सड़क पर पड़े घायल की अनदेखी न करें। यह अभियान एक जगजागृति है। एक पहल कीजिए। यूपी 112 को कॉल कीजिए। एक पहल आम लोगों से सहयोग लेने का अभियान है। संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु की सूचना यूपी 112 को देने में संकोच न करें। डीजीपी प्रशांत कुमार ने यूपी पुलिस को लेकर कहा जाता कि वो ऑपरेशनल एक्टिविटी में व्यस्त रहती है। लेकिन ट्रेनिंग, भर्ती हर आयाम में यूपी पुलिस ने बेहतरीन काम किया है। बीते आठ वर्षों में प्रदेश दस्यु मुक्त और फिरौती मुक्त हुआ है। प्रदेश में कानून-व्यवस्था में व्यापक सुधार हुआ है।

### सावन के चौथे सोमवार पर शिव मंदिरों में उमड़ी भक्तों की भीड़



**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** राजधानी लखनऊ में सावन के चौथे सोमवार पर पूजा अर्चना के लिए शहर के शिवालय में सुबह से ही भीड़ लग गई है। मंदिरों में अभिषेक, आरती से लेकर प्रसाद वितरण और भक्तों के दर्शन की व्यवस्था है। राजेंद्र नगर महाकाल मंदिर में उज्जैन से लाई गई भस्म से सोमवार भोर में भव्य आरती हुई। वहीं, प्राचीन मनकामेश्वर मंदिर में महादेव का 501 लीटर दूध से अभिषेक किया गया। लखनऊ के राजेंद्र नगर महाकाल मंदिर के संयोजक अतुल मिश्रा और अध्यक्ष विक्रम कपूर ने बताया कि मंदिर में उज्जैन के महाकाल से लाई गई भस्म से सोमवार तड़के 4 बजे भस्म आरती की गई। साथ ही मंदिर में सावन के हर दिन रुद्राभिषेक हो रहे हैं। शहर के मशकगंज के नागेश्वर मंदिर में शाम 6 बजे नि:शुल्क सामूहिक रूद्राभिषेक किया गया। डालीगंज के प्राचीन मनकामेश्वर मठ मंदिर की महंत देव्या गिरि ने बताया कि 501 लीटर दूध से महादेव का अभिषेक किया गया। चौक के कोनेश्वर महादेव मंदिर, सदर के द्वादश ज्योतिर्लिंग मंदिर, गोमेश्वर महादेव मंदिर गोमती नदी, यहियागंज नादान महल रोड स्थित सिद्धनाथ मंदिर, रानी कटरा बड़ा शिवाला और छोटा शिवाला, कल्याणगिरि मंदिर, हनुमान सेतु, हनुमंत धाम आदि मंदिरों में महादेव की सुबह से पूजा अर्चना की जा रही है।

### हाई वोल्टेज से कई घरों के उपकरण फुंके, उपभोक्ताओं ने उपकेंद्र पर किया हंगामा

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**राजधानी लखनऊ के के वजीरहसन इलाके में हाई वोल्टेज के कारण घरों में लगे एसी, पंखे, कूलर, टीवी खराब हो गए। इससे नाराज लोग क्लाइव रोड उपकेंद्र पहुंचे। यहां लेसा के खिलाफ नारेबाजी की और पुलिस से भी शिकायत की। लेसा के इंजीनियरों ने मामले में जांच कराने का आश्वासन दिया है। लोगों का कहना है कि इलाके में अक्सर वोल्टेज कम और ज्यादा होता रहता है। दोपहर अचानक वोल्टेज तेज हो गया। नाराज लोगों का आरोप है कि विभाग की लापरवाही की वजह से ऐसा हुआ है। इलाके में करीब 10 लाख से ज्यादा इलेक्ट्रानिक उपकरण खराब हुए हैं। बताया जा रहा है कि अर्थ प्रॉपर नहीं मिलने की वजह से यह हादसा हुआ है। यहां आए उपभोक्ताओं ने लेसा से मुआवजे की मांग की है। हाई वोल्टेज से होने वाले नुकसान से बचने के लिए घरों में अर्थ सर्किट ब्रेकर (एमसीबी), अर्थ लीकेज सर्किट ब्रेकर (ईएलसीबी) व ओवर वोल्टेज प्रोटेक्शन डिवाइस लगाई जाए ताकि वोल्टेज ज्यादा या कम आने पर बिजली सप्लाई बंद हो जाए और उपकरणों को नुकसान नहीं हो।

**प्रयास** | **मुख्यमंत्री शिक्षुता प्रोत्साहन योजना (उच्च शिक्षा) को मिल रही सकारात्मक प्रतिक्रिया**

# अप्रेंटिसशिप प्रोत्साहन योजना में हुए 35000 पंजीकरण

समृद्धि न्यूज



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में डिप्लोमा और डिग्री धारकों के लिए रोजगार के अवसरों को बढ़ाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए योगी के नेतृत्व वाली सरकार ने युवाओं को कौशल विकास पहलों से जोड़ने के प्रयासों को तेज कर दिया है।

स्नातकों और डिप्लोमा धारकों को व्यावहारिक प्रशिक्षण प्रदान करने के लिए शुरू की गई मुख्यमंत्री अप्रेंटिसशिप प्रोत्साहन योजना यानी मुख्यमंत्री शिक्षुता प्रोत्साहन योजना (उच्च शिक्षा) के अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2024-25 में अब तक 35,000 से अधिक युवाओं ने पंजीकरण कराया है। इसमें से लगभग 2,753 उम्मीदवार वर्तमान में बतौर शिक्षुता कार्य कर रहे हैं। इसका मुख्य उद्देश्य उद्योगों और प्रतिष्ठानों के लिए एक बड़ा, उच्च-कुशल कार्य बल तैयार करते हुए अधिकतम संख्या में युवाओं को प्रशिक्षण के लिए प्रेरित करना है। 6 महीने से लेकर एक वर्ष की समयावधि के लिए कार्यक्रम का होता है संचालनउल्लेखनीय है कि सीएमएपीएस (एचई) स्नातकों और डिप्लोमा धारकों के लिए शिक्षुता प्रशिक्षण प्रदान करता है, जिसमें 6 महीने से एक वर्ष तक के कार्यक्रमों का संचालन होता है। यह योजना स्नातकों के लिए 9,000 रुपये और डिप्लोमा धारकों के लिए उनके प्रशिक्षण अवधि के दौरान 8,000 रुपये के न्यूनतम मासिक स्टाइपेंड की गारंटी देती है। उल्लेखनीय है कि योजना के अंतर्गत, प्रशिक्षुओं को केंद्र और राज्य सरकारों के साथ-साथ उद्यमियों द्वारा संयुक्त रूप से वित्तीय सहायता प्रदान की जाती है। स्नातकों के लिए केंद्र सरकार 4,500 रुपये प्रदान करती है, जबकि उद्यमी 3,500 रुपये का योगदान करते हैं, और राज्य सरकार 1000 रुपये जोड़ती है। सभी प्रत्यक्ष लाभ हस्तांतरण (डीबीटी) के माध्यम से सीधे प्रशिक्षु के बैंक खाते में स्थानांतरित किए जाते हैं। इस प्रकार, डिप्लोमा धारक प्रशिक्षुओं को महत्वपूर्ण वित्तीय सहायता उपलब्ध कराने का मार्ग प्रशस्त होता है। डैशबोर्ड के माध्यम से किया जाता है ट्रैकसीएमएपीएस की ट्रैकिंग व मॉनिटरिंग को राष्ट्रीय प्रशिक्षुता प्रशिक्षण योजना (एनएटीएस) पोर्टल पर एक समर्पित डैशबोर्ड के माध्यम से ट्रैक किया जाता है, जिससे पारदर्शिता और दक्षता सुनिश्चित होती है। यह योजना उत्तर प्रदेश सरकार के 21 विभागों के माध्यम से विभिन्न क्षेत्रों में शुरू की जा रही है, जिसमें वित्त वर्ष 2024-25 में चिकित्सा, स्वास्थ्य, एमएसएमई, रीटेल और शिक्षा क्षेत्रों पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। उद्योगों और प्रतिष्ठानों की सूची प्रदान करके, राज्य सरकार के पांच विभाग योजना के जमीनी क्रियान्वयन में सक्रिय रूप से शामिल हैं। चुनौतियों के बावजूद, योजना ने उल्लेखनीय प्रगति की है।

# महाकुंभ-2025 में श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए चार हजार गाइड होंगे प्रशिक्षित

समृद्धि न्यूज

लखनऊ। प्रयागराज में अगले वर्ष आयोजित होने वाले विश्व के सबसे बड़े धार्मिक, सांस्कृतिक और आध्यात्मिक आयोजन महाकुंभ-2025 की तैयारियां प्रगति पर है। इसके तहत करोड़ों श्रद्धालुओं के ठहरने की उत्तम व्यवस्था के लिए बड़े पैमाने पर टेंट सिटी, होम स्टे, होटल्स आदि के साथ लोगों की सुविधा के लिए चार हजार गाइड प्रशिक्षित किये जाएगें। यह जानकारी सोमवार को प्रदेश के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने दी।

जयवीर सिंह ने बताया कि महाकुंभ-2025 में आयोजित होने वाले महाकुंभ में पर्यटकों की सुविधा के लिए करीब 4000 गाइड प्रशिक्षित होंगे। प्रशिक्षण के लिए उम्र सीमा 18 से 60 वर्ष और न्यूनतम शैक्षिक योग्यता-12वीं पास होना आवश्यक है। प्रत्येक बैच 60 लोगों को होगा। गाइड की ट्रेनिंग 5 दिनों तक चलेगी, जबकि बोट मैन, टैक्सी ड्राइवर और स्टेकहोल्डर्स को एक दिवसीय प्रशिक्षण दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि इस प्रकार महाकुंभ के लिए प्रशिक्षित मानव संसाधन तैयार किये जायेंगे। जयवीर सिंह ने बताया कि महाकुंभ 2025 में करीब 40 करोड़ से अधिक श्रद्धालुओं के आने का अनुमान है, जिसके लिए तैयारियां जोरों पर है। इसी के तहत पर्यटन विभाग द्वारा प्रशिक्षण कार्यक्रम आज से होटल इलावर्त से प्रारंभ हो गया है। मान्यवर कांशीराम पर्यटन संस्थान, लखनऊ द्वारा 5 दिवसीय गाइड और बोटमैन, टैक्सी ड्राइवरों और स्टेकहोल्डर्स के लिए 1 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन कराया जा रहा है।

# डीएम ने फाइलेरियारोधी दवा का सेवन कर किया एमडीए अभियान का शुभारंभ

## जिलाधिकारी की अपील, लोग खुद दवा खाएं, अपने परिवार और आसपास के लोगों को भी दवा सेवन के लिए करें प्रेरित

- सरयू प्रसाद कन्या पाठशाला इंटर कॉलेज से शुरू हुआ अभियान, सीएमओ, एसीएमओ के साथ कॉलेज की अध्यापिकाओं और छात्राओं ने किया दवा का सेवन



**गोण्डा, समृद्धि न्यूज।** जिलाधिकारी श्रीमती नेहा शर्मा ने शनिवार को सरयू प्रसाद कन्या पाठशाला इंटर कॉलेज में फाइलेरिया रोधी दवाओं का सेवन कर फाइलेरिया उन्मूलन अभियान का शुभारंभ किया। दीप प्रज्वलित कर अभियान का शुभारंभ करते हुए डीएम ने जिलावासियों से 10 अगस्त फाइलेरिया उन्मूलन के लिए आशा कार्यकर्ता के सामने ही दवा का सेवन करने की अपील की। उन्होंने बताया कि जिला के सभी ब्लॉकों में व्यापक स्तर पर मास ड्रग एडमिनिट्रेशन (एमडीए) अभियान चलाया जायेगा ताकि अधिक से अधिक लोग इसका लाभ ले सकें। इस दौरान कॉलेज की छात्राओं को फाइलेरिया रोधी दवाओं का सेवन करने और दूसरों को भी प्रेरित करने की शपथ दिलाई। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ रश्मि वर्मा ने कहा कि गोण्डा जिले से ही नहीं, बल्कि देश से भी फाइलेरिया रोग का समूल नाश करने के लिए अभियान के दौरान स्वास्थ्य कर्मी के सामने ही दवा का सेवन करना है। उन्होंने कहा कि इस सर्वजन दवा सेवन कार्यक्रम में जिले के लाभार्थियों को इस गंभीर बीमारी से बचाने के टीम के माध्यम से बूथ लगा कर एवं घर-घर जाकर इन दवाओं का सेवन कराना सुनिश्चित किया जाएगा। दवाओं का वितरण बिल्कुल भी नहीं किया जायेगा। फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम के नोडल व एसीएमओ डॉ सीके वर्मा ने बताया कि फाइलेरिया बीमारी का कोई इलाज नहीं है। साल में एक बार और लगातार पांच साल तक फाइलेरिया रोधी दवा खाकर ही इस बीमारी से बचा जा सकता है। एमडीए अभियान में डाईइथाइल कार्बामजीन और एल्बेंडाजोल की दवा खिलाई जाएगी। दवा का सेवन एक वर्ष के बच्चों, गर्भवती, एक माह के बच्चे वाली प्रसूता और गंभीर बीमार को छोड़कर सभी को करना है। इस अभियान में एक से दो साल तक के बच्चों को पेट के कीड़े निकालने की भी दवा खिलाई जाएगी। जिला मलेरिया अधिकार ने बताया कि टीमों द्वारा घर घर दवा खिलाने के साथ ही सभी ब्लॉक एवं जिला स्तरीय सरकारी अस्पतालों में भी बूथ लगा कर दवा सेवन करवाया जायेगा। उन्होंने कहा कि फाइलेरिया रोधी दवाएं पूरी तरह सुरक्षित हैं। हालांकि इन दवाओं का कोई विपरीत प्रभाव नहीं है, फिर भी किसी को दवा खाने के बाद उल्टी, चक्कर, खुजली या जी मिचलाने जैसे लक्षण होते हैं, तो यह इस बात का प्रतीक हैं कि उस व्यक्ति के शरीर में फाइलेरिया के परजीवी मौजूद हैं। ऐसे लक्षण इन दवाओं के सेवन के उपरांत शरीर के भीतर मौजूद परजीवियों के मरने के कारण उत्पन्न होते हैं। सामान्यतः ये लक्षण स्वतः समाप्त हो जाते हैं परंतु ऐसी किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए रैपिड रिस्पॉन्स टीम (आरआरटी) भी बनाई गई है। आवश्यकता पड़ने पर आरआरटी को उपचार के लिए तुरंत बुलाया जा सकता है। इस मौके पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ0 रश्मि वर्मा, जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डॉ जय गोविंद, डॉक्टर आरपी सिंह डीसीपीएम, फाइलेरिया निरीक्षक सत्य प्रकाश मौर्य, मलेरिया निरीक्षक सुनील चौधरी, भवानी प्रसाद तिवारी सहित डब्ल्यूएचओ, पाथ एवं पीसीआई संस्था के प्रतिनिधि, कॉलेज की प्रधानाचार्या, अध्यापिकाएं एवं भारी संख्या में छात्राएं उपस्थित रहीं। सभी ने दवाओं का सेवन किया।

# जमीनी बिबाद को लेकर हुआ जमकर बवाल, निर्माणाधीन दिवार गिराई

**तरबगंज /गोण्डा, समृद्धि न्यूज।** तरबगंज थानाक्षेत्र के घांचा में जमीनी विवाद को लेकर जमकर बवाल हो गया जिसमे बन रही दिवाल गिरा दी गई जिसकी शिकायत थाने पर की है। बताते की तरबगंज थानाक्षेत्र के ग्रामपंचायत घांचा के मजरा मानादेवा निवासी रामबरन पुत्र रामदास ने थाने पर दी तहरीर में आरोप लगाया की गाँव के विपक्षीगण सीताराम, कृपाले पुत्रगण जमुना व विजय कुमार पुत्र कृपाले जगन्नाथ पुत्र बदलू अपने 20से 25लोगो को लेकर हमारे जमीन पर बनी दिवाल गिराने लगे जब लड़का प्रेमशंकर रोकने लगा तो गाली-गलौज देते हुए जान से मारने की धमकी देने लगे और लाठी डन्डा लेकर दौड़ा लिए अकेले होने के कारण भागकर अपनी जान बचाई है जबकि 20से 25लोग अज्ञात अपने मुख को बाँधे हुए थे। पूछने पर रामबरन ने बताया की साहब ये जमीन हमने 2009में गाँव के ही एक व्यक्ति से खरीदी थी और नींव भरवाकर छोड़ दिया था आज जब बनवाने लगे तो विपक्षीगण हमारी दिवाल गिराकर जमीन को जबरदस्ती कब्जा कर रहे है। रोकने पर जानमाल की धमकी देते हुए मारने के लिए दौड़ा लेते है ये लोग दबंग है अकेले होने के कारण हमको परेशान कर रहे है। इस प्रकरण पर थानाध्यक्ष तरबगंज राजेश कुमार सिंह ने बताया की जमीनी विवाद में बवाल हुआ है कुछ लोग मिलकर दिवाल गिरा दिये है जाँच करवाई जारही है जाँच के बाद मुकदमा पंजीकृत किया जायेगा।

# धानेपुर पुलिस ने तीन हत्याभियुक्तों को किया गिरफ्तार

**गोण्डा, समृद्धि न्यूज।**



पुलिस अधीक्षक गोण्डा विनीत जायसवाल द्वारा अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक पूर्वी मनोज कुमार रावत के पर्यवेक्षण व क्षेत्राधिकारी सदर सुश्री शिल्पा वर्मा के नेतृत्व में थाना धानेपुर पुलिस द्वारा थाना स्थानीय में पंजीकृत मु0अ0सं0-225/24, धारा 103(1),238 बीएनएस व 3(2)(5) एस0सी0एस0टी0 एक्ट से सम्बन्धित 03 आरोपी अभियुक्तों- 01. शोभाराम मौर्य पुत्र चेतराम, 02. कौशल चौहान पुत्र दुखहरन, 03. पुष्पा देवी पत्नी कौशल चौहान को धानेपुर से गोण्डा जाने वाले रोड पर स्थित चन्द्रशेखर बालिका इण्टर कालेज माधवगंज मोड़ से गिरफ्तार कर उनकी निशानदेही से मृतक की साईकिल बरामद किया गया।

**पूछताछ का विवरणः-** अभियुक्तों से पूछताछ के दौरान ज्ञात हुआ कि अभियुक्त शोभाराम मौर्या व कौशल चौहान दोस्त थे तथा शोभाराम मौर्या का कौशल चौहान की पत्नी पुष्पा देवी से सम्बन्ध था। जिसकी जानकारी मृतक जितेन्द्र पासवान को हो गयी थी और वह अक्सर शोभाराम मौर्य पर टिप्पणी किया करता था व कौशल चौहान के घर आने-जाने लगा था। इसी बात से क्षुब्ध होकर शोभाराम मौर्या व पुष्पा द्वारा जितेन्द्र पासवान के उसके घर आने-जाने को लेकर कौशल चौहान को भड़काया गया तथा दिनांक 08.08.2024 को योजनाबद्ध तरीके से शोभाराम मौर्य, कौशल चौहान व पुष्पा देवी द्वारा कमलेश नाई के सागौन के बाग में जितेन्द्र पासवान को बुलाकर शराब पिलायी गयी और वही पर गला दबाकर जितेन्द्र पासवान की हत्या कर दी गयी।

## चौपहिया वाहन की टक्कर से बाइक सवार की मौत, मुकदमा दर्ज

**कर्नलगंज/गोण्डा, समृद्धि न्यूज।** कोतवाली कर्नलगंज क्षेत्र के ग्राम दवनपुरवा (दिनारी) निवासी मनोज कुमार सिंह पुत्र दद्दन सिंह ने दर्ज कराई




गई रिपोर्ट में कहा है कि उनका भाई दिनेश प्रताप सिंह दिनांक 10.8.2024 दिन में समय करीब 1 बजे घर से घरेलू सामान लेने बाजार गया था,जहां रास्ते में किसी अज्ञात वाहन ने उसके भाई को लापरवाही पूर्वक ठोकर मार दिया,जिसे अस्पताल लेकर गया वहाँ लखनऊ ले जाते समय रास्ते में मृत्यु हो गयी। उन्होंने न्यायहित प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज करके उनके भाई का पंचायतनामा,पोस्टमार्टम करवाने की मांग की थी। तहरीर पर पुलिस ने भारतीय न्याय संहिता 2023 के धारा 281,106 व मोटरयान अधिनियम, 1988 के धारा 184 के तहत अज्ञात वाहन व चालक के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है।

# भू माफियाओं से त्रस्त किसान बैठे धरने पर

**गोण्डा, समृद्धि न्यूज।**

- किसानों ने कहा यदि नहीं होगा 15 दिन में समाधान तो मुख्यमंत्री का करेंगे घेराव



नवाबगंज क्षेत्र के ग्राम पंचायत रेहली व राजस्व ग्राम मीरपुर यूसुफ में चौरासी कोसी परिक्रमा मार्ग के लिए अधिग्रहीत भूमि अयोध्या विकास प्राधिकरण के अंतर्गत आती है। जमीन की कीमत बढ़ जाने से सरकार व भू-माफियाओं द्वारा किसानों की जमीनें हड़पने का आरोप लगाने सहित अन्य मांगों को लेकर आज अन्नदाता किसान यूनियन के नेतृत्व में बड़ी संख्या में क्षेत्र के किसान कलेक्ट्रेट पहुंचे और अनिश्चितकालीन धरने पर बैठ गए।

अन्नदाता किसान यूनियन की मांग है कि 84 कोस सड़क में किसानों की जो भूमि अधिग्रहीत की जा रही है, वह मौजूदा समय में 60 लाख रूपए प्रति बीघा बिक रही है। अधिग्रहण में अधिकांश किसानों की संपूर्ण भूमि जा रही है जिससे वह भूमिहीन हो जाएगा। उसके जीविकोपार्जन का एकमात्र जरिया सरकार द्वारा छीना जा रहा है। किसानों का कहना है कि अयोध्या में श्रीराम जन्मभूमि मंदिर निर्माण के कारण नवाबगंज क्षेत्र की भूमि सर्किल रेट से कई गुना ज्यादा हो गया है। ग्राम पंचायत लोलपुर इस्माइलपुर में भू-माफियाओं, लेखपाल, रजिस्ट्रार, एसडीएम व तहसीलदार के द्वारा फर्जी तरीके से दलितों व धारा 80 की जमीन को नियम विरूद्ध बैनामा कराया जा रहा है। यह भी आरोप लगाया गया है कि भू-माफियाओं के द्वारा सरकार को भारी राजस्व की क्षति पहुंचाई जा रही है। इसके साथ ही अधिकारियों व कर्मचारियों पर भी तथ्य छुपा कर दलित किसानों को भूमिहीन बनाए जाने का गंभीर आरोप लगाया गया है। भारी संख्या में कलेक्ट्रेट पहुंचे किसान जिला पंचायत टीनशेड के नीचे धरना प्रदर्शन शुरू कर दिए। जानकारी होते ही जिलाधिकारी नेहा शर्मा ने सिटी मजिस्ट्रेट विजय शर्मा को धरना स्थल पर भेजा। किसानों से चली वार्ता में कोई नतीजा नहीं निकला। इस पर किसान डटे रहे। करीब पांच बजे एडीएम आलोक कुमार व अपर पुलिस अधीक्षक पूर्वी मनोज कुमार रावत मौके पर पहुंचे, जिन्हें छह सूत्री मांग पत्र सौंपा गया। एडीएम ने किसानों की समस्याओं के समाधान के लिए 15 दिन का समय मांगा। इसके साथ ही लेखपाल के तबादले एवं एफआईआर दर्ज कराने का भी आश्वासन दिया, जिसके बाद किसानों ने धरना समाप्त करने की घोषणा की। हालांकि, किसानों द्वारा अधिकारियों को चेतावनी भी दी गई है कि यदि 15 दिन में समाधान नहीं किया गया तो लखनऊ में मुख्यमंत्री का घेराव किया जाएगा।

इस अवसर पर यूनियन के प्रदेश अध्यक्ष राजकुमार पाण्डेय, भानू प्रताप सिंह, सत्यनारायण दूबे जिलाध्यक्ष, अधिवक्ता गौरव सिंह, पवन सिंह, महेश पाण्डेय, छोटू तिवारी, भल्लू यादव, आनंद सिंह, बेचनलाल चौहान, बरसाती चौहान, संतराम चौहान, महिला जिलाध्यक्ष किरन गौतम आदि मौजूद रहे।

## खबरें एक नजर में

### एसडीएम व सीओ ने किया कांवरियों पर पुष्प वर्षा

- कावरियों के लिए झुकिया में आयोजित हुआ भंडारा



**जरवल, बहराइच समृद्धि न्यूज।** हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी जरवल से निकले कावरिया जो गोंडा जिले के करनैलगंज सरयू घाट से जल भरकर बाराबंकी में स्थापित लोधेश्वर महादेव मंदिर में जलाभिषेक करने के लिए निकले (शिवभक्त) कांवरियों जरवल चौकी पर कैसरगंज उपजिलाधिकारी पंकज दीक्षित एवं अनिल कुमार सिंह पुलिस क्षेत्राधिकारी कैसरगंज तथा जरवलरोड थानाध्यक्ष बृजराज प्रसाद ने पुष्प वर्षा कर किया स्वागत अभिनंदन। कावरियों के लिए झुकिया में एक भंडारे का आयोजन किया गया जिसमे सभी शिव भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया तथा कावरियो की सेवा के लिए स्वास्थ्य शिविर भी लगाया गया जिसमें डा दीपक गुप्ता, डा आकाश गुप्ता, डा अस्मित रस्तोगी ने भक्तों की सेवा की । इस मौके पर हिंदू उत्सव समिति अध्यक्ष सचिन गर्ग, कार्यक्रम संयोजक कैलाश सोनी,सोनू सोनी,शिव राम गुप्ता, कैलाश नाथ राना,संतोष श्रीवास्तव,त्रिवेणी गुप्ता,सचिन चौरसिया, दिलेराम भारती,ईश्वर चंद्र गुप्ता, जगदीश प्रसाद कनौजिया स्वामीनाथ कसौधन दीपू मिश्रा एवं सैकड़ो संख्या में शिव भक्त मौजूद रहें।

### इंडेन गैस के डिलीवरी ब्वॉय ने फांसी लगाकर की आत्महत्या, मचा कोहराम



**परसपुर/गोण्डा, समृद्धि न्यूज।** स्थानीय थाना क्षेत्र के अन्तर्गत नगर पंचायत परसपुर के राजाटोला साईं तकिया के रहने वाले एक युवक का शव फंदे से लटका मिला है। बताया जाता है कि उक्त युवक इंडेन गैस का डिलीवरी ब्वॉय था और गैस एजेंसी पर चोरी के आरोप लगने से आहत था। गैस एजेंसी के प्रबंधक ने उसे पिटाई करने की धमकी दी थी। मिली जानकारी के मुताबिक नगर पंचायत परसपुर के राजाटोला साईं तकिया के रहने वाले युवक अपने घर के एक कमरे में दुपट्टे के सहारे छत के हुक से रविवार देर रात फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने स्थानीय लोगों की मदद से दरवाजा तोड़कर शव को बाहर निकाला। परिजनों का आरोप है कि गैस एजेंसी के प्रबंधक ने उनके बेटे पर रिफिल चोरी का आरोप लगाया था जिससे आहत होकर उसने मौत को गले लगाया है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। दयालु के मुताबिक उनका बेटा चार दिन पूर्व सिलिंडर की डिलिवरी करने गलिबहा गांव के एक व्यापारी के घर गया था। जहां उसने दो सिलिंडर पहुंचाया था। लेकिन उपभोक्ता ने गैस एजेंसी पर शिकायत दर्ज कराई कि उन्हें एक ही रिफिल मिली है, जबकि दूसरा सिलिंडर खाली आया है। इसी बात को लेकर गैस एजेंसी प्रबंधक ने उनके बेटे को पिटाई करने की धमकी भी दी थी। बाद में गैस एजेंसी के प्रबंधक ने उपभोक्ता के घर पहुंचकर जांच की तो दोनों सिलिंडर भरे मिले जिस पर उपभोक्ता ने गलती भी स्वीकार कर ली थी। चोरी के आरोप से आहत होकर उनके बेटे ने खुदकुशी कर ली। इस संबंध में गैस एजेंसी के प्रबंधक प्रवीण सिंह का कहना है कि आनंद ने दो सिलिंडर गलिबहा गांव के एक व्यापारी को चार दिन पहले डिलिवरी किया था। व्यापारी ने शिकायत दर्ज कराई थी। लेकिन मौके पर जांच के दौरान दोनों सिलिंडर भरे पाए गए। मामला निपट गया था,आनंद ने रविवार को काम भी किया था। पिटाई का आरोप निराधार है।

# ब्लॉक सभागार में क्षेत्र पंचायत की बैठक आयोजित

**विशेश्वरगंज, बहराइच समृद्धि न्यूज।**



- बैठक में नहीं पहुंचे समाज कल्याण, खाद्य रसद व विभाग का कोई प्रतिनिधि, जताई नाराजगी
- पाइप डालने के बाद रास्तों की मरम्मत न किए जाने पर सभी ग्राम प्रधानों ने एक मत होकर जाताया असंतुष्टि

ब्लाक सभागार में क्षेत्र पंचायत की कार्य योजना की बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें ग्राम पंचायत सदस्य, बीडीसी व ग्राम प्रधानों ने बैठक में हिस्सा लिया।

मुख्य अथिति पयागपुर विधायक सुभाष त्रिपाठी व विशिष्ट अतिथि जिलाध्यक्ष भाजपा बृजेश पाण्डेय रहे। कार्य योजना की बैठक में विधायक सुभाष त्रिपाठी ने केंद्र व राज्य सरकारों की योजनाओं के बारे जागरूक किया।बैठक में समाज कल्याण,खाद्य रसद विभाग सहित का कोई प्रतिनिधि नही पहुंचा उस पर नाराजगी व्यक्त की। मुखूय अतिथि ने बैठक में बीडीसी व प्रधानों की समस्याओं के निस्तारण एवं भविष्य में होने वाली बैठक में विभागों द्वारा कोरम बैठक के एजेंडे को रिसीव कराने पर जोर दिया।बैठक में मौजूद सभी ग्राम प्रधान, क्षेत्र पंचायत सदस्यों एवं ग्राम पंचायतों सदस्यों को बैठक में मौजूद अधिकारियों ने बारी बारी से अपने विभाग से सम्बन्धित सरकार के द्वारा चलाई जा रही जन कल्याण योजना के बारे में जानकारी दी।जल जीवन मिशन के प्रतिनिधि रवि प्रताप सिंह के विभाग द्वारा पाइप डालने के बाद रास्तों की मरम्मत न किए जाने पर सभी ग्राम प्रधानों ने एक मत होकर असंतुष्टि जताई,जिस पर विधायक सुभाष त्रिपाठी ने सख्त लहजे में विभाग को कार्यशैली सुधारने के निर्देश दिए।

ब्लाक प्रमुख वन्दना पाण्डेय ने बताया कि वें जनता के कार्यों के लिये मंगलवार को ब्लॉक में मौजूद रहेगी। इस अवसर पर विधानसभा संयोजक निशंक त्रिपाठी, प्रमुख प्रतिनिधि राकेश पाण्डेय,मंडल अध्यक्ष राजकुमार शुक्ल, त्रिलोकीनाथ चौबे,जिला पंचायत सदस्य पावन पांडे,चेतराम , आनंद पांडे, आर एंन पांडे, कैलाशनाथ द्विवेदी, धनलाल पांडे, सहित भारी संख्या क्षेत्रीय अपेक्षित लोग उपस्थित रहे।

# अपहृत युवक को विशेश्वरगंज पुलिस ने बरामद कर बयान के लिए भेजा न्यायालय

**विशेश्वरगंज, बहराइच समृद्धि न्यूज।**



थाना विशेश्वरगंज पुलिस द्वारा एक अपहृत युवक को मुखबिर की सूचना पर बरामद किया गया।थाना प्रभारी निरीक्षक नवीन कुमार सिंह ने बताया कि पुरैना मोड़ निवासिनी मुन्नी देवी उर्फ सुंदरपता द्वारा अपने 31 वर्षीय बेटे को मारपीट कर गायब किए जाने की शिकायत 24/9/2023 को की गई थी। जिस पर धारा 364,323,506 आईपीसी के तहत मुकदमा पंजीकृत किया था। इस दौरान विवेचना उपनिरीक्षक राधेश्याम यादव व हमराही साहब यादव द्वारा 11 जुलाई 2024 को मुखबिर की सूचना पर गायब युवक को बरामद कर 164 बयान के लिए न्यायालय भेज दिया गया है। वही उपनिरीक्षक गुलाब सिंह व कांस्टेबल राज नाथ यादव द्वारा मुकदमे में एक वारंटी दद्दन उर्फ रामधन निवासी ग्राम छतौनी, गंगवल थाना विशेश्वरगंज को गिरफ्तार कर न्यायालय भेजा गया है।

# सांसद, विधायक ने निकाली तिरंगा यात्रा

- युवा मोर्चा ने किया तिरंगा यात्रा का नेतृत्व, जगह जगह हुआ स्वागत



**बहराइच, समृद्धि न्यूज़।** सोमवार को भारतीय जनता पार्टी द्वारा चलाए जा रहा तिरंगा अभियान के अंतर्गत जिला उपाध्यक्ष रण विजय सिंह व युवा मोर्चा के संयोजक अरूणेन्द्र सिंह अंकित के नेतृत्व में नानपारा विधानसभा में तिरंगा यात्रा का शुभारंभ बहराइच सांसद डॉ आनंद कुमार गोंड, नानपारा विधायक रामनिवास वर्मा ने किया। सांसद ने रिसिया मोड पर स्वागत करते हुए साथ- साथ संपूर्ण विधानसभा नानपारा में भ्रमण के लिए इस यात्रा का शुभारम्भ किया। रिसिया मंडल अध्यक्ष हेमंत कुमार वर्मा अपने समस्त पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं के साथ इस तिरंगा यात्रा में सम्मिलित होकर मटेरा मंडल पहुंचे वहां पर मंडल के कार्यकर्ता व मंडल अध्यक्ष कुश शुक्ल द्वारा इस तिरंगा यात्रा का स्वागत किया गया। तत्पश्चात तिरंगा यात्रा नानपारा पहुची मंडल अध्यक्ष आशीष पांडे व कार्यकर्ताओं के द्वारा इस तिरंगा यात्रा का भव्य स्वागत करके नानपारा तहसील का भ्रमण किया गया। इसके बाद मंडल रामपुर धोबियाहार इमामगंज चौराहा पहुंची वहां पर मंडल अध्यक्ष शालिगराम लोधी द्वारा भव्य स्वागत सभी पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं द्वारा किया गया। उसके बाद यह तिरंगा यात्रा आगईया चौराहा होते हुए बाबागंज रुपईडीहा पहुंची जहां पर मंडल अध्यक्ष बलवंत सिंह व ब्लाक प्रमुख जेपी सिंह व सभी कार्यकर्ताओं व पदाधिकारी के साथ संपूर्ण नगर भ्रमण किया। तथा इस तिरंगा यात्रा का समापन जमोग में किया गया। इस अवसर संतोष सिंह सहित सभी मंडलों के मंडल उपाध्यक्ष, महामंत्री, मंत्री, महिला मोर्चा के कार्यकत्री युवा मोर्चा, अनुसूचित मोर्चा, पिछड़ा मोर्चा, अलपसंख्यक मोर्चा व ब्लॉक प्रमुख जिला पंचायत सदस्य तिरंगा यात्रा में सम्मिलित होकर अपने राष्ट्र के प्रति अपनी निष्ठा प्रदर्शित की।

# नई दिल्ली के लिए एकलव्य विद्यालय के छात्र-छात्राएं रवाना

- कलेक्ट्रेट परिसर से डीएम ने वाहन को दिखाई हरी झण्डी
- राष्ट्रपति से वार्तालाप का मिलेगा अवसर
- छात्र-छात्राओं ने डीएम को भेंट किया हस्तनिर्मित स्मृति चिन्ह



**बहराइच, समृद्धि न्यूज।**

**बहराइच समृद्धि न्यूज़** स्वतन्त्रता दिवस के अवसर पर 15 अगस्त 2024 को लाल किला नई दिल्ली में आयोजित होने वाले कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप जनजाति कार्य मंत्रालय भारत सरकार द्वारा आमंत्रित किये गये जनपद के एकलव्य माडल आवासीय विद्यालय बोझिया बहराइच में जनजाति समुदाय के अध्ययनरत 07 छात्र-छात्राओं के दल के वाहन को जिलाधिकारी मोनिका ने कलेक्ट्रेट परिसर से हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। इससे पूर्व कलेक्ट्रेट पहुंचने पर छात्र-छात्राओं ने जिलाधिकारी मोनिका रानी से शिष्टाचार भेंट करते हुए थारू हस्तशिल्पी के तहत मूंज से निर्मित कलाकृति हैट, छात्रा द्वारा तैयार किया गया डीएम का स्कैच तथा शोपीस किया। दिल्ली के लिए जा रहे बच्चों को डीएम ने लंच पैकेट व मिष्ठान भेंट कर सकुशल यात्रा के लिए शुभकामनाएं दीं। छात्र-छात्राओं के प्रतिनिधि मण्डल को 16 अगस्त 2024 को भारत के राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मु से वार्तालाप व ग्रुप फोटो शूट कराने का अवसर भी मिलेगा। भेंटवार्ता के दौरान छात्र-छात्राएं एक-जनपद, एक-उत्पाद योजना के तहत हस्तनिर्मित कलाकृति भी राष्ट्रपति को भेंट करेंगे।

### डीएम ने कृषि भवन परिसर में स्थित विभिन्न कार्यालयों का किया निरीक्षण



जिलाधिकारी मोनिका रानी ने कृषि भवन परिसर में स्थित जिला उद्यान कार्यालय, मृदा परीक्षण प्रयोगशाला, बीज विधायन संयंत्र, कृषि विज्ञान केन्द्र में नीति आयोग के बजट से निर्माणाधीन हल्दी प्रोसेसिंग यूनिट, मशरुम कल्टीवेशन प्रयोगशाला का औचक निरीक्षण किया तथा कृषि भवन सभागार में आयोजित 15 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम सर्टिफिकेट कोर्स ऑन इंटीग्रेटेड न्यूट्रीएंट्स मेनेजमेन्ट का दीप प्रज्वलित कर शुभारम्भ किया। जिलाधिकारी ने सर्वप्रथम जिला उद्यान अधिकारी के कार्यालय का निरीक्षण कर कार्यालय की साफ-सफाई एवं पौधशाला की सराहना की। निरीक्षण के दौरान डीएम ने कार्यालय परिसर में सन्शेसन रंगीन अमेरिकन प्रजाति के आम के पौध का रोपण भी किया गया। इसके उपरान्त डीएम ने मृदा परीक्षण प्रयोगाशाला का निरीक्षण कर सूक्ष्म पोषक तत्व कॉपर, जिंक, आयरन, मैग्नीज़ का ए.ए.एस. मशीन से विश्लेषण की विधि की जानकारी चाहने पर मृदा परीक्षण प्रयोगशाला के अध्यक्ष ने मशीन का संचालन कर सूक्ष्म पोषक तत्व कॉपर, जिंक, आयरन, मैग्नीज के विश्लेषण करने के विधि का प्रदर्शन किया गया। निरीक्षण के दौरान जनपद की मृदा में माइक्रोन्यूट्रीएंट की उपलब्धता के बारे में पूछने पर उप कृषि निदेशक ने डीएम को बताया कि जनपद की मृदा में बोरान, सल्फर, कॉपर और मैंगनीज की कमी हैं जिसका उल्लेख मृदा स्वास्थ्य कार्ड पर छपी हुई है साथ ही उक्त तत्वों की कमी को पूर्ण करने के लिए उर्वरक की संस्तुतियां भी अंकित की गई हैं। डीएम ने पी.एच. एवं ई.सी. परीक्षण मशीन का भी अवलोकन कर पी.एच. एवं ई.सी. परीक्षण के डिमान्सट्रेशन को देखा। डीएम को बताया गया कि जनपद की मृदा में पी.एच. एवं ई.सी. का स्तर सामान्य है। डीएम ने मृदा परीक्षण प्रयोगशाला में स्थापित अन्य उपकरणों यथा मैकेनिकल शेकर, इलेक्ट्रॉनिक बैलेन्स, शेकिंग वाटर बाथ, डिस्ट्रिक्ट वाटर प्लान्ट आदि का भी निरीक्षण किया गया जो कि सही एवं सुचारू अवस्था में पाये गये। डीएम ने निर्देश दिया कि प्रयोगशाला में निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए 10 किलोवाट क्षमता का सोलर पैनल स्थापित किया जाय।

# सरकार के लाखों रुपये देने के बाद भी समितियों पर नहीं पहुंच रही खाद

- समिति संचालन के लिए प्रतिवर्ष पांच वर्ष पर सरकार देती थी पांच लाख



**बहराइच, समृद्धि न्यूज।**

जिले में स्थित सहकारी समितियों के संचालन के लिए सहकारिता विभाग की ओर से पांच से 10 लाख रुपये दिए जा रहे हैं। इसके बाद भी बजट के अभाव में खाद समितियों तक नहीं पहुंच रही है। सोसाइटी के पास बजट ही नहीं है। ऐसे में बजट के सदुपयोग पर सवाल उठ रहे हैं। लाखों रुपये मिलने के बाद भी खाद की खरीद समय से न होना कई सवाल खड़े कर रहा है। जिले में 111 सहकारी समितियों का संचालन होता है। इन समितियों से किसानों को डीएपी, यूरिया खाद मिलती है। इसके संचालन के लिए सरकार की ओर से पांच लाख रुपये समिति के सचिवों के नाम दी जाती है, इस बजट से खाद की खरीद कर किसानों को दिया जाए। लेकिन बोवाई के समय ही जिले में एक माह से खाद को लेकर हाय तौबा मची हुई है। कृषि विभाग सचिवों पर खाद उठान का जिम्मा होने की बात कहता है। जबकि सचिव समय से खाद का उठान केएफसी गोदाम से नहीं कर रहे हैं। इसका मतलब है कि सरकार द्वारा भेजे जा रहे बजट को बंदरबांट कर दिया गया है। हालांकि यह अभी जांच का विषय है। लेकिन सरकार द्वारा दिए जा रहे रूपये कहां लगाए जा रहे हैं, इसको लेकर भी कई सवाल उठ रहे हैं। अभी एक सप्ताह पहले ही मांग के सापेक्ष खाद नहीं मिल रही थी। जिसमें रूपये की कमी और सचिव द्वारा खाद न खरीदने का मामला प्रकाश में आया है। मालूम हो कि नेपाल में खाद की तस्करी न हो, इसके लिए सरकार की ओर से समिति के सचिव के नाम से पांच पांच लाख रुपये जारी किया जा रहा है। लेकिन किसी भी समिति पर सचिव की ओर से पांच लाख रुपये का खाद खरीदकर नहीं रखा जा रहा है। जिसका खामियाजा किसान भुगतते हैं।

### पांच के स्थान पर हुआ 10 लाख

समिति संचालन के लिए पहले सरकार की ओर से पांच लाख रुपये दिया जाता था। लेकिन अब इसे बढ़ाकर केसीसी के रूप में परिवर्तित कर 10 लाख कर दिया गया है। इसके बाद सोसाइटी के पास भुगतान न होना कई सवाल खड़े करता है। बिक्री के कमीशन की राशि ही सचिवों को वेतन के रूप में मिलना है।

### सभी केंद्रों पर पहुंच गई खाद

बीते सप्ताह समितियों पर खाद की कुछ दिक्कत हुई थी। वहां खाद पहुंच गई है। लेकिन सचिवों के द्वारा जितनी खाद खरीदी जायेगी, उतनी ही बिक्री किसानों को होगी। अब कहीं दिक्कत नहीं है। सभी समितियों को खाद पहुंच गई है। अगर कहीं दिक्कत है तो बताएं। वहां भी खाद पहुंच जाएगी।

*संजीव तिवारी एआर कोआपरेटिव*

# घर से बुलाकर युवक की गोली मारकर हत्या

- गोली मारकर हमलावर मौके से हुए फरार
- सूचना पर पहुंची पुलिस जांच पड़ताल में जुटी



**नसीराबाद रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**

उत्तर प्रदेश में बेलगाम हुए अपराधी। योगी सरकार को दे रहे हैं खुली चुनौती। रायबरेली की निष्क्रिय एसपी की कार्यशैली से जन आक्रोश फैलता जा रहा है। चोरी, हत्या, डकैती तमाम आपराधिक घटनाएं की जिले में बाढ़ आ गई है। मामला जनपद के नसीराबाद थाना क्षेत्र का है जहा दलित युवक की गोली मारकर हत्या की गई है। हत्या का कारण नागपंचमी के दिन हुए विवाद को बताया जा रहा है।

थाना क्षेत्र के पिछवरिया गांव में रविवार रात करीब नौ बजे एक युवक की गोली मारकर हत्या कर दी गई। गांव का ही एक व्यक्ति युवक को घर से बुलाकर बाहर ले गया। वहां मौजूद हमलावरों ने फायरिंग कर दी। युवक की पीठ में लगी गोली उसके पेट को चीरते हुए निकल गई। घटना से अफरातफरी मच गई। जानकारी के अनुसार पिछवरिया गांव निवासी अर्जुन सरोज (21) रात में अपने घर के पास बैठा था। इसी दौरान गांव का एक व्यक्ति उसे घर से बुलाकर बाहर ले गया। इस बीच वहां पर पहले से मौजूद हमलावरों ने अर्जुन को गोली मार दी। फायरिंग की आवाज सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे, लेकिन तब तक हमलावर फरार हो गए।

### नागपंचमी के दिन हुआ था विवाद

घटना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने शव ले जाने की कोशिश तो भीम आर्मी के कार्यकर्ता मौके पर पहुंच गए। उन्होंने शव ले जाने से रोकते हुए आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग की। इस दौरान भीम आर्मी के कार्यकर्ताओं की पुलिस से नोकझोंक शुरू हो गई। घटना की सूचना पर पुलिस अफसर भी मौके पर पहुंचे। पुलिस अफसरों ने आरोपियों पर कार्रवाई का भरोसा देते हुए भीम आर्मी के कार्यकर्ताओं को शांत कराया। बताया जाता है कि नाग पंचमी के दिन मृतक युवक और आरोपियों के बीच किसी बात को लेकर विवाद हो गया था। इसी विवाद में युवक की गोली मारकर हत्या कर दी गई। युवक की हत्या के बाद पुलिस अफसर गांव में मौजूद हैं। वहीं परिजन और भीम आर्मी के कार्यकर्ता आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग कर रहे हैं। सीओ ने बताया कि पीड़ित परिवार की तहरीर के आधार पर हमलावरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है जल्द गिरफ्तारी की जाएगी।

# सरकारी अस्पताल की बदहाल व्यवस्था को लेकर व्यापार मंडल ने डीएम व सीएमओ को सौंपा ज्ञापन

**लालगंज रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**

उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल लालगंज के नगर अध्यक्ष विवेक शर्मा ने लालगंज सरकारी अस्पताल में व्याप्त समस्याओं को लेकर एक ज्ञापन जिलाधिकारी हर्षिता माथुर एवं मुख्य चिकित्सा अधिकारी वीरेंद्र सिंह रायबरेली को सौंपा और कहा है कि जनहित में समस्याओं को अविलंब दूर कराया जाये। विवेक शर्मा ने लालगंज सरकारी अस्पताल की समस्याओं के बाबत जिलाधिकारी एवं सीएमओ को जानकारी देते हुए बताया कि सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लालगंज जनपद का बड़ा अस्पताल है जहां पर



दूर-दूर से लगभग हजारो मरीज इलाज कराने आते हैं। अस्पताल के अंदर मरीजो एवं तीमारदारों को बड़ी समस्याओं का सामना करना पड़ता है। खासतौर सेअस्पताल के मेन गेट से ओपीडी बिल्डिंग तक सड़क ध्वस्त हो गई है ।उसमें बड़े-बड़े गड्ढे हो गए हैं।परिसर में लगातार कई वर्षों से गंदे पानी का भराव हो रहा है परिसर के अंदर गाड़ी पार्किंग न होने से भारी दिक्कत होती है मरीजों एवं तीमारदारों के पीने हेतु पानी की समुचित व्यवस्था नहीं है।अल्ट्रासाउंड मशीन व डॉक्टर ना होने से मरीजों को भारी दिक्कत का सामना करना पड़ता है।अस्पताल में हड्डी के डॉक्टर व सर्जन ना होने से मरीजों को रायबरेली लखनऊ के चक्कर लगाने पड़ते हैं।

जिला महामंत्री अप्पू शर्मा ने सीएमओ से कहा कि जनहित में समस्याओं को गंभीरता से लेकर एक सप्ताह के अंदर अविलंब दूर कराया जाये इस मौके पर जिला अध्यक्ष रोहित सोनी, नगर महामंत्री संगठन कौशलेंद्र कंचन मौजूद रहे।

## खबरें एक नजर में

### शिव भक्तों ने बेथुइया शिव मंदिर पर किया जलाभिषेक

**उतरौला(बलरामपुर), समृद्धि न्यूज।** भगवान भोलेनाथ की आराधना के पवित्र श्रावण मास की चौथे सोमवार को श्रावण मास को लेकर शिवभक्तों में काफी उत्साह दिखा। उतरौला तहसील क्षेत्र के सभी शिवालयों व मंदिरों में भक्तों की दर्शन के लिए भारी भीड़ रही। चौथे सोमवार को ग्रामीण क्षेत्र के बढ़या पकड़ी,मझौव्वा कुरथुवा, बनघुसरा, बदलपुर, इमलिया, दिलावलपुर, बरमभारी समेत दर्जनों गांव के भक्तों ने कांवण यात्रा में शामिल होकर बेथुइया शिव मंदिर पर जलाभिषेक कर पूजन अर्चन किया। नगर के श्री दुख हरण नाथ मंदिर के महंत मयंक गिरी ने बताया कि सावन के दूसरे सोमवार को श्री दुख हरण नाथ मंदिर, पिपलेश्वर महादेव मंदिर,शिव मंदिर, फक्कड़ दास मंदिर में जलाभिषेक और दुग्धाभिषेक की भक्तों द्वारा किया गया। बता दें सावन में सोमवार का विशेष महत्व है। नगर के सभी शिवालयों में भक्तों की भारी भीड़ रहती है। नगर पालिका परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि अनूप गुप्ता ने सभी मंदिरों पर साफ-सफाई व चूने का छिड़काव लाइट की व्यवस्था का स्थलीय निरीक्षण कर नगर पालिका के कर्मचारियों को आवश्यक निर्देश दिए।

### वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

**उतरौला(बलरामपुर), समृद्धि न्यूज।** सोमवार को थाना गैंड़ास बुजुर्ग के थानाध्यक्ष दुर्विजय मय टीम के द्वारा देखभाल क्षेत्र एवं तलाश वांछित अपराधी व वारण्टी के दौरान न्यायालय-स्छ्व कोर्ट 02 बलरामपुर द्वारा जारी गिरफ्तारी अधिपत्र मामला संख्या 83/2015 अ0सं0 193/2015 धारा 323,504,308 भादवि0 थाना कोतवाली उतरौला से सम्बन्धित जगदीश पुत्र झगरू पासी निवासी ग्राम छोटका धुसवा मश0 इटईरामपुर थाना कोतवाली उतरौला वर्तमान थाना गैण्डास बुजुर्ग जनपद बलरामपुर के विरुद्ध जारी NBW के अनुपालन में अभियुक्त जगदीश उपरोक्त को गिरफ्तार कर नियमानुसार न्यायालय रवाना किया गया ।

### कार की चपेट में आकर बालक घायल



**रायबरेली, समृद्धि न्यूज।** तेज रफ्तार कार अनियंत्रित होकर एक के बाद एक तीन बिजली के खंभों को तोड़ते हुए दुकान में घुसी, दुकान में बैठे मासूम बच्चे सहित तीन लोग हुए घायल मासूम बच्चे को गंभीर हालत में अस्पताल में कराया गया भर्ती, मामला भदोखर थाना क्षेत्र के अंतर्गत कस्बे का है जहां प्रतापगढ़ की तरफ से आ रही एक तेज रफ्तार वरुणा कार अनियंत्रित होकर एक के बाद एक तीन बिजली के खंभों को तोड़ते हुए दुकान में जा घुसी जिससे वहां दुकान में बैठे मासूम बच्चे सहित तीन लोग घायल हो गए, गनीमत यह रही बड़ा हादसा टल गया क्योंकि जिस समय बिजली के खंभे टूटे उस समय बिजली की सप्लाई चल रही थी, अगर बिजली के तार लोगों पर गिर जाते तो बड़ा हादसा हो सकता था स्थानीय लोगों की मदद से सभी घायलों को इलाज के लिए नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया वहीं सूचना पर पहुंचे पुलिस ने कार चालक को मय कार के हिरासत में लेकर विधिक कार्रवाई शुरू कर दी है।

### एम्स के मेडिकल छात्रों ने किया प्रदर्शन




**रायबरेली, समृद्धि न्यूज।** कोलकाता आरजी कर मेडिकल कॉलेज की एक जूनियर डॉक्टर के साथ हुई बर्बरता के विरोध में सोमवार को एम्स रायबरेली के छात्रों द्वारा विरोध प्रदर्शन एवं कैंडल मार्च का आयोजन किया गया ।इस कैंडल मार्च में सैकड़ों लोग शामिल हुए, जिनमें सीनियर डॉक्टर, मेडिकल छात्र, और और सहायक कर्मचारी शामिल थे। सभी ने हाथों में मोमबत्तियाँ लेकर न्याय की मांग की। इस मार्च का उद्देश्य न केवल पीड़िता के लिए न्याय की मांग करना था, बल्कि समाज में महिलाओं की सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाना भी था। प्रदर्शनकारियों ने सरकार और प्रशासन से इस मामले में त्वरित और कठोर कार्रवाई की मांग की। उन्होंने यह भी कहा कि इस तरह की घटनाओं को रोकने के लिए सख्त कानून और उनके प्रभावी कार्यान्वयन की आवश्यकता है। इस कैंडल मार्च का नेतृत्व स्वार प्रेसीडेंट अनुराग कौशिक ने किया और उनके साथ तरुण छाबडा , ऋतिक मित्तल, विनय परमार आदि मौजूद रहे ।

### आकाशीय बिजली की चपेट में आने से किसान की मौत

**रायबरेली, समृद्धि न्यूज।** भारी बारिश के बीच खेत गए किसान पर गिरी आकाशीय बिजली, आकाशीय बिजली की चपेट में आने से 40 वर्षीय किसान की मौके पर हुई दर्द नाक मौत मामला हरचंदपुर थाना क्षेत्र के अंतर्गत घोंघवा का पुरवा मजरे छतैया गांव का है जहां पूरन यादव पुत्र रामेश्वर यादव उम्र 40 वर्ष धान की फसल को देखते हुए की खेत गए हुए थे तभी अचानक भारी बारिश के बीच तेज गड़गड़ाहट के साथ किसान के ऊपर आकाशीय बिजली गिर पड़ी आकाशीय बिजली की चपेट में आने से किसान गंभीर रूप से झुलस गया स्थानीय लोगों की मदद से घायल किसान को नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया, किसान की मौत से परिवार में कोहराम मच गया वहीं सूचना पर पहुंचे पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा वहीं मौके पर पहुंचे तहसीलदार अनिल पाठक ने किसान की मौत होने पर उनके परिवार को किसान दुर्घटना बीमा योजना के तहत मुआवजा दिलाने के प्रयास शुरू कर दिए।



### शिव मंदिरों में रही हर हर बम बम की धूम

**रायबरेली, समृद्धि न्यूज।** सावन के चौथे सोमवार को जनपद के सभी शिव मंदिरों में उमड़ा भक्तों का सैलाब जिले के सभी शिव मंदिरों भंवरेश्वर, बाल्हेश्वर, बाबा आनंदेश्वर महादेव चंदापुर शिव मंदिर, जगमोहनेश्वर धाम में भगवान शिव के जलाभिषेक के लिए सुबह से ही लगी लंबी-लंबी कतारें, शहर के लगभग डेढ़ सौ वर्ष पुराने चंदापुर में स्थित जगमोहनेश्वर शिव मंदिर में सुबह से ही भक्तों का सैलाब उमड़ा है इस मंदिर में ऐसी मान्यता है कि जो भक्त सावन के हर सोमवार को गंगाजल दूध बेलपत्र अर्पित करता है भगवान शिव उसकी सभी मनोकामनाओं को पूरा करते हैं इसी आस्था और विश्वास के साथ लोग सैकड़ो किलोमीटर दूर से यहां आते हैं और भगवान शिव को गंगाजल बेलपत्र दूध अर्पित करते हैं सावन के पहले सोमवार को कांवरियों की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर जिला प्रशासन पूरी तरह से सतर्क है।

# आरेडिका में 89वें अखिल भारतीय रेलवे एथलेटिक चैंपियनशिप का समापन

**लालगंज रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**

आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना में दिनांक 09.08.2024 से 11.08.2024 तक चले 89वें अखिल भारतीय रेलवे एथलेटिक चैंपियनशिप-2024 के आयोजन का भव्य समापन हो गया। जिसमें कुल 48 प्रतियोगिताएँ आयोजित की गयी जिसमें मुख्य हैं डिस्कस थ्रो, जैवेलिन थ्रो, हैमर थ्रो, ट्रिपल जम्प, दौड, लम्बी कूद, ऊँची कूद, वाकरेस, शॉटपुट, एवं पोलवॉल्ट, आदि। जिसमें विभिन्न रेलवे के पुरुष एवं महिला खिलाड़ियों ने विजय पताका फहरा कर अपने अपने जोन को गौरवांवित किया।




इस चैंपियनशिप में सर्वश्रेष्ठ महिला एथलीट का पुरस्कार पूर्व रेलवे की लिली दास को मिला वहीं सर्वश्रेष्ठ एथलीट पुरुष के विजेता सेण्ट्रल रेलवे के तेजस शिर्सी रहे। टीम चैंपियनशिप महिला की विजेता ईस्टर्न रेलवे एवं उप विजेता दक्षिण रेलवे की टीम रही। टीम चैंपियनशिप पुरुष की विजेता दक्षिण पश्चिम रेलवे एवं उप विजेता मध्य रेलवे की टीम रही। आरेडिका के महाप्रबंधक प्रशांत कुमार मिश्रा ने सभी विजेता खिलाड़ियों को पुरस्कार प्रदान किए। महाप्रबंधक मिश्रा ने आरेडिका खेल-कूद संघ, रेलवे बोर्ड स्पोर्टस प्रमोशन बोर्ड, ऑब्जर्बर, टेक्नीकल ऑफिशियल, एथलेटिक फेडरेशन, डीडी न्यूज, डीडी स्पोर्ट एवं नाडा के सभी सदस्यों का आभार जताया जिनके अथक परिश्रम और लग्न से इन प्रतियोगिताओं का सफल आयोजन संभव हुआ। आरेडिका की पदमश्री एवं अर्जुन पुस्कार प्राप्त तथा आरेडिका की खेलाधिकारी सुधा सिंह के सानिध्य में तैयारी कर रही आरेडिका की मुनीता प्रजापति ने 20किमी महिला वाक में स्वर्ण पदक, सोमनाथ ने 800 मीटर में स्वर्ण पदक, 35किमी वाक में पायल ने स्वर्ण पदक एवं नन्ही ने 400 मीटर हर्डल दौड़ में रजत पदक तथा आरेडिका ने 4 × 400 मीटर मिश्रित रिले दौड़ में स्वर्ण पदक प्राप्त किया। प्रतियोगिताओं के सकुशल सम्पन्न कराने पर विभिन्न स्थानों से आये खिलाड़ियों ने आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना के खेल- कूद संघ का आभार जताया।

## अंश स्वीट हाउस व रेस्टोरेंट का भव्य शुभारंभ



**महराजगंज रायबरेली, समृद्धि न्यूज।** महराजगंज बछरावां रोड निकट बबुरिहा मोड पर अंश स्वीट हाउस और रेस्टोरेंट का भव्य शुभारंभ किया गया । अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के युवा प्रदेश अध्यक्ष अतुल गुप्ता मुख्य अतिथि तौर पर पधारे विशिष्ट अतिथि के तौर पर जिला अध्यक्ष सरदार त्रिलोचन सिंह छाबड़ा रहे ।आए हुए अतिथियों ने फीता काटकर प्रतिष्ठान का शुभारंभ किया। अंश स्वीट हाउस एंड रेस्टोरेंट के प्रोपराइटर शिव ओम ने मुख्य अतिथि वह विशिष्ट अतिथि को माला पहनकर उनका स्वागत और सत्कार किया। इस मौके पर संरक्षक डॉक्टर मातादीन पासी व्यापार मंडल अध्यक्ष महराजगंज रिंकू जायसवाल बबलू वैश्य अंजनी वैश्य मुकेश मोदनवाल विनोद वैश्य पंकज गुप्ता मनीष यादव जगदीश यादव पल्लू शर्मा आशू यादव श्रीपाल एडवोकेट सूर्यपाल यादव सुशील यादव अखिलेश यादव शिव कैलाश वर्मा सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

## डीएम ने वृद्धाश्रम का किया निरीक्षण



- करवाई संस्था को गुणवत्तापरक सुविधाए उपलब्ध कराने के दिए निर्देश

**रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**

जिलाधिकारी हर्षिता माथुर ने वृद्धा आश्रम रायबरेली का निरीक्षण किया। इस अवसर पर समाज कल्याण अधिकारी सृष्टि अवस्थी को निर्देश दिया की वृद्धाश्रम का समय-समय पर निरीक्षण कर वृद्ध जनों को मिल रही सुविधाएं यथा भोजन, पेयजल, बिजली, सुरक्षा, औषधि और मनोरंजन सहित अन्य सुविधाओं की उसकी गुणवत्ता को अवश्य परखा जाए। वृद्ध जनों को किसी प्रकार की असुविधा न हो इसका पर्याप्त ध्यान रखा जाए। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने वृद्ध जनों से उनका हाल-चाल पूछते हुए विभागीय अधिकारी को निर्देश दिया कि समय-समय पर परिजनों से इनकी मुलाकात कराई जाए। साथ ही दूरसंचार के माध्यम से भी इनकी बातचित कराई जाए। इस अवसर पर कार्यदायीं संस्था के कर्मचारियों सहित विभागीय अधिकारी भी उपस्थित रहे।

## आरटीओ की चेकिंग में लाखों की राजस्व वसूली



**महराजगंज रायबरेली, समृद्धि न्यूज।** परिवहन विभाग की तरफ से चलाए गए अभियान में 12 अगस्त को आरटीओ ने 15 से अधिक गाड़ियों के कागजातों में कमी पाई आरटीओ रिहाना बानो ने बताया कि पांच गाड़ियों का चालान किया गया है जिसमें दो गाड़ी ओवरललोड तीन गाड़ियां फिटनेस ना होने पर सीज की गई है अन्य गाड़ियों में जैसे सीट बेल्ट ओवरलोड पॉल्यूशन इंश्योरेंस गाड़ियों का टैक्स बकाया था उनको भी पकड़ा गया है ।लगभग डेढ़ से दो लाख रुपए की राजस्व वसूली की गई है वही आरटीओ की चेकिंग से वाहन चालकों में हड़कंप देखा गया कुछ विद्यालय जो की टैक्सी गाड़ियों को न रखकर प्राइवेट गाड़ियां चलवाते हैं उन्होंने अपनी अपनी गाड़ियां ऐसी जगह खड़ी कर दी जिससे कि आरटीओ की नजर ना पड़े लेकिन आरटीओ के इस छापेमारी से ओवरलोड करने वाले साथ-साथ अपने वाहनों को सरकार की गाइडलाइन ना मानते हुए अपने हिसाब से चलाने वालों में हड़बड़ाहट साफ-साफ देखी गई।

## सवर्ण आर्मी की बैठक में तिरंगा यात्रा पर हुई चर्चा



**रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**

सवर्ण आर्मी के जिला अध्यक्ष की अगुवाई में सकंट मोचन धाम निकट इन्दिरा उद्यान रायबरेली प्रांगण में जिलाकार्यकारिणी की बैठक आयोजित की गई।इस दौरान जिला संरक्षक-योगेश सिंह व जिला अध्यक्ष-वृजेन्द्र सिंह फौजी द्वारा आगामी 15 अगस्त को 78 वें स्वतन्त्रता दिवस के अवसर पर सवर्ण आर्मी रायबरेली द्वारा निकाली जाने वाली तिरंगा यात्रा पर विस्तार से चर्चा की गई। साथ ही सगंठन के सभी पदाधिकारियों व ब्लाक अध्यक्षों को अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर तिरंगा यात्रा को सफल बनाने के लिए अनुरोध किया गया।तथा संगठन के विस्तार पर चर्चा करते हुये सभी पदाधिकारियों को संगठन में सवर्ण समाज के अधिक से अधिक लोगों को जोडने हेतु प्रेरित किया गया।साथ ही नवनियुक्त पदाधिकारियों को जिला अध्यक्ष द्वारा नियुक्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर सवर्ण आर्मी के जिला महासचिव -योगेन्द्र प्रताप सिंह (मुकुल),जिला मीडिया प्रभारी-विकास सिंह (उजाला), जिला उपाध्यक्ष- गजेंद्र सिंह,जिला उपाध्यक्ष- गिरजा शंकर शर्मा, जिला सचिव -शैलेन्द्र श्रीवास्तव, जिला उपाध्यक्ष-आदर्श सिंह,सलोन ब्लाक अध्यक्ष-शिवकुमार मिश्रा, जगतपुर ब्लाक अध्यक्ष-अरविन्द सिंह, हरचंदपुर ब्लाक अध्यक्ष-शिवा बाजपेई, ब्लाक उपाध्यक्ष-शिव सिंह सहित जिलाकार्यकारिणी के पदाधिकारीगण व सभी ब्लाकों के अध्यक्ष उपस्थित रहे।

### बार एसोसिएशन महराजगंज का चुनाव संपन्न, देवीप्रसाद अध्यक्ष तो अशोक कुमार बने महामंत्री



**महराजगंज रायबरेली, समृद्धि न्यूज।** महराजगंज बार एसोसिएशन मे अध्यक्ष पद और महामंत्री का हुआ चुनाव। एल्डर कमेटी के सदस्यों की देखरेख में मतदान हुआ तथा इन्हीं की देखरेख में मतों की गिनती भी की गई कमेटी के सदस्य वरिष्ठ एडवोकेट सुरेंद्र श्रीवास्तव चंद्रोदय सिंह विद्यासागर अवस्थी पंकज श्रीवास्तव शिवराम की देखरेख में मतदान हुआ जिसमें अध्यक्ष पद पर देवी प्रसाद एडवोकेट और रामसनेही के बीच में टक्कर हुई देवी प्रसाद एडवोकेट को जहां 59 मत मिली तो वहीं रामसनेही को 28 मत मिले देवी प्रसाद एडवोकेट अध्यक्ष चुने गए। महामंत्री के पद पर अशोक कुमार यादव और सुखई राजपूत के बीच टक्कर हुई जिसमें अशोक कुमार यादव को 62 मत मिले तो वही सुखई राजपूत को 31 मत मिले अशोक कुमार यादव ने महामंत्री पद पर विजय हासिल की । वरिष्ठ उपाध्यक्ष विजय शंकर अवस्थी कोषाध्यक्ष अध्यक्ष शिव शंकर बनाए गए। जीतने वाले अध्यक्ष और महामंत्री को मौजूद वकीलों ने फूलमालाओं से लाद दिया तथा मुंह मीठा कराया और हार्दिक शुभकामनाएं और बधाई दी।

# जल निकासी की सुविधा न होने से दुकानों के सामने भरा पानी

**उतरौला(बलरामपुर), समृद्धि न्यूज।**

क्षेत्र में दो दिनों से लगातार हो रही बरसात से कुछ मार्गों पर जलभराव की स्थित उत्पन्न हो गई है। कारण यहां जल निकासी की सुविधा नही है। नालों में कचरों व मलबों से पट जाने से जल निकासी नही हो पा रही है।ऐसा ही एक मामला श्यामा प्रसाद मुखर्जी चौराहे के पास विनय मेडिकल स्टोर के सामने का प्रकाश



में आया है जहां बारिश होने पर दुकानों के सामने पानी भर जाता है जिससे दुकानदारों समेत ग्राहकों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। कीचड़ में फंसकर राहगीर चोटहिल हो रहे हैं।विनोद कुमार, बब्लू वर्मा,विनय कुमार,राजू,आफताब,राम चन्दर वर्मा आदि लोगों ने बताया कि मुख्य मार्ग पर आर सीसी रोड बनाया गया है जो लगभग एक फिट ऊंचा हो गया है और पानी निकलने वाला नाली भठा पड़ा है जल निकासी न होना एक बड़ी समस्या है थोड़ा सा बरसात होने पर पानी का जलभराव हो जाता है नाले की सफाई की बड़ी आवश्यकता है। राहगीर कीचड़ व जलभराव में फंस कर चोटहिल हो रहे हैं।

# डीएम ने कलेक्ट्रेट के विभिन्न कार्यालयों एवं पटलों का किया निरीक्षण



**बलरामपुर, समृद्धि न्यूज।**

डीएम पवन अग्रवाल द्वारा कलेक्ट्रेट में स्थित विभिन्न कार्यालय एवं पटलों का औचक निरीक्षण किया गया। उन्होंने एआईजी स्टाम्प कार्यलय, बाल संरक्षण कार्यालय, खाद्य सुरक्षा अधिकारी कार्यालय, अभिलेखागार, संग्रह कक्ष, बंदोबस्त अधिकारी कार्यालय आदि का निरीक्षण किया।

इस दौरान उन्होंने उपस्थिति पंजिका का अवलोकन किया। उन्होंने कार्यालय के अभिलेखों के बेहतर रखरखाव, साफ सफाई का निर्देश दिया। इस दौरान एडीएम वित्त एवं राजस्व प्रदीप कुमार,एडीएम न्यायिक प्रमोद कुमार व अन्य संबंधित अधिकारी कर्मचारी गण उपस्थित रहे।

### नवीनतम कृषि प्रौद्योगिकी-तकनीकी के बारे में जागरूक करने के लिए कृषकों के दल को डीएम ने हरी झंडी दिखाकर किया रवाना



कृषि विभाग द्वारा संचालित आत्मा योजना के अंतर्गत कृषकों को नवीनतम कृषि तकनीकी/ प्रौद्योगिकी के बारे में ज्ञानवर्धन तथा कृषि कार्य दक्षता उन्नयन के उद्देश्य से 45 कृषकों के दल को गोविंद बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय पंतनगर उत्तराखंड में 07 दिवसीय प्रशिक्षण के लिए डीएम पवन अग्रवाल द्वारा हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। उन्होंने नवीनतम कृषि तकनीकी के प्रशिक्षण के लिए जा रहे कृषकों से कहा की सभी नवीनतम तकनीकी से अच्छी तरह से भिज्ञ होते हुए फसल उत्पादन बढ़ाने में आगे आए एवं अन्य लोगो भी तकनीकी की जानकारी प्रदान करे। इस अवसर पर उपनिदेशक कृषि नरेंद्र कुमार, जिला कृषि अधिकारी व अन्य संबंधित अधिकारी / कर्मचारी गण उपस्थित रहे।

### डीएम ने किया परिषदीय विद्यालयों का निरीक्षण, छात्रों को शिक्षण सामग्री उपलब्ध कराने के दिये निर्देश

जनपद के परिषदीय विद्यालयों में शैक्षणिक गुणवत्ता एवं अन्य व्यवस्थाओं को परखने के लिए डीएम पवन अग्रवाल द्वारा विकास खंड बलरामपुर में उच्च प्राथमिक विद्यालय सेखुईकला , कंपोजित विद्यालय हसुआडोल , पूर्व माध्यमिक विद्यालय चकवा , प्राथमिक विद्यालय सेवक रामपुरवा का निरीक्षण किया गया। इस दौरान उन्होंने बच्चो से शैक्षणिक सवाल पूछे , उन्होंने कंपोजित विद्यालय हसुआडोल में कक्षा तीन की छात्रा से जोड़ का सवाल हल कराया जिसे की छात्रा द्वारा अच्छी तरह से हल किया गया , पूर्व माध्यमिक विद्यालय चकवा में कक्षा 7 कक्षा 8 के छात्रों से विज्ञान एवं सामान्य ज्ञान के प्रश्न पूछे। उन्होंने कहा कि छात्र-छात्राओं को रूचिपूर्ण ढंग से पढ़ाया जाए। उन्होंने छात्र-छात्राओं से मिड डे मील की गुणवत्ता जानी तथा मेन्यू के अनुसार गुणवत्तापूर्ण भोजन प्रदान किए जाने के निर्देश दिया। उन्होंने आरबीएसके टीम द्वारा विद्यालय का नियमित निरीक्षण की जानकारी प्राप्त की। कंपोजिट ग्रांट से विद्यालय में अभिनव कार्य कार्य जाने , शौचालय की नियमित साफ सफाई ,स्वच्छ पेयजल आदि का निर्देश दिया। उन्होंने विद्यालयों में नामांकन के सापेक्ष छात्रों की उपस्थित बढ़ाए जाने एवं सभी छात्र-छात्राओं को किताब ड्रेस एवं अन्य शैक्षणिक सामग्री प्रदान किए जाने का निर्देश दिया। इस दौरान डीएम ने कार्यालय खंड शिक्षा अधिकारी शिक्षा क्षेत्र बलरामपुर का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने उपस्थिति पंजिका का अवलोकन किया तथा अनुपस्थित कर्मचारियों का वेतन रोके जाने का निर्देश दिया। इस दौरान बेसिक शिक्षा अधिकारी शुभम शुक्ल व अन्य संबंधित अधिकारी / कर्मचारी गण उपस्थित रहें।

# सीएमओ ने किया आकांक्षी ब्लॉक श्रीदत्तगंज का निरीक्षण, अनुपस्थित कर्मियों का रोका वेतन

**श्रीदत्तगंज (बलरामपुर), समृद्धि न्यूज।**

सोमवार को मुख्य चिकित्सा अधिकारी बलरामपुर डॉ मुकेश कुमार रस्तोगी ने आकांक्षी ब्लॉक श्रीदत्तगंज का निरीक्षण एवम् समीक्षा किया। निरीक्षण में राम कुमार स्वीपर, झिनका देवी एएनएम, राघवेंद्र प्रताप सिंह बैम,ज्योतिर्मय सोमेन्द्र त्रिपाठी तथा संगीता सिंह एएनएम अनुपस्थित पाए गए। अनुपस्थित पाए गए सभी कर्मियों का वेतन रोकने का आदेश मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने दिया। आकांक्षी ब्लॉक श्रीदत्तगंज की समीक्षा करते हुए सीएमओ ने संस्थागत प्रसव लक्ष्य के सापेक्ष कम होने पर सीएमओ ने अधीक्षक सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र श्रीदत्तगंज डॉ मनीष कुमार श्रीवास्तव को निर्देशित किया कि संस्थागत प्रसव शतप्रतिशत सुनिश्चित किया जाए।



इसके लिए आशाओं की नियमित रूप से बैठक कर समीक्षा किया जाय। प्रत्येक गर्भवती महिला को संस्थागत प्रसव हेतु प्रेरित किया जाय। सभी प्रसव सरकारी चिकित्सालयों में ही करवाया जाय। प्रसूता महिलाओं की प्रसव पश्चात देखभाल आशाओं के माध्यम से सुनिश्चित किया जाए। गर्भवती महिलाओं को जननी सुरक्षा योजना एवं जननी शिशु सुरक्षा योजना के अंतर्गत प्राप्त होने वाली सुविधाओं को सुनिश्चित किया जाए की समय से जननी सुरक्षा योजना की धनराशि महिला के बैंक खाते में स्थानांतरित हो जाए। बच्चों का जन्म प्रमाण पत्र 48 घंटे के अंदर प्राप्त कर दिया जाए। एनसीडी कार्यक्रम के अंतर्गत समस्त पात्र लाभार्थियों का बीपी तथा शुगर आदि की स्क्रीनिंग आवश्यक रूप से किया जाय। निरीक्षण के समय डॉ मनीष कुमार श्रीवास्तव, स्वास्थ्य शिक्षा अधिकारी विजय प्रताप सिंह , बीपीएम आशुतोष शुक्ला आदि उपस्थित रहे।

## हमदर्दी भी है दवा

गाहे-बगाहे सख्त फैसलों से नीति-नियंताओं को आईना दिखाने वाले देश के मुख्य न्यायाधीश आम आदमी के प्रति कितने गंभीर और संवेदनशील हैं, बीते शनिवार उनकी टिप्पणी से यह उजागर हुआ। चंडीगढ़ के प्रतिष्ठित चिकित्सा व शोध संस्थान पीजीआई के 37वें दीक्षांत समारोह में उन्होंने जो कहा वह पूरी चिकित्सा बिरादरी के लिये आत्ममंथन को बाध्य करता है। उन्होंने चिकित्सा के क्षेत्र में प्रवेश करने वाले युवा डॉक्टरों से कहा कि उनके लिये मरीज सिर्फएक केस नहीं हो सकता। मरीजों को आपके स्नेह व दयालुता की उतनी ही आवश्यकता है, जितनी कि चिकित्सा पेश की आपकी विशेषज्ञता की। उन्होंने चिकित्सा के पेशे में आने वाले युवा डॉक्टरों से कहा कि वे मरीजों के साथ स्नेह का रिश्ता बनाएं ताकि वे अपना दर्द-रोग खुलकर बता सकें। उन्होंने बॉलीवुड की चर्चित फिल्म 'मुन्ना भाई एमबीबीएस' का उल्लेख इस संदर्भ में किया कि फिल्म का नायक संवेदना, सहजता व प्रेरक शब्दों के जरिये मरीजों का उपचार करता था। इस तरह जस्टिस चंद्रचूड़ ने युवा डॉक्टरों को चिकित्सा पेशे में निहित सहानुभूति से उपचार के महत्व का अहसास कराया। उन्होंने उदाहरण स्वरूप बताया कि कैसे मुन्ना भाई बच्चों के वार्ड में बीमारी से जूझ रहे बच्चों को 'जादू की झप्पी' से भला-चंगा करने का अभिनव प्रयास करते थे। उन्होंने युवा डॉक्टरों से मरीजों के साथ संवेदनशील व अपनेपन का रिश्ता बनाने की बात कही। जिसका मनोवैज्ञानिक रूप से मरीजों के उपचार में सकारात्मक प्रभाव नजर आता है। इन तथ्यों को आधुनिक चिकित्सा विज्ञान में भी स्वीकार किया जाता है। निश्चित रूप से मुख्य न्यायाधीश डी.वाई. चंद्रचूड़ ने चिकित्सा बिरादरी को इस पवित्र पेशे के सनातन मूल्यों से रूबरू कराया। उन्होंने इस बात का अहसास कराया कि एक मरीज के लिये मीठे व हमदर्दी के बोल उपचार का भी काम करते हैं। इतना ही नहीं उन्होंने न्यायिक व्यवस्था के वास्तविक लक्ष्यों का भी जिक्र किया। जस्टिस चंद्रचूड़ ने युवा डॉक्टरों से कहा कि कानून व चिकित्सकों का पेशा एक जैसा ही है। जैसे किसी वादी को न्याय देने के लिये हमें जांच रिपोर्ट और साक्ष्यों की जरूरत होती है, उसी तरह चिकित्सा के पेशे में मरीज की जांच रिपोर्ट सही उपचार में निर्णायक होती है। लेकिन इन दोनों पेशों का अंतिम मकसद जनता की सेवा ही है। दोनों व्यवसायों में आम आदमी के साथ न्याय व कल्याणकारी उपचार हेतु ही कार्य किया जाना चाहिए। यह सुखद ही है कि देश की शीर्ष अदालत के मुखिया ने बेहद सहजता व साफगोई से चिकित्सा पेशे के मर्म व पेशागत मूल्यों से नवोदित चिकित्सकों का साक्षात्कार कराया। निस्संदेह, मरीजों के प्रति संवेदनशीलता व हमदर्दी की इसी सोच के चलते डॉक्टरों को दूसरा भगवान भी कहा जाता है। इस विश्वास का घोर व्यावसायिक कारणों से क्षरण महसूस किया जाता रहा है।

# रामदास अठावले : राष्ट्रीय स्तर पर व्यापक, सर्वांगीण नेतृत्व

**सुधांशु जोशी**



**रामदास अठावले जैसे बहुजन, गणतांत्रिक विचार के नेता को तीसरी बार मंत्रिमंडल में जगह देकर उनका विधिवत सम्मान किया गया है। अठावले ने हमेशा अपने मंत्री पद का उपयोग समाज के लिए किया। साथ ही अपने पास आने वाले सभी वर्गों के लोगों के साथ न्याय करने का प्रयास किया। विरोधियों के झूठ को बेनकाब करने में बड़ी भागीदारी हालिया लोकसभा चुनाव में देश में एनडीए और इंडी गठबंधन के बीच मुकाबला था। वहीं महाराष्ट्र में महायुति और महाविकास अघाड़ी के बीच मुकाबला था। इस राजनीति में बड़े पैमाने पर दलबदल हुआ। सुबह एक नेता के दूसरी पार्टी में होने और शाम को दूसरी पार्टी में होने की चर्चा होती रही। ऐसे समय में कांग्रेस और इंडी की सहयोगी पार्टियों की ओर से भाजपा और मोदी जी के खिलाफ जोरदार अभियान चलाया गया।**

संविधान निर्माता, भारतरत्न डॉ. बाबा साहेब आम्बेडकर ने संविधान लिखकर देश को नई दिशा और राह दिखाई । उस महान व्यक्ति को तत्कालीन कांग्रेस नेतृत्व ने केंद्र में मंत्री का पद तक नहीं मिलने दिया। इसके विपरीत आंबेडकर द्वारा लिखित संविधान में अपनी सुविधा के अनुसार परिवर्तन कर उसका प्रयोग किया। आजादी के बाद के दौर में गवई, प्रकाश आम्बेडकर की तरह आम्बेडकर की विचारधारा के नौ प्रमुख नेता चुनाव जीतकर संसद पहुंचे। हालांकि, उन्हें कभी केंद्रीय मंत्रिमंडल में जगह नहीं मिल पाई। लेकिन, नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में तीसरी बार बनी सरकार में रिपब्लिकन पार्टी ऑफ इंडिया के राष्ट्रीय अध्यक्ष रामदास अठावले को लगातार तीसरी बार जगह मिली है। अठावले एकमात्र ऐसे नेता हैं जो अपने विचारों और व्यापक नेतृत्व को महाराष्ट्र के साथ-साथ देश के कोने-कोने तक फैला रहे हैं।

इसके जरिए देश ही नहीं विदेश में भी सवर्ण-दलित एकता कायम की जा रही है। इसके जरिए रामदास अठावले को राष्ट्रीय स्तर पर सर्वसमावेशी शिव शक्ति-भीम शक्ति का झंडा लेकर चलने वाले अग्रणी नेता के तौर पर देखा जा रहा है। समस्त बहुजन समाज मोदी का ऋणी कांग्रेस शासनकाल में देश को भारी नुकसान उठाना पडा। कांग्रेस ने कई वर्षों तक बहुजन समाज का शोषण किया। कांग्रेस ने हमेशा बहुजन समाज का इस्तेमाल सिर्फ अपने लाभ के लिए किया।

लेकिन उन्हें कभी सही मायने में आगे नहीं आने दिया गया, उन्हें कभी राजनीति में आगे नहीं बढ़ने दिया गया। कांग्रेस ने कई बार बाबा साहेब का अपमान किया। इसी तरह रामदास अठावले को शिरडी सीट से हटाने के लिए भी पर्दे के पीछे से कई साजिशें रची गईं। लेकिन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कांग्रेस का अहंकार खत्म कर रहे हैं। उनके कुशल नेतृत्व में देश में तीसरी बार एनडीए की सरकार बनी है। राजनीति में विश्वसनीयता और उपयोगिता दो कसौटी हैं। इन दोनों टेस्ट में रामदास अठावले की कसानी की परीक्षा हुई। इसलिए रामदास अठावले जैसे बहुजन, गणतांत्रिक विचार के नेता को तीसरी बार मंत्रिमंडल में जगह देकर उनका विधिवत सम्मान किया गया है। अठावले ने हमेशा अपने मंत्री पद का उपयोग समाज के लिए किया। साथ ही अपने पास आने वाले सभी वर्गों के लोगों के साथ न्याय करने का प्रयास किया। विरोधियों के झूठ को बेनकाब करने में बड़ी भागीदारी हालिया लोकसभा चुनाव में देश में एनडीए और इंडी गठबंधन के बीच मुकाबला था। वहीं महाराष्ट्र में महायुति और महाविकास अघाड़ी के बीच मुकाबला था। इस राजनीति में बड़े पैमाने पर दलबदल हुआ। सुबह एक नेता के दूसरी पार्टी में होने और शाम को दूसरी पार्टी में होने की चर्चा होती रही।

ऐसे समय में कांग्रेस और इंडी की सहयोगी पार्टियों की ओर से भाजपा और मोदी जी के खिलाफ जोरदार अभियान चलाया गया। इसमें कांग्रेस द्वारा भाजपा और मोदी के खिलाफ गलत बातें फैलाई जा रही थीं, जिसमें कहा गया था कि अगर भाजपा और मोदी दोबारा सत्ता में वापस आए तो वे संविधान बदल देंगे, जिससे लोकतंत्र खतरे में पड़ जाएगा। लेकिन, ऐसे हालात में भी रामदास अठावले एनडीए, मोदी के साथ बने रहे और देश भर में हुई बैठकों में विपक्ष द्वारा फैलाया भ्रम दूर करने में अहम भूमिका निभाई। आम्बेडकर के विचारों को पूर्वोत्तर, दक्षिण भारत तक फैलाया आजादी के बाद के दौर में प्रस्थापित पार्टियां देश के कोने-कोने तक नहीं पहुंच सकीं, वहीं रामदास अठावले के नेतृत्व वाली रिपब्लिकन पार्टी की शाखाएं सिक्किम, दीव-दमन, अंडमान-निकोबार, पांडिचेरी आदि स्थानों में हैं। पिछले 70 वर्षों में आम्बेडकर के विचारों का एक भी नेता पूर्वोत्तर भारत के राज्यों में भीम शक्ति के विचारों को नहीं पहुंचा सका। नागालैंड जैसे सुदूर राज्य में रिपब्लिकन पार्टी के दो विधायक अपने दम पर चुने गए हैं। स्थानीय भाषा न जानने के बावजूद अठावले ने भीम शक्ति के विचारों को मन में जगाया और अब नागालैंड, मणिपुर आदि राज्यों में कई लोग नीला झंडा लेकर घूम रहे हैं। विभिन्न राज्यों की विधानसभाओं में इसकी सफलता के कारण ही आरआईपी को चुनाव आयोग द्वारा क्षेत्रीय पार्टी के रूप में मान्यता दी गई है। यह इस बात का संकेत है कि रामदास अठावले के नेतृत्व का प्रभाव राष्ट्रीय स्तर पर बढ़ रहा है। अन्य नेताओं के बीच व्यापक नेतृत्व का अभाव बाबा साहेब आम्बेडकर के बेटे यशवंत उर्फ भैया साहेब आम्बेडकर को राजनीति में ज्यादा सफलता नहीं मिल पाई। भारिप नेता प्रकाश आम्बेडकर रिपब्लिकन पार्टी में शामिल हो गए। इसमें विफल होने और इससे हुई बदनामी के चलते उन्होंने वंचित बहुजन अघाड़ी के जरिये बहुजन राजनीति करना शुरू कर दिया। इसी तरह से मायावती का नेतृत्व आया लेकिन वह लंबे अंतराल तक नहीं चल पाया।

राम विलास पासवान के निधन के बाद उनके बेटे ने राजनीतिक विरासत सम्भाली। लेकिन, चिराग पासवान की राजनीति अलग है। तो प्रकाश आम्बेडकर, मायावती, पासवान भी राष्ट्रीय मंच पर सीमित दायरा लांघ कर राष्ट्रीय नेता नहीं बन पाये। इन नेताओं की तुलना में रामदास अठावले एक व्यापक नेता बनकर बहुजन समाज को आगे ले जा रहे हैं। बाबा साहेब के स्मारक के लिए कांग्रेस ने धोखा दिया कई वर्षों से सभी आम्बेडकर प्रेमी मांग कर रहे हैं कि बाबा साहेब का एक भव्य स्मारक बनाया जाए। इसके लिए लाखों आम्बेडकर प्रेमी मुंबई (महाराष्ट्र) चैत्यभूमि के पास दर्शन करने आते हैं। एक प्रस्ताव सामने आया कि यह स्मारक इंदु मिल क्षेत्र में उसी स्थान पर बनाया जाए। इसके लिए पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह के कार्यकाल में भी प्रयास किए गए। लेकिन, कांग्रेस की अगुवाई वाली केंद्र और राज्य सरकारों ने कभी भी इस स्मारक के लिए आवश्यक पहल नहीं की। कांग्रेस के नेतृत्व वाली यूपीए सरकार ने आम्बेडकर के अनुयायियों को धोखा दिया। लेकिन केंद्र में मोदी जी के सत्ता में आने के बाद उन्होंने इंदु मिल की 12.5 एकड़ जमीन स्मारक के लिए दे दी और अब उस जगह पर स्मारक का काम चल रहा है। इस तरह रामदास अठावले राजनीति से परे दोस्ती को कायम रखने का काम कर रहे हैं। नतीजतन आज दिल्ली में उनके आसपास सभी जाति और धर्म के लोग जुटते हैं। आठवले की छवि अजातशत्रु नेता की बना रही हैं।

**विचार**

# आजादी की क्रांति में हरियाणा

**प्रियंका सौरभ**



**हरियाणा का यह भूभाग उस समय पंजाब प्रांत का भाग था। क्रांतिकारी सिपाही मंगल पाण्डेय के नेतृत्व में 10 मई 1857 को प्रथम स्वतंत्रता आंदोलन की शुरूआत की गई थी। इस दौरान 13 मई को जब गुड़गांव और अन्य जिलों में भी यह आग भड़की तो हरियाणा से बहुत से वीर इसमें शामिल हो लिए। इनमें कई वीरों ने अपनी जान गवांई। हरियाणा गर्व करता है कि देश की आजादी की क्रांति में उसका एक स्थान है। भारतीय इतिहास महाभारत से जुड़ा है जिसे अब हरियाणा कुरुक्षेत्र भूमि कहा जाता है। जहां सही और गलत के बीच सबसे बड़ी लड़ाई हुई। यह दिलचस्प है कि हरियाणा कई युद्ध दृश्यों के लिए एक युद्ध का मैदान रहा है।**

इतिहास उठाकर देखिए, हरियाणा का हर जर्रा खून से भीगा दिखाई देगा। आजादी की जंग जीतने में जहां देश के जवानों ने कोई कसर नहीं छोड़ी, वहीं अंग्रेजों ने भी क्रूरता की हद पार कर दी थी। स्वतंत्रता आंदोलन की आग में पूरा हरियाणा जल उठा था। बात 1857 की है, जब प्रथम स्वतंत्रता आंदोलन में आजादी के दीवाने जंग में कूद पड़े। उस दौरान हरियाणा से 3000 हजार से ज्यादा लोग मारे गए थे। अंग्रेजों ने कुछ को पकड़ कर फांसी पर लटका दिया तो कुछ को गोली से उड़ा दिया। इस पर भी बस नहीं चला तो कई गांवों को जलाकर राख कर दिया गया। हरियाणा का यह भूभाग उस समय पंजाब प्रांत का भाग था। क्रांतिकारी सिपाही मंगल पाण्डेय के नेतृत्व में 10 मई 1857 को प्रथम स्वतंत्रता आंदोलन की शुरूआत की गई थी। इस दौरान 13 मई को जब गुड़गांव और अन्य जिलों में भी यह आग भड़की तो हरियाणा से बहुत से वीर इसमें शामिल हो लिए। इनमें कई वीरों ने अपनी जान गवांई। हरियाणा गर्व करता है कि देश की आजादी की क्रांति में उसका एक स्थान है। भारतीय इतिहास महाभारत से जुड़ा है जिसे अब हरियाणा कुरुक्षेत्र भूमि कहा जाता है। जहां सही और गलत के बीच सबसे बड़ी लड़ाई हुई। यह दिलचस्प है कि हरियाणा कई युद्ध दृश्यों के लिए एक युद्ध का मैदान रहा है। हरियाणा का गठन 1966 में हुआ था। यह पहले पंजाब का हिस्सा था और इसलिए स्वतंत्रता के लिए स्वतंत्रता संग्राम में पंजाब का बहुत उल्लेख है, लेकिन लोगों के बलिदान के मामले में हरियाणा के योगदान के रूप में बहुत कम जाना जाता है। हरियाणा में ब्रिटिश शासन के खिलाफ विद्रोह की पहली चिंगारी 10 मई 1857 को अंबाला से शुरू हुई थी, यहीं पर देशी पैदल सेना के सैनिकों विद्रोह शुरू किया था। उसी दिन मेरठ स्थित देशी पैदल सेना में इसी तरह का विद्रोह किया, यह घटना तेजी से सभी भागों में फैल गई। किसान सैनिक और स्थानीय नेता पिनगवां के मेव सदरुद्दीन स्थानीय नेताओं जैसे राव तुलाराम और उनके चचेरे भाई गोपाल देव के नेतृत्व में एक साथ आए थे। जल्द ही समद खान, जनरल मोहम्मद अजीम बेग, राव किशन सिंह राव, रामलाल सभी मिलकर अंग्रेजों के खिलाफ विद्रोह में शामिल हो गए।

साधारण, स्थानीय सैनिक और हरियाणा के स्थानीय नेता इस विद्रोह के लिए आगे आये थे, जबकि पड़ोसी क्षेत्रों के नेताओं ने इस महत्वपूर्ण समय के दौरान ब्रिटिश राज के खिलाफ आवाज नहीं उठाई। हरियाणा के अन्य हिस्सों की तरह, रोहतक में भी ब्रिटिश राज के सभी प्रतीकों पर हमला किया और खरखोदा के एक बिसरत अली जो अंग्रेजों में एक रिसालदार थे; सबर खान के साथ एक किसान नेता, स्थानीय लोग सभी एक साथ आए और रोहतक तहसील में ब्रिटिश संपत्ति और निवास पर हमला किया। रोहतक के डिप्टी कमिश्नर विलियम लॉज को रोहतक छोड़ना पड़ा लेकिन तहसीलदार बखावर सिंह और थानेदार भूरे खान के काम की मौत हो गई। अंत में 15 अगस्त 1857 को मेजर जनरल विल्सन द्वारा समर्थित लेफ्टिनेंट डब्ल्यूएसआर एडसन अपनी सेना के साथ खखोड़ा पहुंचे और संघर्ष में बिसरथ अली मारे गए। फिर वे रोहतक जिले में सबर खान को दबाने पहुंचे जो वहां विद्रोह का नेतृत्व कर रहे थे। सबर खान और रोहतक के स्थानीय किसानों के पास सीमित संसाधन थे, अंततः रोहतक में वो हार गए, जबकि इसी दौरान हिसार, हांसी और सिरसा के स्थानीय लोगों ने हुकुमचंद जैन, भतीजा फकीरचंद जैन ,मोहम्मद अजीम ,नूर मोहम्मद सभी ने मिलकर 29 मई 1857 को विद्रोह का नेतृत्व किया, उन्होंने हिसार के डिप्टी कमिश्नर सहित 12 यूरोपीय लोगों को मार डाला।

इसमें हिसार के डिप्टी कमिश्नर जॉन वेडरबर्न अपनी पत्नी और बच्चे के साथ मारे गए। ब्रिटिश राज के खिलाफ विद्रोह के दौरान अंबाला, जींद के अलावा हरियाणा के अधिकांश शेष क्षेत्रों में अंग्रेजों को राजस्व देना बंद कर दिया। हालांकि 16 नवंबर तक यहाँ विद्रोह समाप्त हो गया और अंग्रेजों ने खुद को मजबूत किया। 10 अप्रैल 1875 के बाद हरियाणा में आर्य समाज जड़ें जमाने लगा, स्वामी दयानंद ने मुंबई में आर्य समाज की शुरुआत की। आर्य समाज ने मूर्ति पूजा के खिलाफ आवाज उठाई। विधवा विवाह, अस्पृश्यता और स्त्री शिक्षा पर जोर दिया। आर्य समाज को हरियाणा के लोगों से ऐसे क्षण में बहुत समर्थन मिला।

जो न केवल मधुर जागरण था बल्कि राष्ट्रीय विचार को भी जन्म देता था। इसका ब्रिटिश राज के खिलाफ बाद के उदय में एक बड़ा प्रभाव पड़ा। लाला लाजपत राय ने हरियाणा में सार्वजनिक जीवन की शुरुआत की। उनके पिता ने रोहतक में स्कूल बनवाया और लाला लाजपत राय ने आर्य समाज को एक प्रमुख तरीके से बढ़ावा दिया। कई अन्य प्रमुख नाम थे जिन्होंने योगदान दिया जैसे चौधरी मातूराम और उसके पुत्र चौधरी रणवीर सिंह। हरियाणा में 1886 में झज्जर में सनातन धर्म सभा दीन दयालू शर्मा द्वारा शुरू किया गया। संस्कृत के उपयोग को बढ़ावा दिया और हिंदी भाषा की शिक्षा को बनाए रखा।

# शिक्षा को औपनिवेशिक सोच से मुक्त करना जरूरी है

**गिरीश्वर मिश्र**

औपनिवेशिक भारत में प्रमुख शिक्षा संस्थान भारतीयों को %विदेशी% बनने या स्वीकार्य पश्चिमी मापदंडों के आधार पर अपनी सभ्यता का परीक्षण करने के लिए प्रशिक्षित करने का कार्य करते रहे।

दूसरे शब्दों में भारतीयों को यूरोपीय लोगों की तरह सोचने और बनने के लिए ढाला गया। आवरण में छद्म रूप में स्वयं को प्रोत्साहित करने का यह प्रभावी उपाय अंग्रेजों की कामयाब तजबीज थी। फिर भारतीय लोग दूसरों द्वारा पेश किए गए अमूर्त और सैद्धांतिक औजारों के साथ खुद को समायोजित करते रहे और आज भी कर रहे हैं । ऐसे में वे मनुष्य के रूप में स्वायत्त या स्वाधीन जीवन कभी नहीं जी सकते। पश्चिमी दर्शन में ढले ऐसे भारतीय यह तर्क भी देते हैं कि वह एक सार्वभौमिक वैचारिक ढांचा है और इसके फलस्वरूप अधिकांशत- यूरो अमेरिकी ज्ञान मॉडल को अपनाकर उपनिवेशीकरण की प्रवृत्ति को बढ़ाने का ही काम जारी कर रहे हैं। यूरोप समर्थित शैक्षणिक परंपरा पूरी दुनिया में दूसरों को भरसक हाशिये पर धकेलती रही है। स्वतंत्रता मिलने के साथ उपनिवेशवाद से मुक्ति के प्रयास शुरू हो गए परंतु यह बात कि औपनिवेशिक साम्राज्यवादियों से विरासत में मिली ज्ञान-प्रणालियों की जांच भी करनी चाहिए थी और उन्हें दी गयी महात्मा गांधी की चुनौती भी बिसरती गई और यह कार्य उपेक्षित ही रह गया । समसामयिक स्थिति यह है कि अनेक भारतीय संस्थानों के पाठ्यक्रम भारतीय परिप्रेक्ष्य की वास्तविकताओं या इसकी समस्याओं को भी पूरी तरह से प्रतिबिंबित नहीं करते हैं। यह काफी दुर्भाग्यपूर्ण है कि भारतीय उच्च शिक्षा संस्थानों में रह कर भारतीय शोधकर्ता भारतीय दर्शन और मूल्यों की सामग्रियों और गुणों से खुद को दूर कर लेते हैं। ऐसा तब है जब ज्ञान-सृजन की आधुनिक (औपनिवेशिक !) पद्धति से बहुत पहले भारत ज्ञान-मीमांसा की दृष्टि से गंभीर चिंतन का गढ़ था। आजादी के सात दशकों के बावजूद हम उधर ध्यान न दे सके। वि-उपनिवेशीकरण का आधार भारतीय होना चाहिए इस तथ्य को पहचान कर भारत में समकालीन उच्च संस्थानों और उनके उत्पादों, अनुसंधान प्रयासों और स्नातकों के लिए पाठ्यक्रम तैयार करना चाहिए। इस प्रसंग में उच्च शिक्षा के पाठ्यक्रम को नवाचारों के माध्यम से सजीव करने की जरूरत बहुत दिनों से महसूस की जाती रही है परंतु कोई ठोस कदम नहीं उठाया जा सका । यह प्रवृत्ति देशज विकास के प्रयासों में सदैव बाधक ही रहेगी। देश की शैक्षणिक प्रणाली पर औपनिवेशिक पकड़ को खत्म करना एक कठिन कार्य सिद्ध हुआ है। वर्तमान में कई भारतीय संस्थानों के पाठ्यक्रम भारतीय परिप्रेक्ष्य की वास्तविकताओं या इसकी समस्याओं के ज्ञान को पूरी तरह से प्रतिबिंबित नहीं करते हैं। उच्च संस्थान प्रणालियों में भारतीय ज्ञान के वि उपनिवेशीकरण के प्रयासों को तभी स्पष्ट रूप से समर्थन दिया जा सकता है जब छात्रों को सिखाया जाए कि मौलिकता की राह पर कैसे चलें? और भारतीय स्थितियों के लिए विशेष और विशिष्ट समाधान की दिशा में कैसे सोचा जाए ? भारतीय ज्ञान के वि-उपनिवेशीकरण से ही पूर्ण स्वराज की प्राप्ति संभव होती है। नवोन्मेषी विचारों की शुरुआत करने से पहले सोचने के लिए ज्ञानमीमांसीय रूप से स्वतंत्र होना होगा। ज्ञानमीमांसीय मुक्ति मानसिक, भावनात्मक और मनोवैज्ञानिक स्वतंत्रता को जन्म देती है।

शिक्षा के उच्च संस्थानों ने भारतीय गतिशीलता पर अपनी पकड़ खो दी है। इसका एक खास कारण है ज्ञान को समायोजित करने के लिए भारतीय भाषाओं को विकसित करने में विफलता और ठोस और अमूर्त बौद्धिक प्रयासों के शिक्षण और उपयोग में इन भाषाओं को संस्थागत न बना पाना। इस बात के पर्याप्त सबूत हैं कि कई देश जो तकनीकी प्रगति में छलांग लगा रहे हैं, आविष्कारों में प्रगति कर रहे हैं और अकादमिक उत्कृष्टता की सीमाओं को तोड़ रहे हैं वे ही हैं जिन्होंने अपने शैक्षिक पाठ्यक्रम को अपने अनुसार अनुकूलित किया है।



# राशिफल

**मेषः-** मधुरवाणी से संबंधों में प्रगाढ़ता बढ़ेगी। जीविका क्षेत्र में लाभ के अच्छे अवसर प्राप्त होंगे। पारिवारिक दायित्वों की समय से पूर्ति हेतु प्रयत्नशील होंगे। जीवन साथी के स्वास्य का ध्यान रखें।

**वृषभः-** मन प्रसन्न व उत्साहित रहेगा। प्रियजनों का सानिध्य प्राप्त होगा। महत्वपूर्ण कार्य सार्थक होने का योग है। नौकरी का वातावरण सुखद होगा। शिक्षा-प्रतियोगिता की दिशा में परिश्रम तीव्र होगा।

**मिथुनः-** आर्थिक क्षेत्र में आप कुछ नई योजनाओं को सार्थक करेंगे। कोई व्यक्तिगत संबंध परिवार में विवाद का कारण बन सकता है। प्रणय संबंधों को लेकर मन में चिंता होगी।

**कर्कः-** पूर्वाग्रहवश मन में किसी प्रकार की शंका न पालें। गलतियों को स्वीकारते हुए सगे-संबंधों में क्षमायाचक बने और शांत भाव से अच्छे कायरे द्वारा उसकी प्राश्चित भी करें।

**सिंहः-** पुरानी गलतियों से सीख लेते हुए वर्तमान को सुधारें। परिवार को सुव्यवस्थित चलाने में आपका विशेष योगदान होगा। किसी संबंध को लेकर पूरे परिवार के विरोध का सामना करना पड़ेगा।

**कन्याः-** मन ढ़ेर सारे पूर्वाग्रहों से प्रभावित होगा। पुरानी बातों कों भूलकर वर्तमान के साथ समझौता करें। मन पर नियंतण्ररख कर्त्तव्यनिष्ठ बने। जीवनसाथी से वैचारिक मतभेद संभव।

**तुलाः-** आज सकारात्मक सोच को अपनाते हुए जीवन को सही दिशा की ओर केंद्रित करें। पुरानी घटनाओं के स्मरण से मन को कष्ट संभव।

**वृश्चिकः-** आज परिजनों के सुख-दुख से प्रभावित मन परिवार को एकजुट रखने में केंद्रित होगा।

**धनुः-** निराशावादी विचारों को त्याग आशावादी बनें। नाजुक संबंधों के बीच भावनात्मक कष्टों को भूल वर्तमान को बेहतर बनायें। परिवार में खुशहाल माहौल रहेगा।

**मकरः-** मन सुंदर विचारो से सिंचित होगा। धार्मिक व पारंपरिक कायरें की ओर मन केंद्रित होगा। नये कायरें में संलग्नता से लाभ संभव। आलस्य का त्याग करें।

**कुंभः-** अपने सुख-दुख को छोड़ परिजनों के सुख के बारे में सोचें। सामान्य दिनर्चया के साथ बीत रहे जीवन में उत्साह का अभाव रहेगा। नयी आकांक्षाएं मन को उद्वेलित करेंगी। पुराने संबंधों में प्रगाढ़ता बढ़ेगी।

**मीनः-** किसी अचल सम्पत्ति को लेने की योजना बन सकती है। कार्यक्षेत्र के किसी सहकर्मी से मतभेद संभव। धनागम की नयी युक्तियों पर मन केंद्रित होगा। जीवन साथी का भावनात्मक स्नेह प्राप्त होगा।

# हिंडननबर्ग रिसर्च की नई रिपोर्ट पर सियासी पारे में भूचाल-आरोप प्रत्यारोप का दौर ज़ारी

**किशन सनमुखदास भावनानी गोंदिया**




**आज इस विषय पर बात हम इसलिए कर रहे हैं, क्योंकि दिनांक 11 अगस्त 2024 को देर शाम अमेरिकी रिसर्च कंपनी हिंडनबर्ग ने 10 अगस्त को एक नई रिपोर्ट जारी की थी, जिसमें सेबी प्रमुख व उसके पति ने मारिशिस की ऑफशोर कंपनी में निवेश किया है, जिसके माध्यम से भारत के एक बहुत बड़े ग्रुप की कंपनी में निवेश करवा कर उस ग्रुप को लाभ पहुंचाया गया, जिसे गलत तरीका माना जाता है। यह भी आरोप लगाया कि जनवरी 2023 में जो उन्होंने उस ग्रुप पर खुलासा किया था उसपर सेबी ने कार्रवाई नहीं की इसलिए सेबी और वह ग्रुप दोनों के हित जुड़े हुए हैं। हालांकि सेबी और उस ग्रुप में अपने स्तर पर जवाब दे दिया है, व रिपोर्ट को खारिज किया है लेकिन विपक्ष ने मुद्दे को जोरदार रूप से लपक लिया है और आरोप लगाया है कि, पक्ष को इस रिपोर्ट के बारे में भनक थी इसलिए ही उन्होंने संसद को समय से 3 दिन पूर्व ही समाप्त करवा दिया, ताकि संसद में जोरदार गूंज ना हो। तो, वहीं विपक्षी नेता ने एक वीडियो क्लिप में बयान दिया है कि, जैसे क्रिकेट का अंपायर ही अगर फिक्स्ड या संदेह के घेरे में या एक तरफ हो तो क्रिकेट का उत्साह समाप्त हो जाए जाता है।**

वैश्विक स्तरपर हर देश में एक निजी व्यक्ति से लेकर पूरे देश में यदि तरक्की हो रही है तो स्वाभाविक रूप से निजी स्तरपर प्रतिद्वंदी व राष्ट्रीय स्तरपर अन्य देशों को ज्वेलसी होना लाज़मी है। दूसरी ओर यदि वैश्विक बादशाह की इच्छा पूरी न करने की गुस्ताखी भी की जाए तो सत्ता का पासा कैसे पलट जाता है,जो हम पड़ोसी देश पाकिस्तान बांग्लादेश श्रीलंका नेपाल में देख चुके हैं, जिसका सटीक उदाहरण आज बांग्लादेश की पूर्व प्रधान हसीना शेख का अमेरिका के लिए जो बयान आया है उसको संज्ञान में हम ले सकते हैं।

आज इस विषय पर बात हम इसलिए कर रहे हैं, क्योंकि दिनांक 11 अगस्त 2024 को देर शाम अमेरिकी रिसर्च कंपनी हिंडनबर्ग ने 10 अगस्त को एक नई रिपोर्ट जारी की थी, जिसमें सेबी प्रमुख व उसके पति ने मारिशिस की ऑफशोर कंपनी में निवेश किया है, जिसके माध्यम से भारत के एक बहुत बड़े ग्रुप की कंपनी में निवेश करवा कर उस ग्रुप को लाभ पहुंचाया गया, जिसे गलत तरीका माना जाता है। यह भी आरोप लगाया कि जनवरी 2023 में जो उन्होंने उस ग्रुप पर खुलासा किया था उसपर सेबी ने कार्रवाई नहीं की इसलिए सेबी और वह ग्रुप दोनों के हित जुड़े हुए हैं। हालांकि सेबी और उस ग्रुप में अपने स्तर पर जवाब दे दिया है, व रिपोर्ट को खारिज किया है लेकिन विपक्ष ने मुद्दे को जोरदार रूप से लपक लिया है और आरोप लगाया है कि, पक्ष को इस रिपोर्ट के बारे में भनक थी इसलिए ही उन्होंने संसद को समय से 3 दिन पूर्व ही समाप्त करवा दिया, ताकि संसद में जोरदार गूंज ना हो। तो, वहीं विपक्षी नेता ने एक वीडियो क्लिप में बयान दिया है कि, जैसे क्रिकेट का अंपायर ही अगर फिक्स्ड या संदेह के घेरे में या एक तरफ हो तो क्रिकेट का उत्साह समाप्त हो जाए जाता है,इसी तरह उन्होंने इशारा सेबी पर उठाया तो पक्ष ने उसके जवाब में कहा कि मुंबई स्टॉक एक्सचेंज नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का संसेक्स भारी मात्रा में विशाल स्तर पर उफान पर उछल रहा है। इस बीच ऐसी खबरों से नागरिक, विनियोगकर्ता कुछ मायूस ज़रूर हो सकते हैं, क्योंकि हिंडनबर्ग रिसर्च की नई रिपोर्ट से सियासी पारे में भूचाल उत्पन्न किया है और आरोप प्रत्यारोप जारी हैं। इसलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे, अंतरराष्ट्रीय स्तरकी संस्थाओं आईएमएफ व विश्व बैंक द्वारा भारत की आर्थिक तारीफ़ के बीच कहीं देश के आर्थिक विकास को बाधित करने की कोई कोशिश या साजिश तो नहीं?

साथियों बात अगर हम 10 अगस्त को आई हिंडनबर्ग रिसर्च रिपोर्ट व 11 अगस्त को जोरदार सियासी हंगामा होने की करें तो,हिंडनबर्ग विवाद एक बार फिर सियासी भूचाल लेकर आया है। सेबी द्वारा जून में भेजे गए नोटिस के जवाब में अमेरिकी शॉर्ट सेलिंग कंपनी हिंडनबर्ग रिसर्च ने सेबी चीफ़ पर एक ग्रुप मामले में कार्रवाई न करने को लेकर निशाना साधा। इसको लेकर आज कांग्रेस सांसद और नेता विपक्ष ने सेबी प्रमुख पर ही सवाल उठा दिए और यह तक पूछ लिया कि आखिर अभी तक सेबी प्रमुख अपने पद से इस्तीफा क्यों नहीं दिया है?लोकसभा में एलओपी ने एक तरफ जहां हिंडनबर्ग मामले में सेबी पर सवाल उठाए, तो दूसरी ओर केंद्र सरकार पर भी निशाना साधा है। उन्होंने यह तक कहा कि जो सेबी रीटेल इनवेस्टर्स की संपत्ति का जिम्मा संभालती है, उसी की प्रमुख के खिलाफ उठे सवालों ने संस्था की ईमानदारी को गहरी चोट पहुंचाई है। इस बार हिंदडनबर्ग निशाना सिक्योरिटी एक्सचेंज बोर्ड ऑफ इंडिया की प्रमुख और उनके पति हैं। हिंडनबर्ग ने 10 अगस्त को एक रिपोर्ट जारी कर दावा किया है कि सेबी प्रमुख और उनके पति ने मॉरीशस की उसी ऑफशोर कंपनी में निवेश किया है, जिसके माध्यम से भारतमें एक ग्रुप की कंपनियों में निवेश करवाकर उस ग्रुप ने लाभ उठाया था। इसे व्यापार का गलत तरीका माना जाता है। हिंडनबर्ग का आरोप है कि उसने जनवरी 2023 में उस ग्रुप पर जो खुलासा किया था, उस पर सेबी ने अभी तक कोई कार्रवाई नहीं की। उसका आरोप है कि यह जांच केवल इसलिए नहीं की गई क्योंकि सेबी प्रमुख और अडानी ग्रुप के हित एक-दूसरे से जुड़े हुए थे। जिसका अंदेशा भी था। साथियों बात अगर हम रिपोर्ट पर विपक्षी शाब्दिक हमले की करें तो, यह रिपोर्ट सामने आते ही भारत में राजनीति एक बार फिर गरमा गई है। कांग्रेस नेता ने एक लिखित बयान जारी कर आरोप लगाया है कि 2018 में सेबी ने अंतिम लाभकारी व्यक्ति की जानकारी देने संबंधित नियमों को कमजोर कर दिया था, जिसके कारण इस तरह के घोटाले को अंजाम देना संभव हो सका। पार्टी के अनुसार, उस ग्रुप से जुड़ा विवाद सामने आने के बाद लोगों की भारी रकम शेयर बाजार में डूब गई।

**स्वामी, मुद्रक व प्रकाशकः** जितेन्द्र सिंह द्वारा एवीबी रिप्रोग्राफिक्स ए-59 इण्डस्ट्रियल एरिया तालकटोरा लखनऊ से मुद्रित एवं कार्यालय 2/353, विशाल खण्ड-2 गोमती नगर लखनऊ (उ.प्र.) से प्रकाशित। **सम्पादक जितेन्द्र सिंह***
(*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के तहत उत्तरदायी*) समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन ही मान्य होंगे। आरएनआई न . UPHIN/2013/55887

# 18 अगस्त को पत्रकारों का बनेगा आयुष्मान कार्ड

## डीएम सत्येन्द्र कुमार ने पत्रकारों के लिए वाचनालय बनवाने का दिया भरोसा

**बाराबंकी,समृद्धि न्यूज।**



उप्र एसोसिएशन ऑफ जर्नलिस्ट की बाराबंकी इकाई के पदाधिकारियों ने पत्रकार हितों को लेकर जिलाधिकारी सत्येन्द्र कुमार को ज्ञापन सौंप कर सात सूत्रीय मांगें रखी। उपज के जिला संयोजक दिलीप कुमार श्रीवास्तव ने पत्रकारों का कैशलेस इलाज की व्यवस्था व पत्रकारों को आयुष्मान कार्ड जारी करने का अनुरोध किया। मांग पर तत्काल जिलाधिकारी ने जिला सूचना अधिकारी एवं राष्ट्रीय हेल्थ मिशन के अधिकारियों से वार्ता करके पत्रकारों का आयुष्मान कार्ड जारी करने के निर्देश दिए। डीएम ने 18 अगस्त को सूचना कार्यालय में शिविर लगाकर आयुष्मान कार्ड बनाने का आदेश दिया। उपज के जिलाध्यक्ष नितिन श्रीवास्तव ने जिलाधिकारी को अवगत कराया कि पत्रकारों के हित, अधिकारों जनहित के मुद्दों को लेकर उपज संगठन कार्य कर रहा है।

संगठन पत्रकार हितों को लेकर आपसे मांग करता है कि विभिन्न विभागों, अधिकारियों द्वारा सरकार की मंशानुरूप कार्यों में लापरवाही की जाती है, अनेक तरह के भ्र्ष्टाचार के मामले पत्रकारों द्वारा प्रकाशित किये जाते हैं। समाचारों का संज्ञान लेकर सम्बंधित अधिकारियों व विभागों पर किसी प्रकार की कार्यवाही नही होती है । संगठन मांग करता है कि पत्रकारों द्वारा प्रकाशित की जा रही भ्र्ष्टाचार व अन्य जनहित के समाचारों का संज्ञान लेकर कार्यवाही की जाए। उपज के जिला महामंत्री रत्नेश कुमार ने जिलाधिकारी से मांग किया कि प्रदेश के अधिकांश जनपदों में पत्रकारों को समाचार संकलित करने व पत्रकारों के एक कार्यालय वाचनालय के लिए प्रेस क्लब बने हुए हैं। जनपद बाराबंकी में पत्रकारों के लिए ऐसी कोई भी सुविधा नही है, जहाँ वे बैठकर अपने समाचारों को लिख सकें व सम्पादन कर सकें।

# चोरों ने दो अलग-अलग स्थानों से लाखों का माल किया पार

**हैदरगढ़ बाराबंकी समृद्धि न्यूज़।**

हैदरगढ़ कोतवाली क्षेत्र में रविवार की रात दो अलग-अलग स्थानो पर हुई चोरी में चोर लाखों रुपए के कपड़ों जेवरों और नकदी पर हाथ साफ कर चंपत हो गए।

चोरी की पहली घटना हैदरगढ़ भिटरिया मार्ग पर दतौली चौराहे पर हुई। कोतवाली क्षेत्र के ही फूलचौरा मजरे सालपुर गांव निवासी विजय करण कश्यप ने किराए के दुकान में कपड़ा भंडार की दुकान खोल रखी है बीती रात किसी समय आए चोर शटर उखाड़ कर तीन लाख से अधिक कीमत की साड़ियां कपड़े और लगभग 7000 रुपए की नगदी चुरा ले गए। सोमवार की सुबह पड़ोसी दुकानदारों ने दुकान का शटर उखड़ा देखकर कपड़ा व्यावसाई को इसकी सूचना मोबाइल के माध्यम से दी। इसी क्रम में चोरी की दूसरी घटना धरौली गांव में हुई। गाँव निवासी सुरेश कुमार बीती रात परिवार के साथ बरामदे में सो रहा था। रात लगभग 1 बजे गृह स्वामी के पेट में दर्द होने लगा। शौच जाने के लिए उठकर घर के अंदर गये गृहस्वामी ने देखा कि कमरे का दरवाजा खुला है अलमारी का सारा सामान फैला पड़ा हुआ है जिसके बाद उन्होंने शोर मचाया परिवार के लोग व ग्रामीण मौके पर आ गए पीड़ित परिजनों ने बताया कि छत से नीचे उतर कर आए चोरों ने अलमारी का ताला तोड़कर 200000 से अधिक के सोने चांदी के जेवर व 10, 000 रुपए की नगदी चोरी कर ली हैं। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा पंजीकृत करके जांच पड़ताल शुरू कर दी हैं।

## घर-घर तिरंगा झंडा का कर्मचारियों ने किया वितरण

**जैदपुर, बाराबंकी।** जिले के जैदपुर नगर पंचायत के विभिन्न स्थानों पर आज कर्मचारियों द्वारा हर घर तिरंगा लगने के विशेष अभियान को लेकर प्रत्येक घर-घर जाकर झंडा का वितरण किया गया।तथा सभी से हर घर तिरंगा अभियान मे प्रतिभाग करते हुए हर घर झंडा लगाने की अपील की गई।नगर पंचायत के अधिकारियो द्वारा जानकारी देते हुए बताया गया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आवाहन हर घर झंडा लगाने को लेकर आज कस्बा ज़ैदपुर के विभिन्न स्थानों पर प्रत्येक घर-घर जाकर झंडा का वितरण किया गया है। तथा अपने घरों पर शत प्रतिशत झंडा लगाने की अपील की गई है। इस अवसर पर शनी, जितेन्द्र कुमार बडी बाजार सहित अन्य मोहल्ले में घर घर जाकर झंडों का वितरण करते देखे गये।

# पवित्र श्रावण मास में हुई भगवान शिव की प्राण-प्रतिष्ठा

**हैदरगढ़ बाराबंकी समृद्धि न्यूज़।**

पवित्र श्रावण मास के शुभ अवसर पर निजी विद्यालय के प्रबंधक द्वारा भिलवल चौराहे पर स्थित नवनिर्मित शिव मंदिर में योग्य आचार्य एवं पुरोहितों द्वारा वैदिक मंत्रोचार के साथ प्राण प्रतिष्ठा संपन्न हुई और विभिन्न मार्गो से शिव बारात भी निकाली गई।

लखनऊ सुल्तानपुर राष्ट्रीय राजमार्ग पर भिलवल चौराहे पर स्थित बीएसएल पब्लिक स्कूल के मालिक राजकुमार वर्मा द्वारा अपने पिता की स्मृति में एक भव्य शिव मंदिर का निर्माण कराया गया था जिसमें आज पंडित अंजनी शुक्ला जी महाराज द्वारा श्रावण मास के चतुर्थ सोमवार के शुभ अवसर पर प्राण प्रतिष्ठा संपन्न हुई। मान्यता के अनुसार प्राण प्रतिष्ठा से पूर्व पहले सात मंदिरों की पूजा भी की गई। प्राण प्रतिष्ठा के पश्चात मंदिर से मकनपुर भीलवल चौराहा से शाहपुर सिदवी होते हुए शिव बारात भी निकल गई जिसमें सैकड़ो शिव भक्तों ने हिस्सा लिया शिव बारात के पूर्ण होने के बाद एक विशाल भंडारे का भी आयोजन किया गया जिसमें हजारों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। इस अवसर पर प्रमुख रूप से राजकुमार वर्मा शिवकुमार वर्मा अनिल कुमार वर्मा निखिल वर्मा भाजपा नेता अरविंद वर्मा प्रधान अनिल कुमार पांडे मोहित वर्मा डब्बू जायसवाल अनुज वर्मा अभिषेक त्रिवेदी सुनील कुमार वर्मा रघुनाथ गौतम आदि उपस्थित रहे।

## देशी शराब की दुकान पर चोरों बोला धावा लाखों की शराब चुराई

**हैदरगढ़ बाराबंकी समृद्धि न्यूज़।** बीती रात अज्ञात चोर देसी शराब की एक दुकान पर धावा बोलकर लाखों रुपए कीमत की शराब, नगदी एवं अन्य कीमती सामान चुरा लें गये। विक्रेता ने इस मामले में थाना लोनी कटरा में तहरीर देकर मुकदमा दर्ज कर कार्यवाही की मांग की है। पुलिस मामले की जांच पड़ताल में जुट गई है। जानकारी के मुताबिक लोनीकटरा थाना क्षेत्र के अंतर्गत त्रिवेदीगंज चौराहे पर सूरज जायसवाल की ठेका देशी शराब की दुकान नं 2 स्थित है। अन्य दिनों की तरह दुकानकर रविवार की रात भी दुकान बंद कर घर चला गया । बीती रात किसी समय आए चोर ताला तोड़कर 645 पौवा देशी शराब, 42 शराब विंडीज व गल्ले में दो सौ रुपए नगद सहित सी सी टीवी डीबी आर, वाईफाई चुरा ले गए।

# एमएलसी ने किया कृषि निवेश मेला का उद्घाटन



**सिरौलीगौसपुर बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।**

सूचना तंत्र का सुदृढ़ीकरण योजना अंतर्गत विकासखंड स्तरीय कृषि निवेश मेला एवं उत्तर प्रदेश मिलेट्स पुनरोद्धार कार्यक्रम के तहत विकासखंड स्तरीय कृषक प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि विधान परिषद सदस्य अंगद सिंह एवं ब्लाक प्रमुख रेनू वर्मा ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उपकृषि निदेशक श्रवण कुमार ने डीएसआर विधि से धान की बुवाई से लागत में होने वाली बचत एवं उत्पादन में वृद्धि के साथ ही फलों एवं सब्जियों में आईपीएम की विभिन्न विधियों के माध्यम से विषमुक्त खेती के बारे में कृषकों को विस्तार से अवगत कराया। इसके साथ ही उन्होंने कृषि विभाग की विभिन्न योजनाओं में अन्य सुविधाओं के साथ-साथ यंत्रों पर अनुदान के लिए बुकिंग टोकन एवं ई लाटरी की प्रक्रिया के बारे में भी विस्तार से किसानों को जानकारी दिया।

वही इस अवसर पर किसानों को संबोधित करते हुए विधान परिषद सदस्य अंगद सिंह ने किसानों से अपील करते हुए कहा कि किसान भाई नई तकनीक के प्रयोग से अपनी लागत में कमी कर उच्च गुणवत्ता वाली खेती की ओर आकर्षक हो जिससे आय में वृद्धि हो सके। इस मौके पर किसानों को रागी सावां कोदो आदि मोटे अनाज से संबंधित मिनी किट का निशुल्क वितरण किया गया।

गोष्ठी को ब्लाक प्रमुख रेनू वर्मा खंड विकास अधिकारी अदिति श्रीवास्तव जिला कृषि रक्षा अधिकारी विजय कुमार एडीओ कृषि डॉ रंजीत वर्मा,एडीओ रामनगर डॉ दलबीर सिंह कैलाश पाण्डेय डॉ धीरेंद्र यादव आदि ने सम्बोधित किया।

## चौकी प्रभारी की सर्तकता से टप्पेबाजों पर लगा विराम

**रामनगर बाराबंकी।** लोधेश्वर महादेवा के सावनी महोत्सव में विगत के दो सोमवार से टप्पेबाजी की घटनाओं पर पहली बार विराम लग सका है। जिसका पूरा श्रेय महादेवा पुलिस चौकी के प्रभारी संतोष कुमार त्रिपाठी के नाम पर दर्ज पाया गया। मालूम हो कि सावन माह के प्रत्येक दिन शिवभक्त यहां देश प्रदेश के सुदूर वर्ती क्षेत्रो से आकर भोलेनाथ का पूजन अर्चन एंव जलाभिषेक कर मनवांछित फल की कामना करते हैं।वहीं प्रत्येक रविवार के दिन से बढ़ने वाली भीड़ सोमवार की देर शाम तक लाखों में पहुंच जाती है।भारी भीड़ के मद्देनजर दशकों से प्रशिद्व शिव मंदिर में टप्पेबाजी की घटनाओं पर विराम नहीं लग सका। लेकिन इस बार सावन माह के पहले सोमवार को घटित हुई घटनाओं के बाद पुलिस चौकी प्रभारी श्री त्रिपाठी ने ऐसी घटनाओं की रोकथाम के लिये रणनीति बनायी जो दो सोमवार को कारगर साबित हुई। चौथे सोमवार को वइदूर से आई एक महिला के टॉप गिर गये थे जो ढूंढने पर मिल गयी।

# किसान नेता स्व. मुकेश सिंह के जन्मदिन किया फल वितरित

**सिरौलीगौसपुर बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।**



किसान नेता स्वर्गीय मुकेश सिंह के जन्म दिवस के अवसर पर किसान नेताओं ने स्कूल एवं अस्पताल में वृक्षारोपण कर फल वितरण किया। सोमवार को भारतीय किसान यूनियन टिकैत गुट के तहसील अध्यक्ष राम सजीवन वर्मा व ब्लॉक अध्यक्ष राम प्रताप वर्मा की अगुवाई में किसानों ने आलियालालपुर प्राथमिक विद्यालय में वृक्षारोपण कर छात्र-छात्राओं को फल वितरित किया। इसके बाद सभी ने संयुक्त चिकित्सालय सिरौलीगौसपुर पहुंचकर वहां पर भी वृक्षारोपण के उपरांत मरीजों में फल व बिस्कुट आदि खाद्य सामग्री का वितरण किया। किसान नेता राम प्रताप वर्मा ने कहा कि स्वर्गीय मुकेश सिंह किसानों के मसीहा थे वह हर समय किसान हितों के लिए संघर्ष किया करते थे। उनके निधन के बाद हमारे संगठन द्वारा प्रतिवर्ष उनके जन्मदिन के अवसर पर मरीजों एवं बच्चों में फल आदि का वितरण कर वृक्षारोपण किया जाता है। इस मौके पर सीएमएस डॉक्टर नीलम गुप्ता डॉक्टर देवेंद्र प्रताप सिंह डॉक्टर आरिफ सहित दर्जनों किसान कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## पुलिस ने किया मारफीन संग युवक को गिरफ्तार

**जैदपुर बाराबंकी।** मुखबिर की सूचना पर जैदपुर पुलिस टीम ने एक युवक को गिरफ्तार किया।जिसकी तलाशी लेने पर 25 ग्राम अवैध मार्फीन बरामद हुई।गिरफ्त मे आये युवक के विरुद्ध संबंधित धाराओ मुकदमा पंजीकृत कर आरोपी को जेल भेज दिया गया।बताते चले कि कस्बा इंचार्ज रनवीर सिंह,उप निरीक्षक सौम्य कुमार जायसवाल, हेड कांस्टेबल गुफरान खान गश्त के दौरान अहमदपुर मोड़ पर मौजूद थे।तभी एक मुखबिर द्वारा सूचना मिलने पर देवकली जाने वाले मार्ग पर पुलिया के पास हिकमते अमली से घेराबंदी कर शुभम शुक्ला पुत्र राजेश कुमार शुक्ला निवासी पूरे मिश्री मजरे गाजीपुर थाना रामसनेहीघाट को गिरफ्तार किया गया।जिसकी तलाशी लेने पर 25 ग्राम अवैध मार्फीन बरामद की गयी। जिसके विरुद्ध जैदपुर थाने मे मुकदमा पंजीकृत कर आरोपी को जेल भेज दिया गया।

# खबरें एक नजर में

## शराब की दुकानें हटवाने को लेकर महिलाएं हुई लामबंद

**इटावा।** मनियामऊ में शराब की दुकाने हटवाने को लेकर महिलाओ ने सड़क पर आकर प्रदर्शन किया। शराब की दुकाने हटवाने को लेकर विरोध कर रहीं महिलाओं को समझाने मौके पर पहुँचे एसडीएम, तहसीलदार, आबकारी विभाग के साथ थाना पुलिस। अधिकारियों ने महिलाओं को समझाने का काफी प्रयास किया लेकिन कोई नतीजा हासिल नही हुआ। महिलाओं का कहना कि जब तक गांव के पास से शराब के ठेके हटेंगे नही तब तक प्रदर्शन जारी रहेगा।

## ट्रेन में मिले लावारिस बैग में निकली शराब

**इटावा।** पुलिस अधीक्षक रेलवे, आगरा/झांसी के निर्देशन, पुलिस उपाधीक्षक आगरा/इटावा के पर्यवेक्षण में, थाना प्रभारी जीआरपी इटावा जंक्शन के नेतृत्व में चलती ट्रेनों व रेलवे स्टेशनों पर आपराधिक घटनाओं की रोकथाम एवं वांछित, वारण्टी, इनामियां अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे सघन चेकिंग अभियान के अंतर्गत ट्रेन से लावारिस बैग बरामद किया। जीआरपी ने ट्रेन कोटा पटना एक्स. से एक बैग लावारिस बरामद किया, जिसमें 21 नग 180 एमएल बिस्की, 9 नग 180 एमएल बोदका, 19 नग 180 एमएल पाउच अवैध शराब बरामद हुई। इस सफलता में थानाध्यक्ष जीआरपी इटावा शैलेश निगम, उपनिरीक्षक अजब सिंह थाना जीआरपी व का. सुखबीर सिंह थाना जीआरपी इटावा का सराहनीय योगदान रहा।

## अवसानेश्वर आये भक्तों के कपड़े मोबाइल पैसा चोरी

**हैदरगढ़, बाराबंकी समृद्धि न्यूज़।** कोतवाली हैदरगढ़ क्षेत्र स्थित औसानेस्वर महादेव मंदिर पर दर्शन करने आए तीन श्रद्धालुओं के कपड़ों के साथ-साथ मोबाइल पैसा व गाड़ी की चाबी भी चोर चुरा कर रफ्फू चक्कर हो गए। पड़ोसी जनपद रायबरेली के थाना शिवरतनगंज अंतर्गत सीवन गांव निवासी पप्पू मौर्य, अंकित मौर्य व मनोज सोमवार की रात 2 बजे जल चढ़ाने के लिए मंदिर स्थित स्टैंड पर गाड़ी खड़ी करके मंदिर के निकट पहुंचकर पूजन सामग्री बेचने वाले एक दुकानदार के दुकान पर कपड़े उतार कर लोटा लेकर जल लेने व नहाने नदी की तरफ चले गए जल चढ़ाकर वापस आने पर कपड़ो के साथ साथ कपड़ों में रखे 9हजार रुपए तीन मोबाइल फोन गाड़ी की चाबी भी गायब हो चुकी थी । काफी खोजबीन करने पर सामान न मिलने पर इसकी सूचना मेला परिसर में तैनात पुलिस कर्मियों को दी गई तो उन्होंने अपने सामान की सुरक्षा स्वयं करने की बात कहकर शिकायत को अनसुना कर दिया।

## युवक को बाइक सवार ने मारी टक्कर, गम्भीर घायल

**रामनगर, बाराबंकी।** लोधेश्वर महादेवा धाम को इकौना थाना गदौरा जिला जालौन से आये मुन्ना पुत्र गोरेलाल को रानी बाजार चौराहे पास रिक्शे से उतरते समय गोडियन टोला सकरामऊ करनैल गंज गोण्डा के निवासी करन पुत्र रामेश्वर ने बाईक से जबरदस्त ठोकर मार दी जो लखनऊ की तरफ जा रहे थे।जिससे मुन्ना गंभीर रुप से घायल हो गये जो बेहोशी की हालत में थे उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया।करन को आंशिक चोट आई थी जिन्हें सी एच सी में प्राथमिक उपचार के बाद छुट्टी मिल गयी।

## खेत की रखवाली करने गये किसान की सर्पदंश से मौत

**कालपी, जालौन।** खेत फ़सल की रखवाली करने गये किसान को सर्प ने डस लिया जिसकी इलाज के दौरान मौत हो गई है। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। मालूम हो कि कदौरा ब्लाक क्षेत्र के ग्राम जोल्हूपुर निवासी किसान कालीचरण पुत्र कमलेश 49 बर्ष मदारीपुर रोड स्थित खेतों में अपनी खरीफकी फ़सल की रखवाली के लिए प्रतिदिन खेत पर ही सोता था। रविवार की शाम भी वह खाना खाकर खेतों पर सोने के लिए पहुँचा था और इसी दौरान रात में उसे साँप ने डस लिया था जिसकी जानकारी उसने परिजनों को दी थी। आनन फानन परिजन उसे इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र ले गए थे।

# एसडीएम के निरीक्षण में विद्यालय से गायब मिला शिक्षक



**कालपी,जालौन समृद्धि न्यूज।**

सोमवार को उप जिलाधिकारी ने प्राथमिक विद्यालय का सुबह औचक निरीक्षण कर अभिभावक से मिलकर छात्र-छात्राओं की उपस्थिति बढ़ाने के लिए निर्देश दिए। सोमवार के दिन उप जिलाधिकारी सुशील कुमार सिंह कदौरा ब्लाक के जयरामपुर ग्राम के प्राथमिक विद्यालय में जैसे ही अचानक पहुंचे विद्यालय में सिर्फ शिक्षिका उपस्थिति पाई गई वहीं तैनात शिक्षक अनुपस्थित पाये जाने पर उनका पारा आसमान में चढ़ गया नाराज होकर के शिक्षक के खिलाफ कार्यवाही करने के निर्देश दिए साथ में उन्होंने विद्यालय में छात्राओं की उपस्थित कम देखकर नाराज हुए वही विद्यालय में मौजूद शिक्षिकाओं से कड़े लहजे में कहाकि जो विद्यालय की उपस्थिति रजिस्टर में पंजीकृत छात्र-छात्राएं हैं।

# बिजली घर में केबिल ठीक होने के चलते विद्युत आपूर्ति बाधित, लोग हुये परेशान

**जालौन,उरई समृद्धि न्यूज।**

बिजली व्यवस्था में सुधार के लिए सोमवार को छोटे बिजलीघर की केबिल ठीक करने का काम कराया गया। काम होने के कारण तहसील मार्ग समेत बाजार व मोहल्लों की बिजली आपूर्ति लगभग छह घंटे तक ठप रही। जिसके चलते लोग परेशान हुए। नगर में पिछले कुछ समय से बिजली व्यवस्था ध्वस्त बनी हुई थी।

अब व्यवस्थाओं में सुधार का काम चल रहा है। जिसके चलते सोमवार को साप्ताहिक बाजार बंदी के दिन बिजली विभाग ने छोटे बिजलीघर पर जमीन पर पड़ी केबिल को ठीक करने व उपकरणों आदि को बदलने का काम कराया। बारिश के मौसम में केबिल में किसी तरह की स्पार्किंग न हो और किसी तरह की अप्रिय घटना न घटे। इसके लिए बिजली विभाग काम कर रहा है। एसडीओ रामसुधार के नेतृत्व में लाइनमैन सामीर अली, सोनू, राजेंद्र, दीपू आदि ने सुबह लगभग 11 बजे काम शुरू किया। लगभग चार बजे तक काम पूरा हो पाया। काम पूरा होने तक बाजार, तहसील मार्ग के आलावा मोहल्ला बापूसासहब, गोविन्देश्वर, काशीनाथ, चौधरयाना बैठगंज आदि में लगभग छह घंटे बिजली आपूर्ति ठप रही। जिसके चलते लोगों को परेशानी उठानी पड़ी।



# फाइनल में पहुंची बस्ती व सिद्धार्थनगर की टीम

**सिद्धार्थनगर, समृद्धि न्यूज।**



गोरखपुर जोन की 72वीं अन्तर जनपदीय हाकी महिला-पुरुष प्रतियोगिता 2024 के दूसरे दिन सोमवार को पुरुष वर्ग व महिला वर्ग के बीच मैच खेला गया।

इस प्रतियोगिता के दूसरे सेमीफाइनल मैच , महिला वर्ग में जनपद सिद्धार्थनगर की कप्तान सुषमा रावत तथा जनपद देवरिया की कप्तान जयारंजन थी जिनके बीच मैच खेला गया। इसमें निर्धारित समय तक स्कोर शून्य शून्य से बराबर रहा तथा पेनल्टी शूटआउट में जनपद देवरिया एक शून्य से विजेता रही। जनपद देवरिया से महिला मुख्य आरक्षी जयारंजन ने एक गोल किया। वहीं पहला क्वार्टर फाइनल ;पुरुष वर्ग मैच जनपद गोण्डा व जनपद देवरिया के बीच खेला गया। इसमें जनपद देवरिया ने एक शून्य से जीत हासिल कर सेमीफाइनल में प्रवेश किया। जनपद देवरिया से आरक्षी सुखबीर ने एक गोल किया। इसी क्रम में दूसरा क्वार्टर फाइनल मैच ;पुरुष वर्ग जनपद कुशीनगर व जनपद गोरखपुर के बीच खेला गया। इसमें निर्धारित समय तक दोनों टीमें एक- एक के स्कोर पर बराबर रही। पेनल्टी शूटआउट में जनपद कुशीनगर दो शून्य से जीत हासिल कर सेमीफाइनल में प्रवेश किया। कुशीनगर से मुख्य आरक्षी सुमित सिंह व महेंद्र ने एक-एक गोल किया जबकि आरक्षी सुजीत पटेल ने एक गोल किया तथा जनपद गोरखपुर से आरक्षी अंकित सिंह ने एक गोल किया। पहला सेमीफाइनल ;पुरुष वर्ग जनपद देवरिया व बस्ती के बीज खेला गया। इसमें जनपद बस्ती ने तीन-शून्य से जीत हासिल कर फाइनल में प्रवेश किया।



## युवक ने लगाई यमुना नदी में छलांग, मौत

**कुठौंद,जालौन।** सोमवार को थाना कुठौंद क्षेत्र के शेरगढ़ घाट पर बने यमुना पुल से 12 बजे दोपहर एक व्यक्ति ने छलांग लगा दी स्थानीय लोगों द्वारा पुलिस को सूचना दी गई मौके पर पहुंची पुलिस ने गोताखोरों के मदद से नदी से शव बरामद किया। शव की पहचान सौरभ पाठक उम्र 37 वर्ष पुत्र सुमित नारायण पाठक निवासी प्रतापपुरा थाना व जिला जालौन के रूप में की गई। स्थानीय पुलिस द्वारा मृतक के शव को कब्जे में लेकर पंचायत नामा की कार्रवाई कर पोस्टमार्टम कराए जाने हेतु उरई भेजा गया। स्थानीय पुलिस घटना के कारणों के बारे में जांच पड़ताल कर रही है। उक्त घटना के बारे में जानकारी जैसे ही प्रतापपुरा में मृतक युवक के परिजनों को पता चली तो घर में कोहराम मच गया। इसी के साथ अनेकों लोग शेरगढ़ पहुंचे जहां पर थाना पुलिस पहले से ही मौजूद थी।

## जमीनी विवाद में अधिवक्ता सहित छह पर केस दर्ज

**कालपी, जालौन।** आटा थाना पुलिस ने अदालत के आदेश पर अधिवक्ता सहित 6 नामजद लोगों के खिलाफमामला दर्ज किया है। घटना लगभग डेढ़ माह पुरानी बताई जा रही है जिसमें संगीन आरोप लगाए गए हैं। आटा कस्वा के पास काफी दिनों से जमीन को लेकर दो पक्षों में विवाद चला आ रहा है। इसी के चलते गत दिनो कस्वा निवासी पुनीत कुमार ने अधिवक्ता सत्यम पाण्डे तथा अन्य लोगों के खिलाफ शिकायती पत्र थाना पुलिस को दिया था लेकिन पुलिस ने मामला दर्ज नही किया था जिसके चलते शिकायत कर्ता ने अदालत का सहारा लिया था जिस पर अदालत ने अधिवक्ता सत्यम पाण्डेय, संजू श्रीवास्तव, सौरभ तिवारी के खिलाफ पुलिस ने मामला दर्ज करने के निर्देश दिए थे और इसी के चलते सोमवार को थाना पुलिस ने सभी लोगो के खिलाफ धारा 147, 149, 323, 504, 506, 307, 452, 395, संगीन धाराओ में मामला दर्ज कर लिया है।

# ईओ के आश्वासन पर सभासदों का धरना समाप्त

- सभी सभासदों का वार्ड में सम्मान के साथ कराए जाएंगे सभी निर्माण कार्य

**इटावा, समृद्धि न्यूज।**




नगर पालिका परिषद में चल रहे धरना प्रदर्शन के सातवें दिन अधिशासी अधिकारी श्री विनय मणि त्रिपाठी ने धरने पर आकर सभासदों की 9 सूत्री मांगों को 15 दिन के अंदर निस्तारित कराने का आश्वासन देकर धरना समाप्त कराया और उन्होंने कहा है कि सभी सभासदों का वार्ड में सम्मान के साथ सभी निर्माण कार्य कराए जाएंगे।

वरिष्ठ भाजपा नेता एवं वरिष्ठ सभासद शरद बाजपेयी ने कहा कि ईओ विनय मणि त्रिपाठी ने सभी सभासदों को धरना प्रदर्शन पर आकर हमारी मांगों को सुना और 15 दिनों के अंदर हमारी मांगों को निस्तारित करने का आश्वासन दिया। शरद बाजपेयी ने कहा कि सभी वार्डों में बिना भेदभाव के काम होने चाहिए, हम सभी ने स्वतत्रंता दिवस को दृष्टिगत रखते हुए और आश्वासन मिलने पर धरना समाप्त किया है,उन्होंने नगर पालिका प्रशासन को चेतावनी देते हुए कहा कि हमारी मांगे समय से निस्तारित हो नहीं तो हम फिर से धरना प्रदर्शन के लिए बाध्य होंगे। इस अवसर पर सभासद शरद बाजपेयी, इकबाल, कुमार वैभव, सुनील दत्त, जावेद, अतुल पचौरी, राहुल, सभासद प्रतिनिधि हीरु, मुनेश यादव, लल्ला, दिलशाद , गम्भीर सिंह मंगू आदि उपस्थित रहे।

## ऑपरेशन मुस्कान के तहत नाबालिग बालक को किया बरामद

**इटावा।** थाना भरेह पुलिस ने परिजनों से बिछड़े नाबालिग बालक को त्वरित कार्यवाही कर बरामद किया और परिजनों के सुपुर्द कर दिया। थाना भरेह क्षेत्रान्तर्गत भारेश्वर मन्दिर में एक बालक अपने परिजनों से बिछड़ कर इधर उधर भटक रहा था। थाना भरेह पुलिस टीम द्वारा बालक को आपरेशन मुस्कान के तहत त्वरित कार्यवाही करते हुए सकुशल बरामद कर उसके परिजनों के सुपुर्द किया गया। बालक सत्यवीर पुत्र सतीश निवासी ग्राम अमदापुर थाना भरेह को सकुशल पाकर परिजनों द्वारा थाना इटावा पुलिस एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक इटावा की प्रशंसा की गयी।

# चेयरमैन ने अग्रवाल सभा को दिया सहयोग का भरोसा

- शपथ ग्रहण समारोह का किया आयोजन

**इटावा, समृद्धि न्यूज।**




अग्रवाल सभा इटावा एवं अग्रवाल सभा महिला मंडल के त्रैवार्षिक चुनाव संपन्न होने के बाद ध्रुव वाटिका समारोह स्थल में शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य अतिथि ज्योति संटू गुप्ता अध्यक्ष नगर पालिका परिषद एवं अधिष्ठापन अधिकारी मुख्य चुनाव आयुक्त विशन चंद्र अग्रवाल एडवोकेट, चुनाव आयुक्त गिरीश चंद्र अग्रवाल व विशुन नारायण शोरावाल रहे। अग्रवाल सभा में अध्यक्ष के रूप में राजेश कुमार अग्रवाल, वरिष्ठ उपाध्यक्ष निखिल अग्रवाल,महामंत्री बलराज गर्ग एवं कोषाध्यक्ष संजय कुमार अग्रवाल के साथ 21 सदस्यीय कार्यकारिणी का निर्वाचन हुआ।महिला मंडल में अध्यक्ष के रूप में निधि अग्रवाल,वरिष्ठ उपाध्यक्ष राखी मित्तल गर्ग,महामंत्री श्रीमती संगीता अग्रवाल एवं कोषाध्यक्ष रिचा अग्रवाल के साथ 21 सदस्यीय कार्यकारिणी को निर्वाचित घोषित किया गया। कार्यक्रम का संचालन महामंत्री बलराज गर्ग द्वारा किया गया। मुख्य अतिथि ज्योति संटू गुप्ता ने राजेश कुमार अग्रवाल को तीसरी बार अध्यक्ष निर्वाचित होने पर शुभकामनाएं दीं और कहा कि आपके द्वारा समाज के प्रति कराए जा रहे कार्य का ही प्रतिफल है कि समाज आपके ऊपर विश्वास करता है। उन्होंने अग्रवाल समाज को भी कभी भी किसी भी वक्त कोई परेशानी होने पर उनके तुरंत निदान का आश्वासन दिया।

**सूचना**

मेरी बीए तृतीय वर्ष 2021-22 का अनुक्रमांक 6022930 की मार्कशीट जो वास्तव में कहीं खो गयी है।

**कु0 शिवानी गौर पुत्री सुधीश कुमार निवासी ग्राम सिठऊपुर कुर्मी पो0 गुतासी, थाना मऊदरवाजा, फर्रुखाबाद।**

**सूचना**

मैंने अपनी पुत्री मीना कुमारी की शादी अपना एक मकान विक्रय कर नीरज कुमार के साथ कर दी है। अब मेरे पास सिर्फ एक मकान है, जिसकी मैं स्वामी हूँ, जिस पर (दामाद) नीरज कुमार की नियत खराब है। जिसको मैं बिक्री कर दूसरी जगह बनबाना चाहती हूँ, लेकिन दामाद नीरज मकान विक्रय करने में अड़ंगा डाल रहे हैं व हिस्सा मांग रहे है, जो अविधिक व गैरकानूनी है।

**राजेश कुमारी पत्नी स्व0 सतीश चन्द्र नि0 2/38, मोहल्ला मनिहारी, फर्रुखाबाद।**

# डीएम ने अधिकारियों के साथ की बैठक तिरंगा रैली निकालने के दिए निर्देश

कन्नौज, समृद्धि न्यूज़

**जिलाधिकारी शुभ्रान्त** कुमार शुक्ल ने कलेक्ट्रेट गांधी सभागार में स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर आयोजित होने वाले कार्यक्रमों की तैयारी के संबंध में आयोजित बैठक के दौरान कहा कि 13 अगस्त को जिला विद्यालय निरीक्षक एवं जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी की देखरेख में बच्चों द्वारा तिरंगा प्रभात फेरी निकाली जाएगी। इसी कड़ी में जनपद स्तर पर कलेक्ट्रेट से पीएसएम कॉलेज तक तिरंगा स्कूटी रैली निकाली जायेगी। इसी प्रकार तिर्वा, छिबरामऊ, गुरसहायगंज में तिरंगा साईकिल रैली बच्चों द्वारा निकाली जायेगी। कहा है कि गत वर्ष भांति की इस बार भी अपनी मातृभूमि के उन परिवारों को नमन करते हुए जिन्हें भारत के विभाजन के दौर में अपने परिवारजन के प्राण न्यौछावर करने पड़े। ऐसे लोगों की स्मृति में 14 अगस्त को %विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस% मनाया जायेगा। इसी कड़ी में स्वतंत्रता दिवस पर जिला कीड़ा अधिकारी की ओर से तिरंगा दौड़ कार्यक्रम का आयोजन होगा। जिला विद्यालय निरीक्षक, जिला पंचायत राज अधिकारी एवं जिला पर्यटन अधिकारी की ओर से पीएसएम डिग्री कालेज में तिरंगा संगीत कार्यक्रम का आयोजन कराया जाएगा।जिला विद्यालय निरीक्षक द्वारा जीआईसी उमर्दा में भी तिरंगा संगीत कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी राम कृपाल चौधरी, अपर जिलाधिकारी आशीष कुमार सिंह, प्रशिक्षु आईएएस स्मृति मिश्रा सहित आदि उपस्थित रहें।



बैठक में अधिकारियों को निर्देश देते जिलाधिकारी — समृद्धि न्यूज

## निपुण लक्ष्यों को प्राप्त करने वाले शिक्षकों का हुआ सम्मान

**तिर्वा।** राजकीय मेडिकल कॉलेज के ऑडीटोरिएम सभागार में सोमवार को बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा निपुण विद्यालय शिक्षक सम्मान समारोह कार्यक्रम का आयोजन किया गया। आयोजित कार्यक्रम में विकास खण्ड उमर्दा के 24 विद्यालयों के शिक्षकों को प्रमाण पत्र व शील्ड देकर सम्मानित किया गया। आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंची स्मृति मिश्रा ने बताया कि विद्यालय के जिन शिक्षकों ने अपने संघर्ष से निपुण लक्ष्यों को पूरा किया है। ऐसे शिक्षक सम्मान के पात्र है। विशिष्ट अतिथि बीएसए संदीप कुमार ने कहा कि सभी शिक्षकों की जिम्मेदारी है कि अपने स्कूल को बेहतर बनाए। बेहतर शिक्षा के साथ वातावरण भी अच्छा रखे। इस मौके पर गौरव दीक्षित, अतुल, हेमंत, अमनदीप, रॉबिन, रोहित, सौरभ सहित अध्यापक साथी उपस्थित रहे।

# प्राथमिक विद्यालय में माता उन्मुखीकरण कार्यक्रम आयोजित

जलालाबाद, समृद्धि न्यूज़

**जिला बेसिक** शिक्षा अधिकारी संदीप सिंह के निर्देशन में क्षेत्र के जसपुरापुर सरैया स्थित पीएम श्री प्राथमिक विद्यालय प्रथम में माता उन्मुखीकरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। प्रधानाध्यापिका रेनू कमल ने कहा कि आरंभिक वर्षो के दौरान स्वास्थ्य, पोषण, देखभाल और सीखने के अवसर माताएं उपलब्ध कराती है। बच्चे सबसे अधिक अपनी माता से भावानात्मक रूप से जुड़े रहते हैं। उक्त को ध्यान में रखते हुए बच्चों के समग्र विकास बच्चों की प्रथम शिक्षिका माता को बच्चों के पोषण, स्वास्थ्य एवं सीखने के अवसर से संबंधित बिन्दुओ पर उन्मुखीकरण किया गया। उन्होंने माताओं से अपील की अपने बच्चों को समय से स्कूल भेजे और बेहतर शिक्षा के लिए सरकारी स्कूलों से अच्छा कुछ भी नही है। सारी सुविधाएं सरकार दे रही है। इस दौरान लोकेंद्र, जसवीर, सुमन, जागृति, सौरभ, श्वेता, पूजा, अंजलि, शर्मिला सहित माताएं मौजूद रही।


प्राथमिक विद्यालय जसपुरापुर सरैया प्रथम में कार्यक्रम में मौजूद माताएं

# खबरें चलते-चलते

## डकैती की योजना बना रहे आठ शातिर अपराधी गिरफ्तार

**तिर्वा।** ठठिया पुलिस ने रविवार को सुखी पुल के निकट से डकैती की योजना बना रहे आठ शातिर अपराधियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इनके पास से चोरी की दो बाइकें और अबैध असलाह बरामद किए है। पुलिस की पूछताछ में इन अपराधियों ने तिर्वा-बेला मार्ग पर लूटपाट की कई घटनाओं में शामिल होना स्वीकार किया है। ठठिया थानाध्यक्ष अरूण चैधरी ने बताया कि पुलिस को कुछ समय से सूचना मिल रही थी कि तिर्वा-बेला मार्ग पर बदमाशों का एक गिरोह सक्रिय है। जो बाइक सवारों व पैदल चलने वाले राहगीरों के साथ लूटपाल की घटनाओं को अंजाम दे रहा है। पुलिस ने इन बदमाशों को गिरफ्तार करने के लिए प्रयास शुरू कर दिए। रविवार को पुलिस सुखी पुल के निकट चेकिंग अभियान चला रही थी। इसी दौरान आठ संदिग्धों को देखकर उनको रोका, तो सभी भागने लगे। इसपर पुलिस ने घेराबंदी कर उनको दबोच लिया। पुलिस के मुताबिक पकड़े गए अभियुक्तों में ठठिया निवासी कुढ़िना कन्हैया पुत्र राजकुमार, अंकित पुत्र रवीन्द्र सक्सेना, सर्वेन्द्र पुत्र राजेन्द्र सिंह, मिरूअन मडहा गांव निवासी बृजेश पुत्र खुशीराम, कन्हईपुर्वा गांव निवासी शिवप्रसाद पुत्र रामेश्वर दयाल, रामवीर पुत्र रामआसरे, पिन्टू पुत्र रामआसरे व जगतापुर गांव निवासी राजा पुत्र करन सिंह शामिल है।

## सरल जुर्माना जमा योजना का लाभ उठाएं वादकारी: लवली जयसवाल

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज़।** जनपद न्यायाधीश / अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण चन्द्रोदय कुमार के निर्देशन में लवली जयसवाल अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश / पूर्णकालिक सचिव ने अनौगी स्थित जिला कारागार का निरीक्षण क़िया। जिसमें %सरल जुर्माना जमा योजना卐 एवं पैन इण्डिया कैम्पेन 2024 की जानकारी हेतु विधिक जागरूकता एवं साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। निरीक्षण के दौरान सचिव द्वारा अस्पताल में उपस्थित बंदियों से उनके स्वास्थ्य सम्बन्धी जानकारी ली। भोजन की गुणवत्ता को भी परखा। निरीक्षण के दौरान बंदियों को निरंतर मीनू के अनुसार ही भोजन बनाने का निर्देश दिए। सचिव द्वारा लीगल एड प्राप्त करने वाले विचाराधीन बंदियो के रजिस्टर लीगल एड क्लीनिक के रजिस्टर एवं लीगल एण्ड क्लीनिक में कार्यरत पराविधिक स्वयं सेवक को जिला कारागार में निरूद्ध बंदियों को विधिक सहायता प्रदान किये जाने के हेतु दिशा निर्देश दिए। शिविर का अयोजन कर ऋह्वह्यह्लश्चह्लद्गद्द ड्डश्चह्लह्ल ट्टस्र्द्गह् क्व्ड्ढट्ट ह्वट्टस्र्द्बड्ड ष्टड्ड्द्दश्चड्ड्द्वद्दट्ट 2024 के विषय पर बताया कि उक्त कैम्पेन का उद्देश्य कारागार में निरूद्ध ऐसे व्यक्तियों की पहचान करना है। जो अपराध होने के समय संभावित रूप से नाबालिक थे। और ऐसे व्यक्तियों के किशोर होने के दावे के लिये सहायक दस्तावेजों के साथ आवश्यक आवेदन दाखिल करने में विधिक सहायता प्रदान किये जाने हेतु पैन इण्डिया कैम्पेन 2024 चलाया जा रहा है तथा सरल जुर्मना जमा योजना के विषय में जानकारी देते हुए बताया गया कि पुलिस अधिनियम, जुआ अधिनियम, मोटर वाहन चालान आदि के छोटे-छोटे अपराधिक मामलों की प्रक्रिया को सरल बनाने के उद्देश्य 卐 सरल पे आफेन्स, जुर्माना जमा योजना卐 आरम्भ की गयी। अब आप सीधे भारतीय स्टेट बैंक की निकटतम शाखा की पावन ज्योति एकाउन्ट में सम्मन पर अंकित जुर्माना धनराशि जमा कर रसीद प्राप्त करे और न्यायालय तक जाने आवश्यकता से बचें।

## प्रशासन ने पालकी यात्रा निकालने की नहीं दी अनुमति

**तिर्वा।** कस्बे के सिद्धपीठ दौलेश्वर धाम से सोमवार को बाबा दौलेश्वर की निकलने वाली पालकी यात्रा जिला प्रशासन की अनुमति न मिल पाने के कारण नहीं निकल सकी। पुलिस ने दौलेश्वर धाम पहुंचकर पालकी यात्रा निकालने वाली कमेटी को यात्रा न निकालने की बात कही। चेतावनी दी कि बिना अनुमति के यात्रा निकाली गई, तो उनपर सख्त कार्रवाई की जाएगी। प्रशासन के कड़े रूख को देखते हुए पालकी यात्रा निरस्त कर दी। विदित हो कि पिछले एक पखवारे से सिद्धपीठ दौलेश्वर धाम में श्रृंगार कमेटी द्वारा 12 अगस्त को बाबा दौलेश्वर की पालकी यात्रा निकाले जाने की तैयारियां चल रही थी। इसके लिए कमेटी के पदाधिकारियों द्वारा बाबा भोलेनाथ की एक पालकी को आकृषक ढ़ंग से सजाया जा रहा था।


# नाबालिग के साथ किया रेप का प्रयास, पुलिस ने गिरफ्तार कर भेजा जेल

▸ सपा जिलाध्यक्ष ने पत्र जारी कर पार्टी से बहुत पहले हटाएं जाने की बात कही

कन्नौज, समृद्धि न्यूज़

**सपा के करीबी** रहे सपा नेता पर नाबालिग युवती के साथ रेप करने का प्रयास किया। वहीं इसकी सूचना पुलिस 112 को दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने सपा के करीबी रहे सपा नेता को धर दबोच लिया। सपा से ताल्लुक रखने वाले सपा के करीबी नेता बताएं जा रहे पूर्व ब्लाक प्रमुख नवाब सिंह यादव पर नाबालिक लड़की ने रेप का प्रयास करने का आरोप लगाया। बीती रात नौकरी की बात कह कर नाबालिक लड़की से कपड़े उतार कर छेड़छाड़ की। जिस पर युवती ने यूपी 112 को सूचना दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने नाबालिक बेटी को साथ लेकर सवाल-जवाब कर नवाब सिंह यादव के कमरे में पहुंचकर एक दूसरी महिला के साथ बात करते हुए पकड़ लिया। पुलिस ने नाबालिक लड़की के बयान बाजी पर आरोपी के खिलाफ मामला पंजीकृत कर कार्रवाई शुरू कर दी। वहीं सपा के करीबी रहे पूर्व ब्लाक प्रमुख नवाब सिंह यादव की गिरफ्तारी से सियासी खेल में उलट फेर हो गया। सपा के जिला अध्यक्ष कलीम खान ने लेटर पैड जारी कर उन्हें सपा से बहुत पहले ही निकाल देने की बात कही। इधर भाजपा के नेताओं ने तंज कसना शुरू कर दिया। पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के करीबी व कन्नौज सांसद रही पूर्व डिंपल यादव के करीबी बताएं जा रहे नवाब सिंह यादव पर नाबालिक युवती के साथ रेप का प्रयास के आरोप लगते ही भाजपा, सपा आमने-सामने आ गई। सपा ने सपा से बहुत पहले ही हटाएं जाने की बात रख दी। बताया जा रहा है, कि नाबालिग लड़की अपनी बुआ के साथ गई थी।



पुलिस हिरासत में सपा नेता व सपा जिला अध्यक्ष द्वारा जारी किया पत्र — समृद्धि न्यूज

# शिवभक्तों ने हवन पूजन कराकर कराया श्रद्धालुओं को भोज


प्रसाद ग्रहण करतें श्रद्धालु — समृद्धि न्यूज

समधन, समृद्धि न्यूज़

**सावन** महीने के चलते सोमवार को शिवभक्तों ने हवन योग का आयोजन कराया गया इसके बाद प्रसाद वितरण किया गया। कस्बा समधन के ठाकुरद्वारा स्थित भगवान शिव जी के मंदिर परिसर में एक हवन योग का आयोजन किया गया जिसमें श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरण किया गया इसके बाद एक विशाल लंगर का आयोजन किया गया जिसमें श्रद्धालुओं ने कतारों में बैठकर भोज किया इस अवसर पर राजेश वर्मा, राजकुमार राजा, अर्जुन शाक्य, कुमोद पाल,अवधेश शर्मा, दिनेश कुमार, रामसनेही जाटव,टीटू , रामकुमार शर्मा आदि मौजूद रहे।

# बांग्लादेश में अल्पसंख्यक हिंदुओं की रक्षा के लिए दिया गया उप जिलाधिकारी को लिखित ज्ञापन



छिबरामऊ कन्नौज। समृद्धि न्यूज

हिंदू स्वाभिमान समिति के बैनर के तले युवाओं ने बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे अत्याचार के विरोध में प्रधानमंत्री संबोधित लिखित ज्ञापन उप जिलाधिकारी को सौंपा। हिंदू स्वाभिमान समिति के बैनर के तले युवाओं ने बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे अत्याचार के विरोध में प्रधानमंत्री संबोधित लिखित ज्ञापन में कहा गया है कि बांग्लादेश में राजनीतिक उठा पटक के चलते वहां के बहुसंख्यक लोगों द्वारा अल्पसंख्यक हिंदुओं के प्रतिष्ठानों व घरों पर हमला कर नुकसान किया जा रहा है सरेआम गोली मारी जा रही है ऐसी स्थिति में भारत की सरकार विश्व पटल पर अल्पसंख्यक हिंदुओं को न्याय उपलब्ध कारण का लिखित ज्ञापन उप जिलाधिकारी उमेश तिवारी को डॉक्टर वरुण प्रताप राजेश सिंह अर्जुन सिंह विशाल दिक्षित अमित आकाश राजा सुमित शाहित सैकड़ो युवा ज्ञापन देते समय मौजूद रहे।

# प्रतियोगिता के विजेताओं को पालिकाध्यक्ष एवं अधिशासी अधिकारी द्वारा किया गया पुरस्कृत

छिबरामऊ कन्नौज। समृद्धि न्यूज

**अंतरराष्ट्रीय युवा** दिवस पर नगर पालिका परिषद छिबरामऊ के द्वारा आयोजित कार्यक्रम में पॉलिथीन एक अभिशाप विषय पर हुए चित्रकला प्रतियोगिता के विजेताओं को पालिकाध्यक्ष मनोज दुबे एवं अधिशासी अधिकारी सुनील कुमार सिंह के द्वारा पुरस्कृत किया गया।

इस अवसर पालिका के कार्यों में सहयोग करने वाले अरुणेश चतुर्वेदी, पियूष गुप्ता, शरद सिंह, गुड्डू, रफाकत, शिवम, प्रवेश को सम्मानित किया गया।। तकनीकी सलाहकार गौरव त्रिपाठी अमर के संचालन में हुये कार्यक्रम में पालिकाध्यक्ष मनोज दुबे ने कहा कि स्वच्छ एवम हरा भरा नगर बनाने के लिये युवा महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते है, पालिका द्वारा जिम्मेदार नागरिको को नगर मित्र बनने के लिए आमंत्रित किया गया है ताकि सभी के प्रयास से नगर सुंदर बन सके। अधिशासी अधिकारी सुनील कुमार सिंह ने कहा कि पालिका के द्वारा समय समय पर प्रतियोगिताएं कराई जा रही है। उन्होंने कहा कि प्रतियोगिता में सम्मिलित होना हार जीत से ज्यादा महत्वपूर्ण है। इससे पहले जूनियर वर्ग में आरव गुप्ता को प्रथम, आध्या त्रिपाठी को द्वितीय एवम अंश निगम को तृतीय स्थान मिला वही सीनियर वर्ग में पलक राठौर को प्रथम, सुहानी को द्वितीय एवम अंशिका भारद्वाज को तृतीय स्थान मिला। इस अवसर पर संजय सिंह बरिष्ठ लिपिक, नीरज मिश्रा, प्रदीप कश्यप, अंकित दुबे, ज्ञानेन्द्र कुमार, मनोज राठौर, रमेश चंद्र, रामेंद्र सिंह, राजीव कुमार आदि कर्मचारी उपस्थित रहे।




# प्राथमिक विद्यालय कुंवरपुर बनबारी में हुआ माता सम्मेलन

छिबरामऊ कन्नौज। समृद्धि न्यूज

**शिक्षकों** से ज्यादा अभिभावको की है जिम्मेदारी, बच्चों को भेजें नियमित विद्यालय- संदीप कुमार बीएसए प्राथमिक विद्द्यालय कुंवरपुर बनबारी छिबरामऊ में माता सम्मेलन का आयोजन किया गया ,सम्मेलन में बोलते हुए जिला बेसिक सरकारी संदीप कुमार ने कहा कि सभी अभिभावक अपनी जिम्मेदारी को समझते हुए बच्चों को नियमित विद्द्यालय भेजें , अभिभावकों की शिक्षकों से ज्यादा जिम्मेदारी है। मासिक बैठक में बच्चों की प्रगति को भी कक्षा अध्यापक से चर्चा कर उसमें सुधार के लिए प्रयास करें। सम्मेलन को संबोधित करते हुए खंड शिक्षा अधिकारी आनंद दुबे ने कहा कि सरकार द्वारा बच्चों को निःशुल्क पुस्तकें ,ड्रेस,जूता, मोजा, बैग हेतु अभिभावक के खाते में 1200 रु0 भेज जा रहा है। अभिभाकक उन रु0 से बच्चों की आवश्यकतओं की पूर्ति करें। प्राया देखा जा रहा है कि अभिभावक उस धनराशि से बच्चों की जरूरत को पूरा नही कर रहे हैं। एआरपी अनुपम अवस्थी ने विद्द्यालय को निपुण बनाने हेतु अभिभावक शिक्षक की जिम्मेबारी पर विस्तृत चर्चा की गई। प्रधानाध्यापक सुमन लता यादव ने मुख्य अतिथि जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी श्री संदीप कुमार को पुष्प गुच्छा भेट कर ,प्रतीक चिन्ह भेंट किया। खण्ड शिक्षा अधिकारी आनंद दुबे का स्वागत किया। सम्मेलन का संचालन श्याम यादव ने किया। सम्मेलन में सुनीता, ममता, रेनू, पूजा, उस्मान, खुशी, आरती, कीर्ति आदि अभिभाबक माता उपास्थि रहे।




सम्मेलन | मासिक मातृ सम्मेलन में वक्ता बोले माँ ही भगवान, भक्त और महापुरुषों को गढ़ती है

# विद्यालय संस्कारों के बीज बोने का स्थान: विकास कुमारी

समधन, समृद्धि न्यूज़

**न्याय पंचायत** समधन देहात के कन्या उच्च प्राथमिक विद्यालय समधन में छात्रों के सर्वांगीण विकास में मातृ शक्ति का योगदान विषय पर मासिक मातृ सम्मेलन का आयोजन किया गया। मातृ सम्मेलन कार्यक्रम का संचालन नोडल शिक्षक संकुल संजीव कुमार राजपूत ने किया। मुख्य अतिथि एसआरजी विकास कुमारी दीक्षित ने मां की महिमा के बारे में बताते हुए मां के विभिन्न स्वरूपों मां सीता, जीजा बाई, अहिल्या बाई आदि के बारे में परीचित करवाया और कहा कि विद्यालय संस्कारों के बीज बोने का स्थान है। शिक्षा से ही व्यक्ति उत्तम नागरिक बनता है तथा छात्र-छात्राओं के चरित्र का निर्माण होता है। माताओं का जीवन संस्कारमय हो तो बच्चों को भी राम-कृष्ण बना सकती है। मां को उनके कर्तव्यों का भान करवाते हुए विभिन्न उदाहरणों के बारे में बताते हुए कहा कि मां जैसा चाहती है वैसे अपने बच्चें का निर्माण कर सकती है। मुख्यवक्ता विकास खण्ड के एआरपी मलिखान सिंह ने मां की भूमिका और महिमा के बारे में बताते हुए कहा कि माँ ही भगवान, भक्त और महापुरुषों को गढ़ती है। बालक पारिवारिक भविष्य के आधार स्तंभ होने के साथ-साथ राष्ट्रीय उन्नति के भी द्योतक हैं। बालक को विद्यालय, परिवार व समाज के केंद्र में बताया जो तीन कड़ियों से जुड़ी है और अगर एक कड़ी ढ़ीली पड़ जाए तो बालक का विकास अवरूद्ध हो जाएगा। बच्चों को घर से दिए गए संस्कार से ही उसके आगे बढ़ने की दिशा निर्धारित होती हैं। बच्चों को शारीरिक, मानसिक एवं बौद्धिक विकास के साथ संस्कार जैसी परस्पर सहयोग की भावना की शिक्षा भी मिलती है। साथ ही बालक के विकास को मनोवैज्ञानिक आधार पर शैशवावस्था में पंचकोषीय विकास को महत्त्वपूर्ण बताया। मातृ शक्ति को वर्तमान परिप्रेक्ष्य में बालक को संस्कारित करने घर-परिवार समाज में संस्कारमय वातावरण निर्माण करने के लिए मार्गदर्शन दिया। उन्होंने कहा कि आरंभिक स्थिति में विकास होने पर ही छात्र का समग्र विकास संभव है। उन्होंने शिशु मनोविज्ञान के आधार पर शिक्षण की आवश्यकता जताई। साथ ही कहा कि मां के हाथ से निकला अन्न और मुंह से निकली वाणी बालक का निर्माण जैसा चाहे वैसा कर सकती है। बालक को बचपन में मिट्टी, पानी, चंदा मामा, फिरकी, गुब्बारा, आदि खेलों को पंचतत्व के साथ समायोजित करते हुए कहा कि बालक को पांच वर्ष तक इन्ही पंचतत्व के साथ रहते हुए विकास पूर्ण होता है। मां के कर्तव्य का भान करवाते हुए मोबाइल के दुष्प्रभाव के कारणों को बताया। वर्तमान परिपेक्ष्य में दूरदर्शन व मोबाइल पर दिखाए जाने वाले कार्टूनों के बारे में व उसके दुष्प्रभाव का बालक के जीवन पर पड़ने वाले प्रभाव के बारे में बताते हुए बालक के सर्वांगीण विकास पर विस्तार से चर्चा की। विद्यालय की सहायक अध्यापिका मंजुलता ने बच्चों के नियमित आने पर जोर दिया। इस दौरान जावेद अख्तर, सत्यवती, मायादेवी,भगवती सहित बच्चों की माताएँ मौजूद रही।



# डीएम ने बाढ़ प्रभावित ग्रामों का दौरा कर ग्रामीणों की सुनी समस्याएं

- बांटी राहत सामग्री, परकोपाइन बनाने के लिए सर्वे करने के दिये निर्देश

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज**

**जिलाधिकारी** डॉ0 वी0के0 सिंह द्वारा कायमगंज तहसील के बाढ़ प्रभावित अजीजाबाद व कटरी तौफीक आदि गाँवों का दौरा कर बाढ़ प्रभावित गांवों के लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याओं को सुना एवं उनके समाधान के लिये संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया। जिलाधिकारी द्वारा ग्रामीणों से पूछा गया कि गांवों में मेडिकल टीमें आ रही हैं या नहीं, ग्रामीणों ने बताया कि मेडिकल टीमों द्वारा गाँवो में भ्रमण किया जा रहा है व दवाई उपलब्ध कराई जा रही है। पशुओं के टीकाकरण के बारे मे जानकारी की गई। किसी भी तरह की परेशानी होने पर तुरंत उपजिलाधिकारी से संपर्क करने के लिये कहा गया। जिलाधिकारी द्वारा इस अवसर पर बाढ़ पीड़ितों को राहत सामिग्री का वितरण किया गया व ग्रामीणों की माँग पर बाढ़ का पानी उतरने पर अचानकपुर से कटरी तौफीक के बीच एक और परकोपाइन बनाने के लिये सर्वे करने के निर्देश अधिशासी अभियंता सिंचाई को दिये। इसके साथ ही जिलाधिकारी द्वारा पू0मा0 वि0 अजीजाबाद का निरीक्षण किया गया। विद्यालय में पंजीकृत 52 बच्चों के सापेक्ष 20 बच्चे उपस्थित पाये गये। पढ़ाई का स्तर खराब पाया गया। विद्यालय भवन का अनुरक्षण खराब पाया गया। जिलाधिकारी द्वारा शिक्षा का स्तर सुधारने व बच्चों को बेसिक जानकारियॉ देने के निर्देश सबंधित प्रधानाध्यापक को दिये गए। इस अवसर पर ज्वाइंट मजिस्ट्रेट महेंद्र सिंह, मुख्य चिकित्सा अधिकारी, उपजिलाधिकारी कायमगंज व संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।



नाव से जायजा लेते जिलाधिकारी — समृद्धि न्यूज

# सावन के चौथे सोमवार पर मंदिरों में पूजा करने के लिए पहुंचे भक्त

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज**

**सावन** के चौथे सोमवार पर नगर के शिवालयों में भक्तों का तांता लगा रहा। सबसे ज्यादा भीड़भाड़ ऐतिहासिक मंदिर पांडेश्वरनाथ मंदिर में देखी गयी। यहां पर पुलिस ने लाइन लगवाकर महिला और पुरुषों को पूजा अर्चना करने दी। कई भक्तों ने गंगाजल से भगवान भूतभावन का जलाभिषेक किया तथा विल्वपत्र, फूल, धतूरा, भांग आदि अर्पण किये। मंदिरों में पूरे दिन बम-बम भोले के जयकारे गुंजायमान होते रहे।

आज सावन का चौथा सोमवार होने के चलते नगर के शिवालयों में पूजा अर्चना करने के लिए भक्तों की भारी भीड़ उमड़ी। भक्तों ने श्रद्धाभाव से भगवान शिव का अभिषेक कर विल्वपत्र, भांग, धतूरा, पुष्प, शहद, दूध आदि अर्पित किये। कई भक्तों ने गंगाजल से जलाभिषेक किया। सबसे ज्यादा भीड़ पंडाबाग मंदिर में देखी गयी। यहां पर पुलिस ने महिला तथा पुरुषों की अलग-अलग लाइनें लगवायीं। तब उन्हें भगवान के दर्शन करने दिये। इसके अलावा नगर के मठिया देवी, कोतवालेश्वर, बढ़पुर स्थित शंकर जी के मंदिर, भोलेपुर स्थित भगवान शिव के मंदिर समेत नगर के दर्जनों शिव मंदिरों पर भक्तों की भारी भीड़ देखी गयी। वहीं महिलाओं ने व्रत रखकर भगवान शिव की आराधना की। शाम के समय शिवालयों में भगवान शिव की मनमोहक झाकियां सजायी गयीं। सुरक्षा की दृष्टि से शिवालयों में पुलिस फोर्स तैनात रहा। जो हर गतिविधि पर अपनी पैनी नजर बनाये रहा।



पंडाबाग मंदिर में लाइन में लगे भक्तगण — समृद्धि न्यूज

# तीन बंद घरों के ताले तोड़कर चोरों ने उड़ायी नकदी व जेवरात

**कंपिल, समृद्धि न्यूज**

**बंद घरों** के ताले तोड़कर घुसे चोरों ने तीन घरों से लाखों रुपए के जेवर व नगदी चोरी कर लिए। सुबह घर खोलने पहुंचे स्वजनों को मामले की जानकारी हुयी। मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल की। फॉरेंसिक टीम ने भी घटना स्थल पर पहुंचकर साक्ष्य जुटाए। पीड़ितों ने मामले की तहरीर पुलिस को दी।

नगर के मोहल्ला गीतापुरम कालोनी निवासी सेवानिवृत सैनिक के बंद घर से चोरों ने सोमवार की बीती रात मुख्य दरवाजे का ताला तोड़कर 60 हजार रूपये की नगदी, चार अंगूठी, दो मंगलसूत्र, बंदूक का लाइसेंस, एक जंजीर, एक जोड़ी झुमकी चोरी कर ले गए। एक चोर की लाल तौलिया घर में ही छूट गयी। नाहर सिंह अपने घायल भतीजे मयंक को अस्पताल मे देखने फर्रुखाबाद गए थे। अन्य स्वजन अपने पैतृक गांव कमरुद्दीननगर चले गए। स्कूल जाने के लिए आये पुत्र ने सुबह मुख्य दरवाजे का ताला टूटा देखा। पुत्र ने घटना की सूचना पिता को दी। मौके पर नगरवासियों की भीड़ जमा हो गयी। दूसरी घटना में मोहल्ला आजाद नगर निवासी आकिब के बंद घर का ताला तोड़कर घुसे चोर बीस हजार की नगदी, जेवर व अन्य सामान चोरी कर ले गये। आकिब राजमिस्त्री का कार्य करने धुमरी व पत्नी रानी बेगम बच्चों के साथ निजामुद्दीनपुर स्थित मायके चली गयी। आकिब ने बताया की उनके यहां तीन वर्ष पूर्व भी लाखों रूपये भी चोरी हुई थी तब भी पुलिस को तहरीर देने के वावजूद पुलिस ने मामले की लीपापोती कर दी थी। तीसरी घटना पट्टी मदारी निवासी मिथलेश के बंद घर के मुख्य दरवाजे पर लगे ताले तोड़कर घुसे चोरो ने ग्रहस्थी का सामान चोरी कर लिया। नगर में एक ही रात में तीन घरों से चोरी से हड़कंप गया। पीड़ितों के अनुसार दस लाख की चोरी हुयी है। पीड़ितों ने मामले की तहरीर पुलिस को दी। मौके पर पहुंची फॉरेंसिक टीम ने भी सभी घरों से साक्ष्य जुटाए। सीओ जय सिंह परिहार ने भी पीड़ितों से घटना के संबंध में जानकारी जुटायी। थाना प्रभारी जितेंद्र चौधरी ने बताया मामले की जांच की जा रही है। कार्रवाई की जाएगी।



मंदिर में पूजा अर्चना के लिए भक्तों की लगी लाइन — समृद्धि न्यूज

# बदमाशों ने दंपति को बंधक बनाकर तमंचे के बल पर लूटे जेवर व नकदी

**कंपिल, समृद्धि न्यूज**

**बदमाशों ने** दंपति को बंधक बनाकर तमंचे के बल पर जेवर, नगदी व मोबाइल लूट लिए। शोर मचाने पर बच्चों को जान से मारने की धमकी दी। ग्रामीणों ने घर पहुंचकर दंपति को छुड़ाया। पीड़ित ने मामले की सूचना थाना पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल की।

जानकारी के अनुसार क्षेत्र के गांव सिकंदरपुर खास निवासी कुलदीप वर्मा सोमवार की बीती रात पत्नी अर्चना व बच्चों के साथ घर के अंदर कमरे में साथ सो रहे थे। बीती रात किसी पहर तीन बदमाश दीवार किनारे सीढ़ी लगाकर घर में घुस गए। जब तक दंपति कुछ समझ पाते तब तक बदमाशों ने उन्हें दबोच लिया। बदमाशों ने दंपति के हाथ पैर बांध दिए और तमंचे के बल पर जेवर व भैंस खरीदने के लिए रखे पचास हजार रुपए की नगदी व मोबाइल लूट ले गए। शोर मचाने पर बच्चों को जान से मारने की धमकी दी। चोर घटना को अंजाम देकर मुख्य दरवाजे का ताला खोलकर बाहर निकल गए। बदमाशों के जाने पर दंपति ने शोर मचाकर ग्रामीणों को जगाया। दंपति की आवाज सुन घर पहुंचे पड़ोसियों ने दंपति के हाथ पैर खोले। मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल की। पीड़ित परिवार ने थाने पहुंचकर मामले की तहरीर दी। पुलिस मामले की जांच कर रही है। तहरीर के आधार पर अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया। थाना प्रभारी जितेंद्र चौधरी ने बताया मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है।

## खबरें चलते-चलते

### युवती को बहला फुसलाकर भगा ले जाने का मुकदमा दर्ज

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** कम्पिल थाना क्षेत्र के एक गाँव निवासी युवक ने कायमगंज कोतवाली पुलिस को शिकायती पत्र देकर कहा है कि मेरी बहिन को शिवम पुत्र सुरेश चन्द्र निवासी मोहल्ला बगिया सोहनलाल थाना कायमगंज आये दिन फोन पर अश्लील वीडियो बनाकर व रिकार्डिंग करके गुमराह करता है तथा कहीं सूनसान जगह पर बुलाता है। मना करने पर वह जबरदस्ती भगा ले जाने व सोशल मीडिया पर वीडियो को वायरल करने व जबरदस्ती जान से मार देने की धमकी देता रहता है। यह बात रश्मि ने कई बार मुझे व परिजनों को बतायी। एक दिन मेरी बहिन दवा लेने सीएचसी गयी। इसकी जानकारी शिवम व उसके परिजनों को हो गयी, तभी शिवम ने अपने परिवारवारीजन ओमकार, चन्द्रशेखर, भगत पुत्रगण सुरेश चन्द्र व रिश्तेदारों के सहयोग से एक राय होकर सीएचसी कामगंज आया और मेरी बहिन को मुझे व मेरी मां को बिना बताये मेरी बहिन को ले गया। मेरी बहिन के पास लगभग चार लाख तीस हजार रुपये व जेवर जंजीर, झुमकी, दो अंगूठी, एक नाक बेसर जो कि बहिन की शादी के लिए रखे थे उसे जबरदस्ती बहला फुसलाकर कहीं अज्ञात जगह पर भगा ले गया। जिसने मेरी बहिन को बन्धक बनाकर रखा हुआ है। उसके बाद मैंने तुरन्त कस्बा चौकी इंचार्ज कायमगंज पर सूचना दी। पुलिस ने चन्द्र शेखर को पकड़वाया। जिस पर चन्द्रशेखर ने कहा कि तुम्हारी बहिन एवं शिवम को मैंने बाहर भेज दिया है, तभी शिवम के परिवार वालों ने कहा कि हम दो दिन के अन्दर आपकी बहिन को वापस कर देग, लेकिन अभी तक मेरी बहिन को वापस नहीं किया। उन्होंने कहा अगर तुमने कोई भी कार्यवाही की तो तुम्हारी बहिन को जान से मार देंगे। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर के आधार मुकदमा दर्ज कर लिया।

### चौराहे पर लगा बिजली का पोल टूटा, बड़ा हादसा होने से टला

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** चौराहे पर लगा वर्षों पुराना लोहे का बिजली पोल टूट गया। लाइन खिंची होने के कारण वह जमीन पर नहीं गिरा अन्यथा बड़ा हादसा हो सकता था। घटना की सूचना बिजली विभाग को दी गयी। जिस पर बिजली सप्लाई बंद की गयी तथा मौके पर पहुंचे बिजली कर्मचारियों ने पोल ठीक करने का काम शुरु कर दिया। जानकारी के अनुसार कस्बा नवाबगंज चौराहे पर दसियों वर्ष पुराना लोहे का विद्युत पोल खड़ा था जो की काफी नीचे से गल चुका था, लेकिन विद्युत विभाग के कर्मचारी मामले की अनदेखी करते रहे। आज भारी बारिश होने के कारण विद्युत पोल टूटकर गिर गया, लेकिन चारों तरफ से लाइन खिंची होने के कारण पोल नीचे नहीं गिरा, जिससे एक बड़ा हादसा टल गया, क्योंकि चौराहे पर सैकड़ों की संख्या में लोगों का आना जाना हर समय रहता है। घटना की सूचना मौजूद लोगों ने विद्युत उप केंद्र पर दी। सूचना पाते ही एकदम बिजली की लाइन काट दी गयी और नगर पंचायत की बिजली संभालने वाली क्रेन गाड़ी कर्मचारियों के साथ मौके पर पहुंची। वहीं विद्युत उपकेंद्र से विद्युत कर्मचारी भी तुरंत पहुंचे और चारों तरफ की लाइन खोली तथा सूचना पुलिस को दी। थाना पुलिस मौके पर पहुंची। थाना पुलिस ने आवागमन को बंद कराया। तब विद्युत विभाग के कर्मचारियों ने दोनों तरफ से लाइन खोली और खंबा नीचे गिराया। विद्युत विभाग के कर्मचारी तथा नगर पंचायत के कर्मचारी बिजली व्यवस्था सुधारने में लगे थे।

### पुरानी रंजिश के चलते गाली-गलौज व मारपीट

**कमालगंज, समृद्धि न्यूज।** कमालगंज थाना क्षेत्र के गांव बहोरनपुर टप्पा हवेली निवासी बृजेश पुत्र हरिकिशन ने पुलिस को दी गई तहरीर में बताया पीड़ित तथा पीड़ित की बहन पूजा दोनों लोग साथ में बाहर खड़े थे, तभी गांव के ही पड़ोसी उमेश, धर्मेंद्र, रंजीत पुत्रगण रामनिवास तथा रामनिवास पुत्र रामेश्वर दयाल ने पुरानी रंजिश के चलते बेवजह गाली-गलौज करके मारपीट कर दी। जिससे पीड़ित को चोटें आई हैं। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने कहां की जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

# भाजयुमो ने निकाली तिरंगा यात्रा बाइक रैली

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज**

**नगर के** सीपी गेस्ट से भारतीय जनता युवा मोर्चा के नेतृत्व में आजादी के अमृत महोत्सव व 77वें स्वतन्त्रता दिवस के उपलक्ष्य में विशाल तिरंगा यात्रा बाइक रैली का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के संयोजक अमर गुप्ता, सह संयोजक हिमांशू खटीक रहे। कार्यकर्ताओं का उत्साहवर्धन करने के लिए मुख्य अतिथि के तौर पर सांसद मुकेश राजपूत, भाजपा जिला अध्यक्ष रुपेश गुप्ता, राज्य महिला आयोग की सदस्य डॉ0 मिथलेश अग्रवाल, पूर्व विधायक अमर सिंह खटिक, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष शमसाबाद विजय गुप्ता, जिला महामंत्री सुनील रावत, जिला उपाध्यक्ष जय गंगवार, जिला पंचायत सदस्य आशीष गुप्ता, ब्लाक प्रमुख अरुण दुबे, जिला मंत्री अमरदीप दीक्षित, मंशाराम गुप्ता, मंडल नगर अध्यक्ष चेतन तिवारी, राम लखन राजपूत, मनोज गंगवार, अजय वीर, आयुष गुप्ता, राजेश कठेरिया, अभिषेक दीक्षित, राजेश राजपूत, अखलेश शर्मा सहित सैकड़ों कार्यकर्ताओं को सांसद द्वारा तिरंगा झन्डा दिखाकर यात्रा को रवाना किया गया। यात्रा नगर के सीपी गेस्ट हाउस से शुरु होकर नगर के नगर के मुख्य मार्गों से होती हुई सीपी गेस्ट हाउस में सम्पन्न हुई।



तिरंगा यात्रा बाइक रैली निकालते युवा

# ट्रांसफार्मर का फाल्ट जोड़ने के लिए पोल पर चढ़ा ग्रामीण करंट से झुलसा

- परिजनों ने बिजली घर पर किया हंगामा, सीएचसी से लोहिया किया गया रेफर

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज**

**ट्रांसफार्मर का** फाल्ट जोड़ने गया ग्रामीण बिजली के करंट से गम्भीर रुप से झुलस गया। परिजनों ने सीएचसी में भर्ती कराया। जहां से उसे लोहिया अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया।

जानकारी के अनुसार नवाबगंज थाना क्षेत्र के गांव इमादपुर निवासी अवनीश कुमार पुत्र सतीश चंद्र के यहां बिजली की लाइन खराब हो गई थी, तभी वह ग्राम सलेमपुर में लगे 63 केवीए के ट्रांसफार्मर का तार जोड़ने के लिए पोल पर चढ़े, वैसे ही अचानक बिजली आ गई और ग्रामीण अवनीश कुमार बुरी तरह झुलस गये और नीचे जा गिरे। घटना की सूचना पाकर अवनीश के परिजन बिजली घर पर पहुंचे और जमकर हंगामा किया तथा अवनीश को घायल अवस्था में नवाबगंज लाकर भर्ती कराया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद अवनीश को गंभीर अवस्था में लोहिया अस्पताल रेफर कर दिया। जब इस बावत विद्युत विभाग के जे0ई0 जावेद अहमद से जानकारी की गई, तो उन्होंने बताया की ग्रामीण अवनीश कुमार मेरे विभाग से नहीं है और वह पहली बात तो पोल पर गलत चढ़ा, लेकिन अवनीश कुमार ने बताया कि लाइनमैन हुकुम सिंह से शटडाउन मांगा था। उसके बाद बिजली लगा दी गई है। इस पर जे0ई0 जावेद अहमद ने बताया की लाइनमैन के मुताबिक शटडाउन ग्रामीण बिजली के लिए लिया गया था। वहीं पर दूसरी लाइन समरसेबिल की जुड़ी हुई है। कन्फ्यूजन होने के कारण चलती लाइन पर चढ़ गया और उसके साथ घटना घटित हो गई है, लेकिन मामले की जानकारी एक्शिचयन विद्युत विभाग फतेहगढ़ को दी गई है। बताते हैं कि संबंधित लाइनमैन हुकुम सिंह तथा हेल्पर मंजेश कुमार के विरुद्ध कार्रवाई की जा रही है।



सीएचसी में भर्ती घायल ग्रामीण

### घरेलू विवाद में महिला को जेठ-जेठानी ने पीटा

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** घरेलू विवाद में हुए गाली-गलौज का विरोध करने पर जेठ-जेठानी ने मिलकर महिला को मारपीट कर घायल कर दिया। पीड़िता ने थाने पहुंचकर पुलिस को तहरीर दी है। जानकारी के अनुसार नवाबगंज थाना क्षेत्र के गांव धनियापुर हीरामन निवासी ज्योति पत्नी विपिन कुमार ने थाना पुलिस को दी तहरीर में बताया कि आज वह अपने घर पर कामकाज कर रही थी, तभी घरेलू बातों को लेकर आरोपीगण गाली-गलौज करने लगे। पीड़िता के मुताबिक जब उसने गाली-गलौज का विरोध किया, तो उक्त दबंग जेठ तथा जेठानी ने पीड़िता के साथ जमकर मारपीट की। पीड़िता के मुताबिक जेठ ने उसके ऊपर बैठकर लात-घूसों से मारापीटा। जिससे उसके काफी चोटें आयीं। थाना पुलिस को नामजद आरोपी जेठ पुष्पेंद्र पुत्र रामचंद्र तथा जेठानी कल्पना के विरुद्ध थाने में तहरीर दी। तहरीर के आधार पर थाना पुलिस ने पीड़िता को मामले की जांच कराकर कार्रवाई करने का भरोसा दिया।

# मार्ग दुर्घटना में कांवड़िये की मौत, साथी घायल

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज**

**बीती रात** बाइक सवार कावड़िये की मार्ग दुर्घटना में मौत हो गयी, जबकि उसका साथी गम्भीर रुप से घायल हो गया। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

जानकारी के अनुसार जनपद मैनपुरी के बेवर बिजली घर के पीछे निवासी 26 वर्षीय प्रदीप उर्फ मंगू पुत्र विजेंद्र अपने साथी 28 वर्षीय अंकित पुत्र अवधेश के साथ पांचाल घाट कांवड़ लेकर आया था। वापस जाने के दौरान कोतवाली मोहम्मदाबाद के ग्राम मुरहास के निकट मार्ग दुर्घटना में दोनों कांवड़िया घायल हो गये। रात 12.03 बजे ईएमटी गगन मिश्रा ने प्रदीप को लोहिया अस्पताल में भर्ती कराया। जहाँ चिकित्सक ने प्रदीप को मृत घोषित कर दिया। प्रदीप की माँ शीला देवी, बहन रजनी, सरस्वती, चांदनी का रो-रोकर बुरा हाल हो गया। कुछ लोगों ने बताया कि दोनों को किसी बस ने टक्कर मारी है, जबकि पुलिस बाइक फिसलने की घटना बता रही है।



मृतक का फाइल फोटो

### कावड़ियों के साथ शराबियों ने की मारपीट

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** डीजे न बजाने को लेकर शराबियों का कांवड़ियों से विवाद हो गया। सूचना पर पहुंचे थानाध्यक्ष ने कांवड़ियों को शांत कर पांचाल घाट गंगाजल भरने के लिए भेजा। जानकारी के अनुसार थाना राजेपुर क्षेत्र के ग्राम खंडौली निवासी कांवरिया पुजारी उर्फ गोविंद पांडे ने पुलिस को दी तहरीर में कहा है कि वह पांचाल घाट पर गंगाजल भरने जा रहे थे। साथ में डीजे भी बज रहा था। राजेपुर थाना क्षेत्र के ग्राम शेराखार के पास डीजे बजाने को लेकर कांवड़ियों का कुछ आरोपियों से विवाद हो गया। जिस पर आरोपियों ने डीजे न बजाने की धमकी दी। घटना की सूचना पुलिस को दी गयी। जिस पर थानाध्यक्ष योगेंद्र सिंह सोलंकी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे।

थानाध्यक्ष ने मामला रफादफा कर थानाध्यक्ष ने कांवड़ियों को जल भरने के लिए पांचाल घाट को रवाना किया। वहीं थानाध्यक्ष ने बताया कि कांवड़ियों ने तहरीर दी है। दोनों पक्षों में कहासुनी हुई थी। मारपीट नहीं हुई थी।

# हम मानवों को स्वयं का मूल्य पहचानना होगा: ज्ञानेश महाराज

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज**

**श्री पांडेश्वर** नाथ मंदिर में चल रही श्री शिव महापुराण की कथा के द्वितीय दिवस के अवसर पर वृंदावन से पधारे कथा व्यास पंडित ज्ञानेश महाराज ने प्रवचन करते हुए कहा कि हम मानवों को स्वयं का मूल्य पहचानना होगा। हमें एक भी श्वास बर्बाद नहीं करनी है। यह जीवन क्षणभंगुर है पता नहीं कब समाप्त हो जाए। इसलिए प्रत्येक क्षण हरि नाम का स्मरण करते रहो। हमे ंये यह जीवन केवल भोग के लिए नहीं मिला है बल्कि योग साधना के लिए मिला है। कलयुग में बहुत दोष होंगे परंतु कलयुग का एक बहुत उत्तम गुण भी है। कलयुग केवल नाम अधारा, सुमरि सुमरि नर उतरही पारा। हमें ऐसा अभ्यास करना होगा की हमारे अंतिम क्षण में नारायण की स्मृति बनी रहे। जिसके जीवन के अंतिम क्षण में मुख में परमात्मा का नाम नहीं आ पाया वह जीवन कचरे के समान हो जाता है। हमें इस संसार के झमेले में पड़कर, झूठे प्रपंचों में पड़कर परमात्मा रूपी रत्न को प्राप्त करने का परम उद्देश्य नहीं भूलना चाहिए। जीवन के अंत में हमारे सत्कर्म ही, हमारा नाम जप ही हमारे काम आएगा। यह संसार तो गुण और दोष मय है। हमें ऐसे साधन करने होंगे जिससे इस दुखमय संसार को पार कर कर जाएं। आगे बताया की शिवभक्त वही हैं जिसके हृदय में जगत व अपनों के साथ ही नहीं, बल्कि अपने दुश्मनों के प्रति भी कल्याण का भाव रहता हो और यही कल्याण का भाव ही हमारी सनातनी परंपरा की पहचान है। सम्पूर्ण विश्व में केवल सनातन धर्म ही कहता है की सभी सुखी हों सभी शांतिपूर्वक रहे, सबका मंगल हो, चारों ओर शांति हो, परंतु आज विडंबना है दुनिया में कुछ राक्षसी मत के अनुयायियों द्वारा अत्याचार इस कदर बढ़ रहा है की संपूर्ण दुनिया त्राहि त्राहि कर उठी है। बांग्लादेश इसका ज्वलंत उदाहरण है। क्या वहां के निरपराध हिंदुओं की लुटती अस्मिता छोटे-छोटे बच्चों पर अत्याचार बहन बेटियों के साथ दरिंदगी क्या इसे धर्म कहते हैं। इन विधर्मियों द्वारा अत्याचार का जिस दिन हिंदू जनमानस ने प्रतिकार करना आरंभ कर दिया, तो यह कट्टरपंथी क्षण भर में मिट्टी में मिल जाएंगे। इस मौके पर डॉ0 रमाकांत तिवारी, प्रमोद झा, धीरेंद्र वर्मा, रंजना झा, रीना राजपूत, अनीता तिवारी, मृदुल तिवारी, रोमा तिवारी, गोविंद अवस्थी, आशुतोष अवस्थी, भप्पू सोनी, कैलाश मिश्रा, सलिल अग्रवाल, राजेंद्र त्रिपाठी, विश्राम सिंह राजपूत, प्रवीन पाल, धीरेंद्र वर्मा आदि उपस्थित रहे। आज के मुख्य यजमान वीरेन्द्र मिश्र रहे।



कथा की अमृतवर्षा करते ज्ञानेश महाराज व मौजूद भक्तगण — समृद्धि न्यूज

# कैम्प लगाकर छात्रसभा ने 400 छात्रों को दिलायी सपा की सदस्यता

## तानाशाही के खिलाफ अभियान जारी रहेगा: सुमित यादव

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज

**समाजवादी पार्टी** के राष्ट्रीय नेतृत्व के निर्देशानुसार 9 अगस्त से 10 सितंबर तक चलने वाले छात्र नौजवान एवं पीडीए जागरूकता अभियान के तहत जनपद के बद्री विशाल डिग्री कॉलेज के बाहर समाजवादी छात्र सभा के जिलाध्यक्ष हर्ष गंगवार के नेतृत्व में कैम्प लगाकर छात्र-छात्राओं को सदस्यता दिलाई गई। बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं ने बड़े उत्साह के साथ समाजवादी पार्टी से जुड़ने पर अपनी खुशी जाहिर की और कहा कि वह काफी समय से समाजवादी पार्टी से जुड़ना चाहते थे, क्योंकि समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव छात्रों के भविष्य के बारे में चिंतित हैं और वर्तमान भारतीय जनता पार्टी की सरकार उनके हित को ध्यान में नहीं रख रही है। जनपद के अभियान के प्रभारी सुमित यादव कन्हैया एवं सुरजीत तिवारी राष्ट्रीय सचिव छात्र सभा ने वहां मौजूद रहकर इस अभियान को समाजवादी पार्टी कर नीतियों को छात्रों के बीच रखने में कोई कसर नहीं छोड़ी। जिलाध्यक्ष चंद्रपाल सिंह यादव ने कहा की छात्र ही इस देश का भविष्य है और अगर इस देश के भविष्य को ही भारतीय जनता पार्टी के द्वारा खत्म किया जा रहा है, उनसे रोजगार के अवसर छीने जा रहे हैं, उनके पेपर लीक हो रहे हैं तो सही मायने में यह सरकार देश की प्रगति के प्रति बिल्कुल भी गंभीर नहीं है। प्रभारी सुमित यादव कन्हैया ने कहा कि जनपद में सदस्यता अभियान को और गति देने आए हैं। इसमें चारों फ्रंटल संगठन उनका सहयोग दे रहे हैं और वह आने वाले दिनों में विभिन्न संगठनों के जिलाध्यक्षों को अलग-अलग जिम्मेदारी देकर के इस अभियान में और तेजी लाएंगे। साथ ही सदस्यता की रसीदे वितरित की गई। डीएन कालेज पहुंचकर भी छात्र-छात्राओं को पार्टी की नीतियां बताते हुए सदस्यता ग्रहण करायी गई। लगभग 400 छात्रों ने कैम्प में पार्टी की सदस्यता ली। इस अवसर पर सौरभ कटियार, शशांक सक्सेना, जिला प्रवक्ता विवेक यादव, जितेंद्र यादव सिरौली, हर्ष गंगवार, अनुराग यादव, रोहित शाक्य, लायक यादव, राहुल यादव, अश्विनी यादव, आनंद यादव, माजिद अली, राजा पांडे, शिवम गंगवार, अखिल कठेरिया, रवि यादव, तस्लीम खान, विजय अनुरागी, अभिनव यादव, सूर्य यादव, राजपाल यादव, आकाश यादव आदि मौजूद रहे।


सदस्यता रसीद सौंपते प्रभारी सुमित यादव मौजूद अन्य — समृद्धि न्यूज

# बिजली कटौती के चलते व्यापारियों ने विद्युत अधिकारियों का फूंका पुतला

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज

**बिजली की** अघोषित कटौती के खिलाफ व्यापार मण्डल ने अधिकारियों का पुतला फूंका। जिम्मेदार अधिकारी फोन नहीं उठाते है। न ही कोई समस्या के बारे में जानकारी देते है। बीती रात बिजली की कटौती के चलते लोग परेशान हो गये। साथ ही पानी आदि की व्यवस्था भंग हो गयी। गर्मी व उमस के चलते लोगों ने रात जाग कर काटी। दिन में काम करने के बाद भी विद्युत कटौती होती है ऐसे में व्यापारी, अधिकारी, कर्मचारी व बच्चे सो नहीं पाते है। गर्मी का प्रकोप व उमस हावी है। युवा व्यापार मण्डल के नगर अध्यक्ष अंकुर मिश्रा ने त्रिपुलिया चौक पर बिजली विभाग के अधिकारियों का पुतला फूंका और चेतावनी दी कि अगर फोन नहीं उठाया तो बिजली विभाग के खिलाफ अनिश्चित कालीन धरना दिया जायेगा। पुतला फूंकने के दौरान कोतवाली प्रभारी भी डटे रहे। वहीं पुलिस ने पुतला छीनकर बुझाया। इस मौके पर रोहन कश्यप, राजा, मोनू मिश्रा, गोविंद बाथम, हिमांशु गुप्ता, अमित वर्मा, मुनव्वर अली, सबलू खान, शिवम श्रीवास्तव, अंकित ठाकुर, राजेंद्र चौहान, अशोक यादव, गोविंद दीक्षित आदि लोग मौजूद रहे।



## खबरें एक नजर में

### एनडीपीएस के आरोपी को सात माह का कारावास

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** अपर जिला जज विशेष एनडीपीएस न्यायाधीश अंकित कुमार मित्तल ने कक्कड़ उर्फ संतोष पुत्र लालाराम कंजड़ निवासी मोहल्ल प्रेमनगर कायमगंज को दोषी करार देते सात माह का कारावास व बीस हजार रुपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया है। बीते 14 वर्षो पूर्व कोतवाली कायमगंज में तैनात उपनिरीक्षक रामचरन मय हमराही रमेश चंद्र, ओमवीर के साथ देखरेख शांति व्यवस्था व वांछित अपराधियो की गिरफ्तारी करने के लिए क्षेत्र में भ्रमण कर रहे थे, तभी मुखबिर द्वारा सूचना मिली की एक व्यक्ति कैंसर खाँ का अड्डा के सामने नशीला पाऊडर लिए खड़ा है। घेराबंदी कर उसे पकड़ लिया। जामा तलाशी लेने पर उसके पास से नशीला पदार्थ मिला। पूछताछ करने पर उसने अपना नाम कक्कड़ उर्फ संतोष बताया। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया। विवेचक ने न्यायालय में आरोप पत्र दखिल कर दिया। बचाव पक्ष की दलील व शासकीय अधिवक्ता दिनेश सिंह चौहान की पैरवी के आधार पर न्यायाधीश अंकित कुमार मित्तल ने कक्कड़ उर्फ संतोष को दोषी करार देते हुए सात माह का कारावास व बीस हजार रुपए के अर्थदण्ड से दण्डित किया है।

### अधिवक्ता करेंगे अपर उप जिलाधिकारी के न्यायालय का बहिष्कार

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** बार एसोसिएशन के महासचिव ने जिलाधिकारी को दिये गये पत्र में कहा है कि अपर उप जिलाधिकारी सदर संजय कुमार सिंह कार्यशैली व उपेक्षापूर्ण एवं असंतोषजनक व्यवहार एवं विधिक प्रावधानों के विपरीत निष्पक्ष कार्य न कर पक्षकारों को बुलाकर न्यायिक कार्य प्रभावित करने का आरोप लगाते हुए अधिवक्ताओ ने बार एसोसिएशन को प्रार्थना पत्र दिया था। जिसका समाधान किये जाने हेतु बार एसोसिएशन फतेहगढ़ द्वारा दिनांक 2.07.2024 को आपको इस बावत प्रस्ताव दिया गया था, परन्तु आप द्वारा अनदेखी करते हुए समस्या का समाधान नहीं किया गया। अपर उप जिलाधिकारी सदर की अव्यवहारिक कार्यशैली से आहत होकर अधिवक्तागणों ने 08.08.2024 को समान तथ्यों का प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया। जिस पर आज दिनांक 12.08.2024 को कार्यकारिणी की बैठक आहूत कर प्रस्ताव पर विचार विमर्श किया गया। संजय कुमार सिंह के क्रियाकलापों में कोई बदलाव न होने का कारण सर्वसम्मति से अपर उप जिलाधिकारी सदर के न्यायालय के बहिष्कार का निर्णय सर्वसम्मति से बैठक में लिया गया।

### समाजसेवियों ने कांवड़ियों को वितरित की पानी की बोतले

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** प्रसिद्ध श्रंगी ऋषि की तपोभूमि श्रृंगीरामपुर घाट पर कांवड़ियों युवा समाजसेवियों ने पानी की ठंडी बोतले वितरित की। श्रृंगीरामपुर घाट से सावन के चौथे सोमवार को जलभरकर कांवड़ियों ने भगवान भोलेनाथ का जलाभिषेक किया। खुदागंज स्थित आटा चक्की स्पेलर के संचालक आलोक ठाकुर के नेतृत्व में कांवड़ियों को ठंडा जल वितरित किया गया। बम-बम भोले उद्घोष के साथ कांवड़ियों ने जल भरकर भोलेनाथ को चढ़ाया। रास्ते में जगह-जगह उनका स्वागत किया गया। इस मौके पर आलोक ठाकुर, अनुराग राजपूत, सुधीर राजपूत, प्रदीप सिंह, मुन्ना, डुलडुल ठाकुर, धनराज राजपूत आदि मौजूद रहे।

### सभी अभिकर्ता पौधा लगाकर करें संरक्षित

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** भारतीय जीवन बीमा निगम के केंद्रीय कार्यालय द्वारा सभी मण्डल व सभी जोन को आदेशित किया गया है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के एक वृक्ष मां के नाम आवाह्न पर सभी शाखाओं के लोग वृक्षारोपण करें। लाइफ इंश्योरेंस एजेंट फेडरेशन ऑफ इंडिया शाखा आवास विकास द्वारा अध्यक्ष राजेश कुमार मिश्रा राधे के द्वारा वृक्षारोपण किया गया। उन्होंने कहा कि हम सबका दायित्व है कि पौधे लगाये और उन्हें बच्चों की तरह संरक्षित करें। हजारों पौधे नष्ट हो रहे है। उन्हें बचाने की जरुरत है। इस मौके पर अभिकर्ता प्रशिक्षण केंद्र के प्राचार्य भूपेन्द्र प्रताप सिंह, राजेश राजपूत, विपिन चन्द्र, आशाराम, आशीष यादव, ओमनारायण आदि लोग मौजूद रहे।

### कालोनी के नाम पर ठगी के मामले में मुकदमा दर्ज

**कमालगंज, समृद्धि न्यूज।** प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास कालोनी स्वीकृत होने के नाम पर युवक ने 1 लाख 5 हजार रुपये के जेवरात ले लिये और चंपत हो गया था। पीड़ित ने थाने पहुंचकर पुलिस को तहरीर दी है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया है। जानकारी के अनुसार पीड़ित राजीव कुमार शर्मा पुत्र रामदास शर्मा निवासी कीरतपुर थाना कमालगंज ने पुलिस को दी गयी तहरीर में कहा है कि वह दर्जी का कार्य करके अपने परिवार का पालन पोषण करता है। रविवार को दोपहर में वह अपनी दुकान पर था, तभी उसके घर पर एक व्यक्ति पहुंचा और मेरी पत्नी रीना देवी से कहा कि उसकी प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास कालोनी स्वीकृत हो गयी है। वह ब्लाक बढ़पुर से सर्वे करने आया है। जमानत के तौर पर सोने का सामान देना पड़ेगा। उसकी बातों पर विश्वास करके मेरी पत्नी ने दो टॉप्स सोने के कीमत करीब 45 हजार रुपये, मंगलसूत्र करीब करीब 30 हजार रुपया, एक अंगूठी सोने की कीमत करीब 28 हजार रुपया बरगला कर ले लिये। शाम को जब मैं घर पहुंचा, तो पत्नी ने घटना की जानकारी दी। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल शुरु कर दी है।

# वरिष्ठ नागरिक समाज व परिवार पर बोझ नहीं, बल्कि धरोहर है: राजेश निराला

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज

**सेवानिवृत्त कर्मचारी** एवं पेंशनर्स एसोसिएशन की बैठक में बुजुर्गो का दर्द छलक कर उनकी आंखों व जुबां पर आ ही गया। उन्होंने कहा कि वरिष्ठ नागरिक समाज व परिवार एवं राष्ट्र पर बोझ नहीं है, बल्कि धरोहर है। उनके अनुभवों का लाभ लेकर समाज व राष्ट्र के निर्माण में अहम भूमिका होती है। डिप्लोमा इंजीनियर संघ के सभागार में डा0 वेदप्रकाश भारद्वाज की अध्यक्षता में बैठक सम्पन्न हुई। वरिष्ठ नागरिक दिवस पर जिला स्तरीय कार्यकारिणी की सफलता को ऐतिहासिक रुप से मनाये जाने के लिए जिलाध्यक्ष बीके कटियार ने कहा कि सभी का सहयोग से कार्य सफल होगा। उपाध्यक्ष प्रभु दयाल ने कहा कि कार्यक्रम में एक सैकड़ा से ज्यादा वरिष्ठ नागरिकों को सम्मानित किया जायेगा। अफजल हुसैन ने कर्मचारियों की समस्याओं का निराकरण में अधिकारियों की उदासीनता पर रोष व्यक्त किया। कार्यकारी अध्यक्ष राजेश निराला ने कहा कि वरिष्ठ नागरिक समाज व परिवार पर बोझ नहीं बल्कि धरोहर है। इस अवसर पर सुरेश सक्सेना, अरुण द्विवेदी, राजीव बाजपेयी, अखिलेश मुरारी पाण्डेय, रामनंदन बाथम, हलीम खां, नंदकिशोर शर्मा, सुबोध दीक्षित, विनोद उपाध्याय, राजेश बंसल, विनोद कटियार, ऋषि पाल, दरोगा सिंह यादव, गजेन्द्र यादव, वीरेन्द्र भगोलीवाल, डीके सक्सेना, मुनीश दीक्षित, यदुनाथ सिंह, सत्यदेव दीक्षित, हरिशंकर चतुर्वेदी, ओमपाल सिंह राठौर, पीडी मिश्रा, अमरनाथ आदि लोग मौजूद रहे। संचालन मंत्री अफजल हुसैन ने किया।


बैठक में मौजूद सेवानिवृत्त कर्मचारी पेंशनर्स — समृद्धि न्यूज

# लोक अदालत के लिए बैंक ऋण अदायगी के अब तक 380 मामले चिन्हित


लोक अदालत की तैयारी बैठक में मौजूद अधिकारी

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज

**जिला विधिक** सेवा प्राधिकरण के तत्वाधान में जनपद न्यायाधीश विनय कुमार के निर्देशन में बैंक मामलों संबंधित प्रथम बैठक अपर जिला जज/सचिव के विश्राम कक्ष में सम्पन्न हुई। संचालन न्यायिक अधिकारी सचिव संजय कुमार ने किया। बैंक ऋण अदायगी के संबंधित अधिक से अधिक मामले लोक अदालत के लिए चिन्हित किये जाने के निर्देश दिये गये। बैंक ऋण अदायगी के अब तक 380 मामले चिन्हित किये जा चुके है। बैठक में एलडीएम बीडी वर्मा, प्रबंधक अमरीश कुमार, अमित कुमार, नीरज मौर्या, अमित आदि बैंक अधिकारी मौजूद रहे।

# सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता में छात्रा रिचा यादव ने ब्लाक स्तर पर पाया प्रथम स्थान

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज

**संविलियन विद्यालय** नदौरा विकास क्षेत्र मोहम्मदाबाद की कक्षा 8 की छात्रा रिचा यादव ने काकोरी ट्रेन एक्शन विषय पर आयोजित सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता में प्रतिभाग कर ब्लॉक स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त कर जिला स्तर पर प्रतिभाग किया। विद्यालय के प्रधानाध्यापक अंकित कुमार, अध्यापक नवल किशोर, इकवाल मोहम्मद, अनूप कुमार, विकास कुमार, गौरव चौरसिया, देवेंद्र सिंह, महेंद्र सिंह ने बधाई दी। परीक्षा परिणाम आते ही विद्यालय के सभी छात्र एवं छात्राओं में खुशी की लहर दौड़ गई। बेटियां समाज में गौरवशाली स्थान प्राप्त करें इसके लिए पूरा विद्यालय स्टाफ निरंतर प्रयत्नशील रहता है। विद्यालय के अध्यापक वैभव सोमवंशी प्रतिदिन शैक्षिक नवाचारों के माध्यम से बच्चों को खेल खेल में पढ़ाने का कार्य करते हैं।



छात्रा को सम्मानित करते शिक्षक

# नशा मुक्त अभियान के तहत छात्राओं को दिलायी गई शपथ

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज

**नशा मुक्त** भारत अभियान के अंतर्गत स्वामी विवेकानंद कॉलेज ऑफ नर्सिंग में विद्यार्थियों व स्टाफ को नशा मुक्त की शपथ दिलायी गई। नशा मुक्त भारत अभियान के तहत स्कूलों में विद्यार्थियों के बीच जीवन कौशल और नशीले पदार्थो व दवाओं पर जागरूकता एवं ज्ञान बढ़ाने के उद्देश्य से महाविद्यालय द्वारा शपथ ग्रहण कराई गई।

संस्था डायरेक्टर डा0 सचिन दुबे ने बताया कि स्कूल जाने वाले बच्चों में मादक पदार्थो के सेवन की शुरुआत में रोकथाम की अति आवश्यकता है। जिससे उनमें नशे जैसी बुरे लक्षणों की आदत न पड़े। उन्होंने कहा कि आज के युवा नशे की लत में पड़ जाते है और अपने मां-बाप व परिवार का ध्यान नहीं रखते है। जिसके चलते दुर्घटनायें और हादसा होते है और परिवार टूट जाते है। ऐसे में नशा मुक्त भारत अभियान के तहत जागरुकता बहुत जरुरी है। लोग जागरुक हो और नशे से दूर रहे। इस मौके पर प्रबंधक अनुराग दुबे व अध्यक्ष विनोद अग्निहोत्री ने सभी छात्रों को नशे जैसी बुरी आदतों से दूर रहने की सलाह देते हुए प्रेरित किया। इस दौरान विद्यालय का स्टाफ मौजूद रहा।


नर्सिंग कालेज में नशा मुक्ति की शपथ लेती छात्रायें — समृद्धि न्यूज

# हिन्दूवादी नेताओं ने मजार की दीवार हटाने की उठायी मांग

## नगर मजिस्ट्रेट को सौंपा ज्ञापन

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज

**राष्ट्रीय स्वयं** सेवक संघ के जिला संयोजक भीष्म नगर कानपुर प्रांत के दिनेश सिंह तोमर के नेतृत्व में नगर मजिस्ट्रेट को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में दर्शाया कि फतेहगढ़ में चौराहे पर दूसरे धर्म के लोगों द्वारा मजार बना दी गई है, जो गलत है, जो आर्मी की जमीन है। केंद्रीय विद्यालय की वाउन्ड्रीवाल है। पुलिस का 24 घंटे नाका रहता है। गलत निर्माण को लेकर घोर निंदा की जाती है। गैर धर्मी निर्माण होने से सनातन धर्म को मानने वाले लोगों की भावनायें आहत हुई है। हिन्दूवादी संगठनों ने घटना को लेकर आक्रोश जाहिर किया है। उन्होंने कहा कि एक हफ्ते के अंदर मजार नहीं हटायी गई तो हिन्दू संगठन मजार को जेसीबी के द्वारा हटा देंगे। ऐसे में बड़ी वारदात उत्पन्न हो सकती है। मजार को शीघ्र हटाये जाने की मांग की है। इस मौके पर तरुणदीप, अभिषेक, आर्यन गुप्ता, सुमित, सनी शुक्ला, रीतेश, राहुल कुमार, सौरव, नितिन गुप्ता आदि लोग मौजूद रहे।


नगर मजिस्ट्रेट को ज्ञापन सौंपते हिन्दूवादी नेता

# हिन्दूसेना ने बांग्लादेश में हो रहे हिन्दुओं पर अत्याचार को रोकने की उठायी मांग

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज

**अन्तर्राष्ट्रीय हिन्दू** सेना के महामंत्री अखिलेश पाण्डेय के नेतृत्व में राष्ट्रपति सम्बोधित ज्ञापन उप जिलाधिकारी को सौंपा गया। ज्ञापन में मांग की गई कि लोकहित व समाजहित में हिन्दू सेना मांग करती है कि बांग्लादेश में हिन्दुओं के साथ घोर अत्याचार हो रहा है उसे रोंका जाये। पूरे हिन्दुस्तान के हिन्दू जनता की भावनायें आहत है। इसको लेकर अन्तर्राष्ट्रीय हिन्दू सेना मांग करती है कि बांग्लादेश के खिलाफ विधिक एवं संवैधानिक रुप से कार्यवाही की जाये और भारत को हिन्दू राष्ट्र घोषित किया जाये। भारत से जाने वाली खाद्य पदार्थ, डीजल आदि अन्य सामग्री सेवाओं को पूर्ण रुप से बांग्लादेश न भेजी जाये और बैन लगाया जाये। जिससे पाकिस्तान की तरह बांग्लादेशियों की महंगाई से कमर टूट जाये और हिन्दू समाज के साथ हो रहे अत्याचार को आगे करने से भूल जायेंगे। इस मौके पर उत्कर्ष मिश्रा, जितेन्द्र अग्रवाल, दिनेश चन्द्र शाक्य, अभिनय दीक्षित, राजकुमार, दिवाकर द्विवेदी, कौशलेन्द्र द्विवेदी, विकास राजपूत, अजय प्रताप सिंह, अमित पाण्डेय, शिवेन्द्र मोहन मिश्रा, अनिरुद्ध सिंह आदि लोग मौजूद रहे।


एसडीएम को ज्ञापन सौंपते हिन्दूसेना के पदाधिकारी

# 16 अगस्त को धूमधाम से मनायी जायेगी रानी अवंतीबाई लोधी की जयंती

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज

**अखिल भारतीय** लोधी लोधा लोध महासभा की पत्रकार वार्ता में प्रदेश महामंत्री परशुराम वर्मा व जिलाध्यक्ष महेशचंद्र राजपूत ने बताया कि अमर शहीद वीरांगना अवंतीबाई लोधी की 193वीं जयंती समारोह धूमधाम से मनायी जायेगी। वीरांगना रानी अवंतीबाई लोधी शिक्षण संस्थान रमापुर जसू शमसाबाद में महापर्व के रूप में मनायेगें। उन्होंने बताया कि 16 अगस्त को सुबह 10 बजे से सैकड़ों की संख्या में बाइक रैली रोशनाबाद, हसनापुर, अलेपुर, शमशाबाद, नैगवां, नयानगला, छछोनापुर होती हुई वापस कार्यक्रम स्थल शिक्षण संस्थान पर समापन होगा। जयंती समारोह के मुख्य अतिथि विधायक जलालाबाद हरिप्रकाश वर्मा व कायमगंज विधायक डा0 सुरभि व महासभा के प्रदेश प्रभारी हरिपाल सिंह लोधी एवं प्रदेश उपाध्यक्ष आलोक वर्मा होंगे। बैठक में बेचेलाल राजपूत, अजय राजपूत, सुधीर वर्मा रिंकू, जवाहर सिंह राजपूत, प्रवीन वर्मा, मीडिया प्रभारी अरविन्द राजपूत, रामसरकार राजपूत, रमेश वर्मा आदि मौजूद रहे।


वार्ता में मौजूद लोधी समाज के लोग — समृद्धि न्यूज

# विद्युत विभाग की कम्पनी के खिलाफ भाकियू ने कार्रवाई की उठायी मांग

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज

**भारतीय किसान** यूनियन बलराज के जिलाध्यक्ष कुलदीप सिंह पवन के नेतृत्व में विद्युत समस्या को लेकर कलेक्ट्रेट पहुंचकर साथियों के साथ उपजिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में दर्शाया कि विद्युत विभाग की ल्यूमिनो कंपनी राज्य सरकार एवं जनता के रुपयों का चूना लगा रही है। कम्पनी द्वारा लगाये गये खम्भों की गुणवत्ता व ग्राउडिगं नहीं की जाती है। कम्पनी द्वारा लाइन से निकलने वाली पुरानी बंच केबिल व अन्य सामान किस जगह जमा किया जाता है, कितना बेंचा जाता है, बंच केबिल के अलावा अन्य काफी सामान निकलता है वो कहा जाता है। खम्भों पर नई लाइन डालने पर किसानों से कनेक्शन के नाम पर रुपये लिये जाते हैं, खम्भों पर वाक्स सही ढंग से नहीं लगाये जाते हैं। जिससे फेस में दिक्कत आ रही है। कुछ जगहों पर जनता से रुपये लेकर कम्पनी के ठेकेदार नई लाइन डाल देते हैं। पूछे जाने पर कहे देते कि नई लाइन का काम नहीं हो रहा है। जो लाइनें बिछाई जा रही है। उनमें पुरानी लाइन के अनुसार नई लाइन में गुणवत्ता में बहुत कमी है जिसके लिये विद्युत विभाग भी सक्रिय नहीं हो रहा है। 7 दिवस के अन्दर ल्यूमिनों कम्पनी के कार्य की जांच कराकर दण्डात्मक कार्यवाही नहीं की जाती है तो भाकियू कम्पनी के खिलाफ संयुक्त मोर्चा खोलेगा। जिसकी जिम्मेदारी शासन प्रशासन की होगी। इस मौके पर सोनी शुक्ला, सर्वेश सिंह यादव, हिमांशु सिंह, भूरे, डा0 प्रदीप कुमार, सत्यम राठौर, धीरेन्द्र सिंह यादव, उज्जवल कान्त, अनुराग कुशवाहा, देवेन्द्र राठौर, दिलीप कुमार कठेरिया, डा0 सतेन्द्र राजपूत, मुकेश कुमार शाक्य, तस्लीम मंसूरी, सादाव खान, जितेन्द्र कुमार, प्रमेश यादव, दिनेश कुमार आदि मौजूद रहे।


एसडीएम को ज्ञापन सौंपते किसान नेता — समृद्धि न्यूज

# भूस्खलन से 338 सड़कें बंद, बाढ़ का अलर्ट

## 488 बिजली ट्रांसफार्मर व 116 पेयजल परियोजनाएं प्रभावित होने से राज्य के कई इलाकों में विद्युत आपूर्ति बंद

एजेंसी



**शिमला।** हिमाचल प्रदेश में मानसून के लगातार सक्रिय होने से सामान्य जनजीवन बुरी तरह प्रभावित हुआ है। लगातार हो रही वर्षा के चलते नदी-नालों का जलस्तर बढ़ गया है और जगह-जगह भूस्खलन हुआ है, जिससे राज्य के 12 में से 10 जिलों में चार राष्ट्रीय उच्च मार्ग और 338 सड़कें बाधित हैं। इसके अलावा 488 बिजली ट्रांसफार्मर व 116 पेयजल परियोजनाएं प्रभावित होने से राज्य के कई इलाकों में विद्युत आपूर्ति बंद हो गई है।

मौसम विभाग ने अगले 24 घंटे के दौरान पांच जिलों में बाढ़ की चेतावनी दी है। राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के अनुसार सोमवार सुबह तक प्रदेश में भूस्खलन से चार राष्ट्रीय उच्च मार्ग और 338 सड़कें अवरुद्ध हैं। शिमला जिला में सबसे ज्यादा 104 सड़कें अवरुद्ध हैं। मंडी जिला में 71, सिरमौर में 58, चंबा में 55, सोलन व लाहौल-स्पीति में सात-सात, सोलन में सात, किन्नौर में पांच, कांगड़ा में चार, बिलासपुर में एक सड़क बंद हैं। मंडी जिला में दो नेशनल हाइवे (एनएच-21 व एनएच-70), कुल्लू में एनएच-305 और किन्नौर में एनएच-05 अवरुद्ध हैं। किन्नौर जिला के निगुलसेरी में नेशनल हाइवे-05 पहाड़ी से मलबा व पत्थर गिरने की वजह से बार-बार बाधित हो रहा है। भारी वर्षा से ट्रांसफार्मरों में आई खराबी से नौ जिलों के कई इलाके अंधेरे में डूब गए हैं। ऊना जिला में 173, मंडी में 101, सिरमौर में 100, शिमला में 46, कुल्लू में 34, बिलासपुर में 24, हमीरपुर में छह, चंबा में तीन और किन्नौर में एक ट्रांसफार्मर बंद पड़ा है। इसके अलावा भारी बारिश ने कई जिलों में पेयजल परियोजनाओं को भी नुकसान पहुंचाया है। शिमला में 42, ऊना में 41, सिरमौर में 10, चंबा में नौ, कुल्लू और लाहौल-स्पीति में सात-सात पेयजल परियोजनाएं ठप हैं।

### मुसलाधार बारिश ने कई जगह कहर बरपाया

राज्य में रविवार को हुई मुसलाधार बारिश ने कई जगह कहर बरपाया। ऊना और सिरमौर जिलों में बाढ़ से तबाही हुई है मौसम विज्ञान विभाग ने अगले 24 घंटे के दौरान पांच जिलों में बाढ़ की चेतावनी दी है। चंबा, किन्नौर, मंडी, सिरमौर और शिमला जिलों में बाढ़ की आशंका जताई गई है। इन जिलों के लोगों से नदी–नालों से दूर रहने की अपील की गई है। विभाग ने आगामी 18 अगस्त तक राज्य के मैदानी व मध्यपर्वतीय क्षेत्रों में भारी बारिश का येलो अलर्ट जारी किया है। राज्य में पिछले 24 घंटों में बाढ़ ने कहर बरपाया और तीन लोगों की बहने से मौत हुई, जबकि एक लापता है। वहीं बचाव टीमों ने बाढ़ में फंसे 11 लोगों को सुरक्षित निकाला। हिमाचल से सटे पंजाब के जेजो क्षेत्र में ऊना जिला के एक ही परिवार के नौ लोग मारे गए और दो लापता हैं। बाढ़ से पांच घर और पांच दुकानें ध्वस्त हुई हैं। मौसम विभाग के अनुसार रविवार सायं पांच बजे से सोमवार सुबह साढ़े आठ बजे तक सोलन जिला के कसौली में सर्वाधिक 87 मिलीमीटर बारिश हुई। इसके अलावा ऊना में 86, सिरमौर के पांवटा साहिब में 62, कांगड़ा जिला के पालमपुर में 46, सोलन में 31, हमीरपुर में 29, धौलाकूआं में 26 और धर्मशाला में 21 मिलीमीटर बारिश दर्ज की गई।

# गृहमंत्री अमित शाह से मिले मेघालय के मुख्यमंत्री, बांग्लादेश के मुद्दे पर हुई चर्चा

एजेंसी




**शिलांग।** मेघालय के मुख्यमंत्री कॉनराद के संगमा ने सोमवार को नई दिल्ली में केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह से मुलाकात की। मुलाकात के दौरान मुख्यमंत्री ने बांग्लादेश में व्याप्त संकटपूर्ण स्थिति का पूर्वोत्तर राज्यों पर पड़ रहे प्रभाव पर विस्तार पूर्वक चर्चा की। इस मुलाकात के दौरान मेघालय के उपमुख्यमंत्री प्रेस्टोन तिनसॉन्ग भी मुख्यमंत्री के साथ थे।

गृहमंत्री के साथ इस बैठक में सीमावर्ती क्षेत्रों में रहने वाले लोगों के बीच व्याप्त भय को लेकर चर्चा की गई। बाद में मुख्यमंत्री संगमा ने सोशल मीडिया के जरिए कहा, ÷गृहमंत्री ने बांग्लादेश की स्थिति और पूर्वोत्तर के सीमावर्ती क्षेत्रों में इसके प्रभाव की समीक्षा की। बैठक के दौरान हमारे लोगों की चिंताओं और आशंकाओं को उठाया गया। मुख्यमंत्री ने कहा कि भारत सरकार सीमा सुरक्षा के लिए प्रतिबद्ध है। गृहमंत्री ने नागरिकों से शांति और सद्भाव बनाए रखने की अपील की है।

ढाका स्थित भारतीय सांस्कृतिक केंद्र में एक विख्यात खासी स्वतंत्रता सेनानी यू तिरोत सिंग सियेम की मूर्ति के साथ हुए तोड़फोड़ के बाद मेघालय में बढ़ते तनाव को लेकर गृहमंत्री के साथ बातचीत हुई। इस घटना के कारण मेघालय में आक्रोश व्याप्त हो गया है। इस आक्रोश के कारण सीमा पर व्यापारिक गतिविधियों को तत्काल बंद कर दिया गया है। मुख्यमंत्री संगमा ने बांग्लादेश की अंतरिम सरकार से शांति को बहाल करने की अपील की है। उन्होंने कहा, बांग्लादेश में स्थिति बांग्लादेश के लोगों का आंतरिक मामला है, लेकिन हम चाहते हैं कि अंतरिम सरकार मामले को नियंत्रित करे और जान-माल के हो रहे नुकसान को बचाए।

# पिछले पांच वर्षों में जम्मू-कश्मीर प्रशासन ने प्रदेश को आत्मनिर्भर बनाया : उपराज्यपाल

एजेंसी



**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने सोमवार को कहा कि केंद्र के सक्रिय सहयोग से प्रशासन केंद्र शासित प्रदेश को कर्ज की विरासत से बाहर निकालने और इसे आर्थिक रूप से टिकाऊ क्षेत्र के रास्ते पर लाने में सक्षम है। जम्मू-कश्मीर को 'कर्ज वाले राज्य' के रूप में जाना जाता था, लेकिन पिछले पांच वर्षों से जम्मू-कश्मीर प्रशासन ने प्रदेश को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में काम किया है।

श्रीनगर में अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन केंद्र में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए उपराज्यपाल ने सिन्हा ने कहा कि अगर कोई मुझसे पूछे कि मैं पिछले पांच सालों को कैसे देखता हूं, तो मैं कहूंगा कि ये साल शांति और समृद्धि और उच्च उम्मीदों से भरे थे। लोकसभा चुनावों में लोगों की रिकॉर्ड भागीदारी देखी गई और 58 प्रतिशत मतदान हुआ, जो वास्तव में एक बड़ी उपलब्धि है। उन्होंने कहा कि संसद में पारित जम्मू-कश्मीर का बजट 1.18390 करोड़ रुपये है, जो पिछले साल की तुलना में 30889 करोड़ रुपये अधिक है।

उपराज्यपाल ने कहा कि हमने जम्मू-कश्मीर में लगभग सभी क्षेत्रों में सुधार किया है, चाहे वह बिजली हो, कृषि हो या बुनियादी ढांचा सभी में बहुत बड़ा बदलाव हुआ है। उन्होंने कहा कि पिछले तीन वर्षों में जम्मू-कश्मीर में बिजली दरों में बढ़ोतरी नहीं की गई है और जम्मू-कश्मीर के लोगों को पंजाब, हिमाचल और हरियाणा की तुलना में सस्ती दरों पर बिजली मिल रही है।

उपराज्यपाल ने कहा कि हम जम्मू-कश्मीर में अब तक के सबसे अधिक एटीसी घाटे पर काबू पाने में सक्षम हैं, जो देश में सबसे अधिक था। हमने सुनिश्चित किया है कि जम्मू-कश्मीर में ट्रांसमिशन और वितरण घाटे में 25 प्रतिशत की कमी आए।

## रिश्वत के आरोप में पंजाब के दो प्रोफेसर गिरफ्तार लाखों की नकदी बरामद

**धर्मशाला।** विजिलेंस ब्यूरो धर्मशाला की टीम ने पुलिस स्टेशन रक्कड़ जिला कांगड़ा के तहत पंजाब में कार्यरत दो प्रोफेसर को साढ़े तीन लाख के कैश के साथ गिरफ्तार किया है। दोनों के खिलाफ पुलिस स्टेशन, राज्य सतर्कता और भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो धर्मशाला में मामला दर्ज कर आगामी कार्रवाई की गई है। बीते कल देर शाम इन दोनों को उस समय गिरफ्तार कर लिया गया जब वह पंजाब नंबर की क्रेटा कार से जा रहे थे। पकड़े गए आरोपितों में राकेश चावला निवासी न्यू फ्लैट्स जीएसएस कॉम्प्लेक्स कॉलोनी फरीदकोट, पंजाब और पुनीत कुमार निवासी केसी रोड कॉलोनी, जिला बरनाला पंजाब को हिरासत में लिया गया। एएसपी विजिलैंस धर्मशाला ने बताया कि दोनों पंजाब के दो अलग-अलग विश्वविद्यालयों में प्रोफेसर के रूप में कार्यरत हैं जिनके कब्जे से 3.5 लाख रुपये बरामद किये गये हैं।

# आरबीआई ने आंकड़ों के मानकीकरण पर विशेषज्ञ समिति गठित की

एजेंसी



**मुंबई/नई दिल्ली।** रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (आरबीआई) ने एक विशेषज्ञ समिति गठित की है। रिजर्व बैंक ने नियमित रूप से जारी होने वाले अपने आंकड़ों को वैश्विक मानकों के अनुरूप बनाने के लिए इस समिति का गठन किया है। इस 10 सदस्यों वाली समिति की अध्यक्षता केंद्रीय बैंक के डिप्टी गवर्नर माइकल देवव्रत पात्रा करेंगे।

आरबीआई ने सोमवार को जारी एक बयान में कहा कि डिप्टी गवर्नर माइकल देवव्रत पात्रा की अध्यक्षता में एक विशेषज्ञ समिति का गठन किया गया है। इस समिति में 10 सदस्य होंगे। इस समिति का उद्देश्य नियमित रूप से प्रसारित किए जाने वाले आंकड़ों को वैश्विक मानकों के अनुरूप बनाने के साथ सुधार की गुंजाइश पर मार्गदर्शन प्रदान करना है। रिजर्व बैंक ने आंकड़ों के मानकीकरण पर गठित इस विशेषज्ञ समिति को नवंबर, 2024 के अंत तक रिपोर्ट सौंपने को कहा है। माइकल देवव्रत पात्रा की अध्यक्षता वाली यह समिति अन्य नियमित आंकड़ों की गुणवत्ता का भी अध्ययन करेगी। इस समिति के अन्य सदस्यों में आर. बी. बर्मन (पूर्व चेयरमैन, राष्ट्रीय सांख्यिकी आयोग), सोनाली देसाई (राष्ट्रीय अनुप्रयुक्त आर्थिक अनुसंधान परिषद, नई दिल्ली और मैरीलैंड विश्वविद्यालय, यूएसए), पार्थ रे (निदेशक, राष्ट्रीय बैंक प्रबंधन संस्थान, पुणे) और विमल रॉय (पूर्व अध्यक्ष, राष्ट्रीय सांख्यिकी आयोग शामिल हैं।

# पाक सीरीज के लिए बांग्लादेश टेस्ट टीम में तस्कीन अहमद की वापसी

एजेंसी

**ढाका।** बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड (बीसीबी) ने रविवार को पाकिस्तान के खिलाफ आगामी दो मैचों की टेस्ट सीरीज के लिए 15 खिलाड़ियों की टीम में तस्कीन अहमद को शामिल किया। टेस्ट श्रृंखला 21 अगस्त से रावलपिंडी में शुरू होने वाली है। तस्कीन, जिन्होंने आखिरी बार जून 2023 में टेस्ट खेला था, ने कंधे की चोट के बाद अपनी रिकवरी को प्राथमिकता देने के लिए लाल गेंद वाले क्रिकेट से ब्रेक लिया था, और हाल ही में लाल गेंद वाले क्रिकेट में खेलना चाहते थे।

बीसीबी ने जोर देकर कहा कि वह लंबे समय तक क्रिकेट खेलने में सक्षम हैं। तेज गेंदबाज के चयन पर राष्ट्रीय चयन पैनल के अध्यक्ष गाजी अशरफ हुसैन ने कहा, हमने पांच तेज गेंदबाजों का चयन किया है, इस तथ्य को ध्यान में रखते हुए कि तस्कीन अहमद केवल दूसरा टेस्ट खेलेंगे। उन्होंने पिछले साल जून से कोई टेस्ट नहीं खेला है और हमने उन्हें पाकिस्तान ए के खिलाफ दूसरे चार दिवसीय मैच के लिए ए टीम में शामिल करने का फैसला किया है ताकि उन्हें लंबे समय तक चलने वाले मैचों के लिए लय में लाया जा सके। उन्होंने कहा, इसके अलावा, कुछ तेज गेंदबाज एक दिवसीय मैचों के लिए ए टीम में शामिल हो सकते हैं, इसलिए हमें बैकअप की आवश्यकता थी। हमारे आक्रमण में विविधता है, जिसमें ऐसे गेंदबाज हैं जो तेज गेंदबाजी कर सकते हैं और गेंद को स्विंग भी करा सकते हैं और मैं वास्तव में उन्हें विश्व स्तरीय बल्लेबाजों के खिलाफ प्रदर्शन करते हुए देखने के लिए उत्सुक हूं। बांग्लादेश ए टीम वर्तमान में पाकिस्तान में एक श्रृंखला खेल रही है जिसमें दो चार दिवसीय खेल और तीन एक दिवसीय मैच शामिल हैं। बांग्लादेश की टीम आईसीसी विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के दो मैचों के लिए 12 अगस्त को पाकिस्तान के लिए रवाना होगी। ये मैच रावलपिंडी और कराची में खेले जाएंगे। पहला टेस्ट 21 अगस्त से शुरू होगा जबकि दूसरा मैच 30 अगस्त से शुरू होगा।

## बीएचईएल को डीवीसी से 2800 मेगावाट सुपरक्रिटिकल थर्मल पावर प्रोजेक्ट का ऑर्डर मिला

**हरिद्वार।** भारत हेवी इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड (बीएचईएल) को दामोदर वैली कॉरपोरेशन (डीवीसी) से झारखंड के कोडरमा जिले में 2-800 मेगावाट के सुपरक्रिटिकल थर्मल पावर प्रोजेक्ट की स्थापना के लिए एक महत्वपूर्ण ऑर्डर प्राप्त हुआ है। यह ऑर्डर ऑर्डर अंतरराष्ट्रीय प्रतिस्पर्धा बोली (आईसीबी) के तहत दिया गया है। यह डीवीसी का पहला 800 मेगावाट का प्रोजेक्ट है, जो मौजूदा 2-500 मेगावाट इकाइयों के निकट स्थापित किया जाएगा, जिन्हें बीएचईएल ने ईपीसी आधार पर स्थापित किया था। बीएचईएल और डीवीसी के बीच लंबे समय से साझेदारी है और डीवीसी के झारखंड और पश्चिम बंगाल में स्थित 80 फिसद से अधिक कोयला आधारित बिजली स्टेशन बीएचईएल द्वारा ही स्थापित किए गए हैं। इस प्रोजेक्ट के लिए बीएचईएल के कार्य क्षेत्र में सिविल कार्य के साथ-साथ उपकरणों की आपूर्ति, निर्माण और कमीशनिंग शामिल है।

# बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों पर लगातार हो रहे हमलों की खबरें परेशान करने वाली : प्रियंका

एजेंसी

▸ सभ्य समाज में धर्म, जाति, भाषा या पहचान के आधार पर भेदभाव, हिंसा और हमले अस्वीकार्य

**नई दिल्ली।** कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी वाड्रा ने सोमवार को कहा कि पड़ोसी देश बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों पर लगातार हो रहे हमलों की खबरें परेशान करने वाली हैं और उम्मीद जताई कि वहां की सरकार हिंदुओं, ईसाइयों और बौद्धों की सुरक्षा सुनिश्चित करेगी।

कांग्रेस महासचिव ने कहा कि किसी भी सभ्य समाज में धर्म, जाति, भाषा या पहचान के आधार पर भेदभाव, हिंसा और हमले अस्वीकार्य हैं। उन्होंने एक्स पर लिखा कि पड़ोसी देश बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों पर लगातार हमलों की खबरें विचलित करने वाली हैं। किसी भी सभ्य समाज में धर्म, जाति, भाषा या पहचान के आधार पर भेदभाव, हिंसा और हमले अस्वीकार्य हैं। प्रियंका गांधी ने आगे कहा कि हमें उम्मीद है कि बांग्लादेश में जल्द हालात सामान्य होंगे और वहां की नवनिर्वाचित सरकार हिंदू, ईसाई और बौद्ध धर्म को मानने वाले लोगों के लिए सुरक्षा व सम्मान सुनिश्चित करेगी। इससे पहले सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने अपने पोस्ट में लिखा कि कोई भी समुदाय चाहे वह बांग्लादेश का अलग नज़रियेवाला बहुसंख्यक हो या हिंदू, सिख, बौद्ध या कोई अन्य धर्म-पंथ-मान्यता माननेवाला अल्पसंख्यक, कोई भी हिंसा का शिकार नहीं होना चाहिए।

सपा प्रमुख ने आगे कहा कि भारत सरकार द्वारा इस मामले को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मानवाधिकार की रक्षा के रूप में सख्ती से उठाया जाना चाहिए। ये हमारी प्रतिरक्षा और आंतरिक सुरक्षा का भी अति संवेदनशील विषय है। बांग्लादेश के अंतरिम नेता मोहम्मद यूनुस ने शनिवार को हिंसा प्रभावित देश में अल्पसंख्यक समुदायों पर हमलों की निंदा की और उन्हें जघन्य करार दिया, और युवाओं से सभी हिंदू, ईसाई और बौद्ध परिवारों को नुकसान से बचाने का आग्रह किया। ढाका में समुदाय के नेताओं के अनुसार, देश से भागने के बाद बांग्लादेश में हुई हिंसा में कई हिंदू मंदिरों, घरों और व्यवसायों में तोड़फोड़ की गई, महिलाओं पर हमला किया गया और शेख हसीना की अवामी लीग पार्टी से जुड़े कम से कम दो हिंदू नेताओं की हत्या कर दी गई।



# आईसीसी ने जुलाई महीने के लिए प्लेयर ऑफ द मंथ का ऐलान किया

एजेंसी



**दुबई।** अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने सोमवार को जुलाई के लिए आईसीसी प्लेयर्स ऑफ द मंथ की घोषणा की है। इंग्लैंड के तेज गेंदबाज गस एटकिंसन को जहां वेस्टइंडीज के खिलाफ टेस्ट श्रृंखला में शानदार प्रदर्शन के बाद जुलाई के लिए आईसीसी पुरुष प्लेयर ऑफ द मंथ चुना गया है, वहीं श्रीलंका महिला क्रिकेट टीम की कप्तान चमारी अटापट्टू को आईसीसी महिला प्लेयर ऑफ द मंथ अवॉर्ड के लिए चुना गया है।

आईसीसी पुरुष प्लेयर ऑफ द मंथ पुरस्कार जीतने पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए गस एटकिंसन ने कहा कि आईसीसी प्लेयर ऑफ द मंथ पुरस्कार जीतना वास्तव में सम्मान की बात है। मेरे टेस्ट करियर की शुरुआत अविश्वसनीय रही है। मैंने कभी नहीं सोचा था कि इंग्लैंड के साथ अपनी पहली सीरीज में मुझे इतनी सफलता मिलेगी। उन्होंने कहा कि अपने देश के लिए खेलना और उसका प्रतिनिधित्व करना सम्मान की बात है। मुझे पता है कि आगे बहुत मेहनत करनी है। खासकर श्रीलंका के खिलाफ बड़ी सीरीज आने वाली है।

मैं निरंतरता बनाए रखने और इंग्लैंड को सफल बनाने में अपना सर्वश्रेष्ठ देने के लिए उत्साहित हूं। आईसीसी महिला प्लेयर ऑफ द मंथ विजेता चमारी अटापट्टू ने खुशी व्यक्त करते हुए कहा कि मैं तीसरी बार आईसीसी महिला प्लेयर ऑफ द मंथ के रूप में चुने जाने पर खुश और सम्मानित महसूस कर रही हूं। यह देखकर खुशी हो रही है कि मेरे प्रयासों को, जो मैने मेरे साथियों और कोचों के सहयोग से हासिल किए हैं, क्रिकेट जगत द्वारा लगातार मान्यता दी जा रही है।

### गस एटकिंसन का वेस्टइंडीज के खिलाफ शानदार प्रदर्शन

इंग्लैंड के तेज गेंदबाज एटकिंसन ने सबसे लंबे प्रारूप में अपने अंतरराष्ट्रीय करियर की शानदार शुरुआत की। उन्होंने पिछले महीने घरेलू धरती पर वेस्टइंडीज के खिलाफ तीन मैचों की टेस्ट श्रृंखला में बेहतरीन प्रदर्शन कर कुल 22 विकेट हासिल किए। वह श्रृंखला में सर्वाधिक विकेट लेने वाले गेंदबाज रहे। उन्हें प्लेयर ऑफ द सीरीज का अवॉर्ड मिला। इंग्लैंड ने यह श्रृंखला 3–0 से अपने नाम की।

### श्रीलंका ने जीता पहला महिला एशिया कप का खिताब

जुलाई का महीना अटापट्टू के लिए काफी शानदार रहा, जिसमें उन्होंने कई उपलब्धियां हासिल कीं। अटापट्टू की कप्तानी में श्रीलंका महिला क्रिकेट टीम ने पिछले महीने 28 जुलाई को सात बार की चैंपियन भारतीय महिला टीम को फाइनल में हराकर अपना पहला महिला एशिया कप का खिताब जीता था। श्रीलंकाई कप्तान अटापट्टू ने प्रतियोगिता के दौरान 101.33 की औसत और 146.85 की स्ट्राइक रेट से 304 रन बनाए थे। टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में पाकिस्तान के खिलाफ 63 रन और फाइनल में भारतीय टीम के खिलाफ 61 रन की शानदार पारी खेली थी।

# जीएसके के जागरुकता अभियान से जुड़े बिग बी व मनोज पाहवा

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** जीएसके ने शिंगल्स के प्रति जागरूकता के लिए नया कैंपेन लॉन्च किया इस कैंपेन में सदी के महानायक अमिताभ बच्चन एवं प्रतिष्ठित अभिनेता मनोज पाहवा चिकनपॉक्स और शिंगल्स के बीच के वैज्ञानिक संबंधों के बारे में विस्तार से समझाते हुए नजर आएंगे।

कैंपेन फिल्मों में शिंगल्स के बारे में चर्चा कर रहे दो दोस्तों के बीच की सामान्य बातचीत को ही केंद्र में रखा गया है। इसमें डायबिटीज से पीड़ित लोगों में शिंगल्स की अधिक आशंका के बारे में भी विमर्श किया गया है। जीएसके की पेशेंट एम्पावरमेंट हेड विज्ञेता अग्रवाल ने कहा 2023 का एपीआई-इप्सॉस सर्वे दिखाता है कि यहां तक कि जिन लोगों को शिंगल्स हो चुका है उन्हें भी अपनी इस दर्दभरी बीमारी का कारण नहीं पता होता है यह जरूरी है कि 50 साल से अधिक उम्र के सभी लोगों को शिंगल्स और इससे बचाव के बारे में पता हो। हम शिंगल्स होने के वैज्ञानिक कारणों और चिकनपॉक्स एवं शिंगल्स के बीच के संबंधों को सामान्य तरीके से समझाना चाहते हैं अमिताभ बच्चन में देश के हर कोने के लोगों से जुड़ने की अद्भुत क्षमता है हमें विश्वास है कि कैंपेन में उनके होने से हमें ज्यादा से ज्यादा लोगों विशेष रूप से बड़ी उम्र के लोगों तक पहुंचने और उन्हें शिंगल्स एवं इससे बचाव के तरीकों के बारे में अपने डॉक्टर से सलाह लेने के लिए प्रेरित करने में मदद मिलेगी। इस अभियान को लेकर मनोज पाहवा ने कहा मैं उस आयु वर्ग में आता हूं, जिसमें शिंगल्स होने का खतरा रहता है जीएसके के शिंगल्स जागरूकता अभियानों के माध्यम से मैंने इस दर्दभरी बीमारी और इससे जुड़े खतरों के बारे में काफी कुछ जाना है मैंने स्वास्थ्य संबंधी कई समस्याओं का सामना किया है।

## खबरें एक नजर में

### धनलक्ष्मी बैंक को पहली तिमाही में आठ करोड़ का घाटा

**नई दिल्ली।** निजी क्षेत्र के धनलक्ष्मी बैंक ने चालू वित्त वर्ष 2024–25 की पहली तिमाही अप्रैल–जून के नतीजे का ऐलान कर दिया है। अप्रैल–जून तिमाही में बैंक को आठ करोड़ रुपये का घाटा हुआ है। बैंक ने इससे पिछले वित्त वर्ष 2023–24 की समान तिमाही में 28 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ कमाया था। बैंक ने सोमवार को शेयर बाजार को दी जानकारी में बताया कि चालू वित्त वर्ष 2024–25 की अप्रैल–जून तिमाही में उसकी कुल आय घटकर 338 करोड़ रुपये रह गई है। इससे पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही में उसकी आय 341 करोड़ रुपये था। बैंक के मुताबिक 30 जून, 2024 को समाप्त तिमाही में ब्याज से अर्जित आय 306 करोड़ रुपये रही, जो इससे पिछले वित्त वर्ष की इसी अवधि में 289 करोड़ रुपये थी। इस दौरान बैंक की सकल गैर–निष्पादित आस्तियां (एनपीए) घटकर 4.04 फीसदी रह गईं, जो पिछले साल जून के अंत में 5.21 फीसदी रही थीं। उल?लेखनीय है कि धनलक्ष्मी बैंक निजी क्षेत्र का एक बैंक है। इस बैंक की स्थापना 1927 में हुई। भारत में कार्यरत इस बैंक का मुख्यालय केरल के त्रिशूर में स्थित

### आर्थिक अराजकता फैलाने की कोशिश हो रही है : रविशंकर

**नयी दिल्ली।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने हिंडनबर्ग की रिपोर्ट के मुद्दे पर विपक्ष पर निशाना साधते हुए इसे देश में आर्थिक अराजकता फैलाने की कोशिश करार दिया है। भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री रविशंकर प्रसाद ने सोमवार को कांग्रेस सहित अन्य विपक्षी दलों पर इस मुद्दे पर हमला करते हुए कहा कि भारत में आर्थिक अराजकता फैलाने की कोशिश की जा रही है। उन्होंने हिंडनबर्ग की रिपोर्ट को विपक्ष की साजिश बताया और कहा कि यह देश को आर्थिक रूप से बर्बाद करने की कोशिश है। उन्होंने इसके लिए कांग्रेस को जिम्मेदार ठहराया। उन्होंने कहा कि रिपोर्ट में जो आरोप लगाए गए हैं, उनका सिक्योरिटीज़ एंड एक्सचेंज बोर्ड ऑफ़ इंडिया (सेबी) प्रमुख माधबी पुरी बुच ने जवाब दे दिया है। श्री प्रसाद ने कहा कि कांग्रेस हिंडनबर्ग के साथ मिलकर काम कर रही है। उन्होंने कहा कि टूलकिट वालों को देश से कोई मतलब नहीं है। उन्होंने हिंडनबर्ग के आरोपों को पूरी तरह से निराधार बताते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के खिलाफ़ एजेंडा चलाया जा रहा है।

### कानोता बांध में डूबने से पांच युवकों की मौत

**जयपुर।** राजस्थान की राजधानी जयपुर के कानोता बांध में पिकनिक मनाने गये पांच युवकों की डूबने से मौत हो गई। जयपुर के शास्त्रीनगर और झोटवाड़ा के रहने वाले छह युवक रविवार को कानोता बांध पर घूमने गए थे। तभी नहाते समय एक साथी डूब गया। जिसे बचाने के प्रयास में पांच साथी पानी में कूद गए। हालांकि इनमें से एक राज बृजवासी जैसे–तैसे सुरक्षित बाहर निकल आया। मृतकों की पहचान हर्ष नागौरा, विनय मीना, विवेक माहोर, अजय माहोर और हरकेश मीना के रूप हुई है। घटना की सूचना पर पुलिस एवं प्रशासन ने मौके पर पहुंचकर बचाव अभियान चलाया और देर रात पांचों युवको के शव बाहर निकाले गये।

### उत्तर बंगाल में छह कांवड़ तीर्थयात्रियों की सड़क हादसे में मौत

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल में बागडोगरा के मुनि चाय बागान इलाके में सोमवार सुबह सड़क हादसे में छह कांवड़ तीर्थयात्रियों की मौत हो गई। यह हादसा 31 नंबर राष्ट्रीय राजमार्ग पर हुआ। यह श्रद्धालु भगवान शंकर का जलाभिषेक करने के लिए पैदल जंगलीबाबा मंदिर जा रहे थे। रास्ते में एक बेकाबू कार ने इनको चपेट में ले लिया। हादसे में कुछ अन्य लोगों के घायल होने की सूचना है। श्रावण मास का अंतिम सोमवार होने के कारण बिहार के सुजापुर से बाबाधाम के तीर्थयात्रियों को लेकर आ रही कार के चालक ने अचानक नियंत्रण खो दिया। इसके बाद कार पैदल जा रहे कांवड़ियों को को टक्कर मारते हुए पास के नाले में जा गिरी। पुलिस ने घायलों और शवों को अस्पताल पहुंचाया। अभी तक किसी की पहचान नहीं हो सकी है।

### दिग्गज क्रिकेटर ग्राहम थोर्प ने आत्महत्या की : अमांडा

**लंदन।** लंबे समय से अवसाद और चिंता से जूझ इंग्लैंड के पूर्व क्रिकेटर ग्राहम थोर्प ने आत्महत्या की थी। यह जानकारी थोर्प के परिवार ने एक साक्षात्कार में साझा की है। ग्राहम थोर्प की पत्नी अमांडा ने माइकल एथरटन को द टाइम्स से बातचीत में बताया है कि वो लंबे समय से डिप्रेशन से जूझ रहे थे और अवसाद के कारण उन्होंने आत्महत्या की थी। उन्होंने बताया कि वह अफगानिस्तान के मुख्य कोच के रूप में काम कर रहे थे। लेकिन मई 2022 में अपनी जान लेने के पिछले प्रयास के बाद उन्हें अस्पताल में रखा गया था। थार्प की तबीयत में सुधार हो रहा था। लेकिन, बीच–बीच में वो गहरे अवसाद में भी चले जा रहे थे। हमने एक परिवार के रूप में उनका समर्थन किया और इलाज का पूरा प्रयास। लेकिन दुर्भाग्य से उनमें से कोई भी वास्तव में काम नहीं कर रहा था। उन्हें वास्तव लगता था कि उनके बिना हम बेहतर रहेंगे और हम इस बात से बहुत दुखी हैं कि उन्होंने इस पर काम किया और अपनी जान ले ली। ग्राहम सबसे बड़ी बेटी किट्टी ने कहा, फ़हमें इसके बारे में बात करने में कोई शर्म नहीं। इसमें छिपाने जैसा कुछ भी नहीं है और यह कोई कलंक नहीं। अब समय आ गया है कि हम यह खबर साझा करें, चाहे यह कितनी भी भयानक क्यों न हो। वो जीवन से प्यार करते थे और हमसे भी प्यार करते थे। लेकिन उन्हें कोई रास्ता नहीं सूझ रहा था।

### भारती ने यूके-बीटी ग्रुप पीएलसी में किया रणनीतिक निवेश

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** भारतीय टेलीकॉम, डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर और स्पेस कम्युनिकेशंस में विश्व स्तरीय कंपनियों वाले प्रमुख भारतीय व्यापार समूह, भारती एंटरप्राइजेज (भारती) की अंतरराष्ट्रीय निवेश शाखा, भारती ग्लोबल ने अल्टिस यूके से बीटी ग्रुप पीएलसी के जारी शेयर पूंजी में लगभग 24.5 प्रतिशत हिस्सेदारी हासिल करने के लिए साझेदारी की । शेयरों की खरीदारी भारती ग्लोबल द्वारा स्थापित और पूर्ण रूप से स्वामित्व वाली कंपनी, भारती टेलिवेंचर्स यूके लिमिटेड के माध्यम से की जाएगी। भारती टेलिवेंचर्स यूके लिमिटेड ने अल्टिस यूके के साथ एक कानूनी रूप से अनिवार्य समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं, जिसके तहत बीटी ग्रुप की जारी पूंजी का लगभग 9.99 प्रतिशत हिस्सा शीघ्र ही अधिग्रहीत किया जाएगा और शेष लगभग 14.51 प्रतिशत हिस्सेदारी आवश्यक नियामक स्वीकृत मिलने के बाद अधिग्रहीत की जाएगी। यह निवेश दूरसंचार क्षेत्र में दोनों देशों के बीच नए तालमेल बनाने में मदद करेगा, विशेष रूप से एआई और 5जी अनुसंधान और विकास तथा कोर इंजीनियरिंग के क्षेत्रों में, जिससे उद्योग की बेस्ट प्रैक्टिसस और नई टेक्नोलॉजी पर सहयोग करने की अपार संभावनाएं उत्पन्न होंगी। श्रविण भारती मित्तल, भारती ग्लोबल के प्रबंध निदेशक और दीर्घकालिक वैश्विक टेक निवेश फंड– अनबाउंड के संस्थापक ने कहा, हम दुनिया भर में तकनीक के क्षेत्र में निवेश के अवसर तलाशते हैं, जैसे डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर और सॉफ्टवेयर। भारती के साथ लंबे समय के संबंध के कारण बीटी में महत्वपूर्ण हिस्सेदारी हासिल करने का मौका मिलने पर खुशी हो रही है।

### हजारीबाग में हवलदार की हत्या कर अस्पताल से कैदी फरार

**हजारीबाग।** हजारीबाग में सुरक्षा में बड़ी चूक का मामला सामने आया है। शेख भिखारी मेडिकल अस्पताल में भर्ती कैदी मो शाहिद अंसारी ने सोमवार की सुबह सुरक्षा में तैनात पुलिसकर्मी चौहान की हत्या कर फरार हो गया। इस घटना के बाद अफरा–तफरी फैल गई। घटना के बाद पूरे पुलिस–प्रशासनिक महकमे में हड़कंप मच गया। घटना की सूचना पाते ही हजारीबाग डीसी नैंसी सहाय,एसपी अरविंद कुमार सिंह, सदर एसडीपीओ कुमार शिवाशीष समेत कई पुलिस के वरीय अधिकारी घटना स्थल पर पहुंचे ।